CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32° C
न्यूनतमः 25° C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 28 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करणः वर्ष 26 अंक 166 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 2 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



छोटे उद्योग अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभः राष्ट्रपति मुर्मू पेज 2



आईसीसी ने क्रिकेट के छह नियमों में किए बदलाव खेल टाइम्स




वो आपातकाल था तो ये क्या है... संपादकीय



ईरान को 2.5 लाख करोड़ देने की तैयारी में अमेरिका पेज 12

# डोनाल्ड ट्रम्प के दोहरे मुखोटे से कई देश दुखी

## अमेरिकी राष्ट्रपति का दावाः चीन से बड़ा समझौता भारत से होगा

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि व्हाइट हाउस ने एक दिन पहले चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और आने वाले दिनों में भारत के साथ इससे भी बड़ा एक और समझौता हो सकता है।

अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने ब्लूमबर्ग टीवी को बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। हालांकि उन्होंने और श्री ट्रम्प ने इस समझौते के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। श्री ट्रम्प ने गुरुवार देर रात कहा कि हमने अभी-अभी चीन के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कदम मई के शुरू में जिनेवा में अमेरिका-चीन वार्ता के बाद उठाया गया है, जिसके कारण दोनों पक्षों ने बड़े पैमाने पर टैरिफ बढ़ोतरी को स्थगित कर दिया था। इसकी वजह से दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को बहुत नुकसान पहुंच रहा था और दोनों देशों के बीच व्यापार प्रभावित हो रहा था। श्री लुटनिक ने कहा कि राष्ट्रपति इन समझौतों को खुद ही पूरा करना पसंद करते हैं। वे समझौता करने वाले हैं। हम एक के बाद एक समझौता करने जा रहे हैं। श्री ट्रम्प ने आगे कहा कि अमेरिका जल्द ही भारत के साथ बहुत बड़ा समझौता कर सकता है, हालांकि उन्होंने इसका खुलासा नहीं किया है।



### कृषि सेक्टर में अमेरिका को ज्यादा मार्केट एक्सेस नहीं देना चाहता भारत

**नई दिल्ली।** भारत नहीं चाहता कि अमेरिकी मांगों जैसे- कृषि और ऑटोमोबाइल सेक्टर को भारतीय मार्केट में ज्यादा जगह मिले, क्योंकि इससे घरेलू कारोबारियों को नुकसान हो सकता है। भारत चाहता है कि डील दोनों देशों के लिए ज्यादा से ज्यादा बैलेंस्ड हो। सूत्रों का कहना है कि कृषि उत्पादों, खासकर मक्का और सोयाबीन पर टैरिफ में छूट की अमेरिकी मांग डील को अटकने वाला मुद्दा बन गया है। खबर है कि भारत अमेरिकी कृषि में प्रचलित जेनेटिकली मॉडिफाइड फसलों के लिए अपने बाजार को खोलने के मामले में सावधानी बरत रहा है।

# जज होना नौ से पांच की नौकरी नहींः सीजेआई

नागपुर, वार्ता

- एक जज अकेले काम नहीं कर सकता है
- यह देश की सेवा, लेकिन कठिन काम
- कॉलेजियम पर कहा- जाति और धर्म चयन के मानदंड नहीं



**सुप्रीम कोर्ट** के चीफ जस्टिस बीआर गवई का कहना है कि एक जज अकेले काम नहीं कर सकता है। जज होना नौ से पांच की नौकरी नहीं है। यह राष्ट्र की सेवा है, लेकिन यह एक कठिन काम भी है।

सीजेआई गवई छत्रपति संभाजी नगर में बॉम्बे हाईकोर्ट, औरंगाबाद बेंच की एडवोकेट यूनियन की तरफ से रखे गए अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को सभी जजों के सर्वोच्च न्यायालय के रूप में काम करना चाहिए, न कि केवल भारत के मुख्य न्यायाधीश के, इसलिए सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए जाने चाहिए। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि वे महाराष्ट्र के कोल्हापुर में बॉम्बे हाईकोर्ट की बेंच स्थापित करने की मांग का समर्थन करते हैं। न्याय हर नागरिक को हर कोने में उपलब्ध होना चाहिए। बॉम्बे हाईकोर्ट में वर्तमान में मुंबई की मेन बेंच के अलावा गोवा, औरंगाबाद और नागपुर में सर्किट बेंच हैं। जस्टिस गवई ने कहा कि एक जज को समाज में घुलना-मिलना चाहिए। इससे समाज की समस्याओं व प्रश्नों को समझा जा सकता है और न्याय के माध्यम से उनका समाधान किया जा सकता है। सीजेआई ने कहा कि जब भी हाईकोर्ट की कोल्हापुर बेंच की मांग की गई है, मैंने समर्थन किया। औरंगाबाद बेंच का उदाहरण दिया है। औरंगाबाद बेंच में बॉम्बे बेंच की तुलना में ज्यादा मामले दायर किए जाते हैं। हर सुनवाई के लिए हर किसी के लिए बॉम्बे आना आर्थिक रूप से संभव नहीं है। हर नागरिक को हर कोने में बिना ज्यादा समय और पैसा खर्च किए न्याय मिलना चाहिए।

## ब्रिटेन का फाइटर जेट एफ-35बी भारत में ही ठीक होगा

**तिरुअनंतपुरम।** ब्रिटिश रॉयल नेवी का फाइटर जेट एफ-35 अब भारत में ठीक होगा। इसके लिए ब्रिटेन से 40 इंजीनियरों की टीम और 2 टो व्हीकल आएंगी। टीम फाइटर जेट में आ रही टेक्निकल प्रॉब्लम को ठीक करेगी, जिसके बाद यह ब्रिटेन के लिए उड़ान भरेगा। फाइटर जेट 14 जून की रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। जेट 13 दिन से एयरपोर्ट पर ही खड़ा है। 918 करोड़ रुपये का यह विमान ब्रिटेन की रॉयल नेवी के एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। इसे दुनिया भर में सबसे एडवांस्ड फाइटर जेट में से एक माना जाता है।

## विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ यात्रा का शुभारंभ

**पुरी।** ओडिशा में पुरी स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर के पीठासीन देवताओं, भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा का नौ दिवसीय प्रवास शुक्रवार सुबह 'हरिबोल' और 'जय जगन्नाथ' के जयघोष और मंदिर नगरी में मंजीरों की लयबद्ध झंकार के बीच शुरू हुआ। दुनियाभर में विख्यात इस वार्षिक रथ यात्रा देखने के लिए लाखों श्रद्धालु इस तीर्थ नगरी में आए हुए हैं। वे 12वीं शताब्दी के मंदिर के 'लायंस गेट' से गुंडिचा मंदिर तक फैले तीन किलोमीटर लंबे 'बड़ा डांडा' (विशाल मार्ग) ग्रैंड रोड पर एकत्रित हुए।

## जगन्नाथ रथयात्रा में डीजे की आवाज से हाथी हुआ बेकाबू

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शुक्रवार सुबह 10 बजे एक हाथी बेकाबू हो गया और 100 मीटर तक भागा। इसके बाद रथ यात्रा में भगदड़ सी मच गई। लोग इधर-उधर भागते दिखे। बेकाबू हुआ हाथी 17 हाथियों के ग्रुप में सबसे आगे चल रहा था। जानकारी के मुताबिक, हाथी डीजे और सीटी की आवाज से बेकाबू हुआ था। हाथी को वन विभाग के अमले ने दो मादा हाथियों की मदद से काबू में किया। इसके बाद उसे और दोनों मादा हाथियों को जुलूस से हटा दिया गया। बाकी यात्रा में 14 हाथी शामिल हुए।

## महादेश्वर हिल्स में बाघिन और चार शावकों की मौत

**चामराजनगर।** कर्नाटक के माले महादेश्वर हिल्स वन्यजीव अभयारण्य में एक मादा बाघ और उसके चार शावकों की मौत से वन्यजीव प्रेमी काफी आहत हुए हैं। वन मंत्री ईश्वर खांदरे ने इन मौतों की पुष्टि करते हुए इस घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने गुरुवार को एक बयान में कहा कि हम इस घटना से स्तब्ध और दुखी हैं। माले महादेश्वर हिल्स में एक बाघिन और चार शावकों की मौत हो गई है। मैंने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इनकी मौत के कारणों का पता लगाने के लिए वन्यजीव प्रोटोकॉल के अनुसार पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# पंजाब में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम

मोहाली, वार्ता

- एसएसओसी ने आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा के तीन सदस्य किए गिरफ्तार

**पंजाब में** मोहाली स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी मॉड्यूल का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम सहजपाल सिंह और विक्रमजीत सिंह हैं। दोनों अमृतसर ग्रामीण के रामदास के निवासी हैं। इसके अलावा एक किशोर को भी पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से दो हैंड ग्रेनेड, एक ग्लॉक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस गिरफ्तारी के साथ एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है जिससे कई निर्दोष लोगों की जान बच गई है। डीजीपी ने कहा कि इस मॉड्यूल को ब्रिटेन में रह रहे निशान सिंह और पाकिस्तान में रह रहे आतंकवादी हरविंदर रिंदा संचालित कर रहे थे। यह समूह अमृतसर क्षेत्र में पुलिस प्रतिष्ठानों पर हमले और लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की साजिश रच रहा था। इस संबंध में थाना एसएसओसी मोहाली में भारतीय न्याय संहिता और विस्फोटक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच जारी है तथा कुछ और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है।

## गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां और उनके बॉडीगार्ड की गोली मारकर हत्या

**बटाला।** पंजाब के बटाला में गुरुवार देर रात को कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां हरजीत कौर और उसके बॉडीगार्ड करणवीर की दो अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात देर रात बटाला के कादियां टोल बैरियर के पास हुई। जानकारी के अनुसार, करणवीर सिंह और हरजीत कौर स्कॉर्पियो में जा रहे थे। तभी बाइक पर आए हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। हत्या की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। गोली लगने से करणवीर सिंह की घटना स्थल मौत हो गई, जबकि हरजीत कौर गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें बटाला से अमृतसर रेफर किया गया, जहां उन्होंने भी दम तोड़ दिया। मरने वाला बॉडीगार्ड करणवीर सिंह जग्गू के मामा का बेटा बताया जा रहा है।

# चीन सीमा पर स्थायी शांति के लिए जटिल मुद्दों का समाधान जरूरीः राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, वार्ता

**रक्षा मंत्री राजनाथ** सिंह ने चीन सीमा पर स्थायी शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने तथा तनाव कम करने के लिए सुव्यवस्थित तंत्र के माध्यम से लंबित जटिल मुद्दों को सुलझाने की जरूरत पर बल दिया है।

श्री सिंह ने चीन के किंगदाओ में गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक से इतर रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून के साथ द्विपक्षीय बैठक में स्थापित व्यवस्था को पुनः सक्रिय कर सीमा विवादों के स्थायी समाधान पर बल दिया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि दोनों नेताओं ने भारत-चीन सीमा पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता पर गहन विचार-विमर्श किया।



### राजनाथ ने की रूसी समकक्ष के साथ एस-400 प्रणाली और सुखोई-30 के उन्नयन पर चर्चा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद रूस के अपने समकक्ष के साथ पहली महत्वपूर्ण बैठक में वायु सेना के बेड़े के प्रमुख लड़ाकू विमान सुखोई -30 के उन्नयन, वायु रक्षा प्रणाली एस-400 और मिसाइलों तथा अन्य महत्वपूर्ण साजो-सामान की खरीद तथा आपूर्ति के बारे में गहन विचार विमर्श किया।

## केदारनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड, यात्री फंसे

**नई दिल्ली।** देश में दिल्ली को छोड़कर सभी राज्यों में बारिश हो रही है। अब तक सामान्य से 12.3 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। 26 जून तक देश में सामान्य रूप से 134.3 मिमी होनी चाहिए थी, लेकिन 146.6 एमएम हो चुकी है। उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते केदारनाथ हाईवे एक बार फिर मुनकटिया इलाके में लैंडस्लाइड के कारण बंद हो गया है। रास्ते पर लगातार पत्थर और मलबा गिर रहा है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं और यात्रियों को जंगल के वैकल्पिक रास्तों से सुरक्षित निकाल रही हैं। इस बीच देश में बारिश के चलते मौतों का आकड़ा भी बढ़ने लगा है। हिमाचल के कुल्लू जिले में बादल फटने से अब तक 5 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 7 से ज्यादा लापता हैं।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश: जांच टीम में यूएन अफसर शामिल नहीं होगा

अहमदाबाद, वार्ता

- सरकार ने संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव ठुकराया, ब्लैक बॉक्स का डेटा रिकवर हुआ
- जांच एजेंसी ब्लैक बॉक्स से रिकवर हुए डेटा का विश्लेषण करेगी

**अहमदाबाद में** 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान क्रैश की जांच टीम में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अधिकारी को शामिल नहीं किया जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र की विमानन एजेंसी आईसीएओ (इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गेनाइजेशन) ने भारत सरकार को अपने एक अधिकारी की मदद देने की पेशकश की थी। यह अधिकारी पहले से ही भारत में मौजूद था, लेकिन भारतीय अधिकारियों ने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया। इंडिया टुडे ने रिपोर्ट्स के हवाले से ये खबर दी है। वहीं, हादसे के बाद प्लेन का ब्लैक बॉक्स के डेटा को रिकवर कर लिया गया है। गुरुवार को सरकार ने बताया कि इसका डेटा डाउनलोड हो गया है। अहमदाबाद में हादसे में 241 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि एक यात्री की जान बच गई थी। वहीं, इस घटना में कुल 270 लोग मारे गए थे। अहमदाबाद प्लेन हादसा में जान गंवाने वाले 251 मृतकों की डीएनए से पहचान हो चुकी है। 245 मृतकों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। आईसीएओ आमतौर पर तब जांच में शामिल होता है जब किसी देश की तरफ से मदद मांगी जाती है। जैसे 2014 में मलेशियन विमान के गिरने और 2020 में यूक्रेनी विमान हादसे में। लेकिन इस बार आईसीएओ ने खुद पहल की थी। भारत की एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इनवेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) इस हादसे की जांच कर रही है, लेकिन एएआईबी ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की। आईसीएओ की तरफ से भी अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हादसे के बाद प्लेन का ब्लैक बॉक्स के डेटा को रिकवर कर लिया गया है। गुरुवार को सरकार ने बताया कि इसका डेटा डाउनलोड हो गया है। मेमोरी मॉड्यूल का एक्सेस भी मिल गया है। अब जांच एजेंसी ब्लैक बॉक्स से रिकवर हुए डेटा का विश्लेषण (एनालिसिस) करेगी। इससे हादसे के कारणों का पता चलेगा। इससे पहले 24 जून को नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने बताया था कि ब्लैक बॉक्स को जांच के लिए विदेश नहीं भेजा जा रहा। इसकी जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) कर रहा है। केंद्र सरकार के अनुसार, क्रैश प्लेन से दो ब्लैक बॉक्स (सीवीआर और डीएफडीआर) सेट मिले हैं। इनमें हादसे के समय पायलटों की बातचीत और विमान की तकनीकी जानकारी का रिकॉर्ड मिलेगा। पहला सेट 13 जून को और दूसरा 16 जून को बरामद किया गया।



# रिहाई में देरी पर उप्र को देना पड़ा 5 लाख मुआवजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कोर्ट ने मुआवजा राशि प्राप्त होने की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के जमानती आदेश का पालन करने में करीब एक माह की देरी के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को पांच लाख रुपये का मुआवजा देना पड़ा।

न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ के समक्ष उत्तर प्रदेश सरकार के अधिवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि अदालती आदेश का पालन करते हुए संबंधित पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा दे दिया गया है। अदालत के समक्ष पीड़ित व्यक्ति के अधिवक्ता ने उक्त मुआवजा राशि प्राप्त होने की पुष्टि की। शीर्ष अदालत ने आरोपी व्यक्ति को जेल से रिहा करने में करीब एक माह की देरी के लिए 25 जून को उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई थी और इसके लिए उसे पांच लाख रुपये का मुआवजा संबंधित पीड़ित व्यक्ति को देने का आदेश दिया था। साथ ही, राज्य सरकार से इस संबंध में अनुपालन रिपोर्ट पेश करने का भी आदेश दिया था। शीर्ष अदालत ने आरोपी को 29 अप्रैल को जमानत दे दी थी, लेकिन उसे गाजियाबाद जिला जेल से 24 जून को रिहा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश आम महोत्सव चार जुलाई से लखनऊ में

**लखनऊ( ब्यूरो )।** आम के उत्पादन, निर्यात, प्रसंस्करण को प्रोत्साहित किए जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 का आयोजन चार से छह जुलाई के बीच लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में किया जाएगा। प्रदेश के कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने यहां पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आम के उत्पादन में देश में अगृणी राज्य है। वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 3.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की बागवानी की गई, जो देश कुल क्षेत्रफल का 13.5 प्रतिशत है। इसी प्रकार प्रदेश में 61.46 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन हुआ, जो देश कुल उत्पादन का लगभग 27 प्रतिशत है। सहारनपुर, मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, अमरोहा, बारा. बंकी, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, अयोध्या, लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी आदि आम उत्पादन वाले प्रमुख जिले है।

### जम्मू-कश्मीर के दो वरिष्ठ नेता कांग्रेस में करेंगे वापसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) से जुड़े दो वरिष्ठ नेता कांग्रेस में वापसी करने जा रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, पूर्व मंत्री ताज मोहि. उद्दीन और गुलाम मोहम्मद सरूरी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सैयद नसीर हुसैन, जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में आज औपचारिक रूप से कांग्रेस में शामिल होंगे। उन्होंने अगस्त 2022 में कांग्रेस छोड़ी थी और आजाद की नव गठित पार्टी डीपीएपी में शामिल हो गए। उन्होंने पिछले साल पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

# भाजपा-आरएसएस की सोच संविधान विरोधीः कांग्रेस

■ कांग्रेस इनके मंसूबों को नहीं होने देगी कामयाब

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी-भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ-आरएसएस की विचारधारा संविधान विरोधी है, इसलिए बार बार नए संविधान की मांग की जाती रही है, लेकिन अब इसी विचारधारा के लोगों ने सीधा हमला करते हुए संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द हटाने की मांग शुरु कर दी है।

कांग्रेस ने कहा कि भाजपा आरएसएस की संविधान विरोधी सोच अब खुलकर सामने आ गई है इसलिए आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने संविधान की प्रस्तावना में बदलाव करने की मांग की है। होसबोले का कहना है कि संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवादी' व 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को हटाया जाए। पार्टी ने कहा कि यह बाबा साहेब के संविधान को खत्म करने की साजिश है और आरएसएस भाजपा हमेशा यही साजिश करती रही है।

जब संविधान लागू हुआ था, तो आरएसएस ने इसका विरोध करते हुए संविधान को जलाया था। अब एक बार फिर वे साजिश करने में जुट गए हैं, लेकिन कांग्रेस किसी कीमत इनके मनसूबों को कामयाब नहीं होने देगी। इस बीच कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आरएसएस ने कभी भी भारत के संविधान को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। उसने 30 नवंबर 1949 से ही डा. अंबेडकर, नेहरू और संविधान निर्माण से जुड़े अन्य लोगों पर हमले किए।

# कुछ लोग बिगाड़ रहे यूपी का अमन-चैनः अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ इटावा कथावाचक कांड पर सपा मुखिया फिर गरजे

**लखनऊ।** यूपी के इटावा में कथावाचकों के साथ हुई अभद्रता पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि कुछ लोग यूपी का अमन चैन बिगाड़ रहे हैं।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि भाजपा अपने सेट किए हुए प्लांटेड लोगों के उपनाम का दुरुपयोग करके उप्र के पड़ोसी राज्यों से लोगों को लाकर, समाज को बांटनेवाली जो घुसपैठिया राजनीति प्रदेश में कर रही है, उसका सच बच्चा-बच्चा जानता है। उप्र का समाज कुछ नकारात्मक लोगों की गलतियों से बंटेगा नहीं, बल्कि और भी मजबूत होगा। उन्होंने लिखा कि आज क्या उप्र में एक भी ऐसा भाजपाई नहीं है, जिस पर दिल्ली वाले भरोसा कर सकें? शायद ऐसा ही है तभी तो वो बाहर से लोगों को लाकर षड्यंत्र की नई बिसात बिछा रहे हैं। सच तो ये है कि ये लखनऊ वालों के लिए एक ताल ठोंकती चुनौती है कि उप्र को अस्थिर करने के लिए उप्र की सीमा पार से लोग बार बार अंदर आ रहे हैं और प्रदेश का अमन-चैन बिगाड़ कर आराम से वापस चले जा रहे हैं। उप्र की भाजपा सरकार क्या अब अपने प्रदेश की सीमाएं किसी भी अराजक तत्व के लिए खोल देगी। सपा चीफ ने लिखा कि अगर ऐसा है तो उप्र की भाजपा सरकार खुलकर घोषणा कर दे या फिर उन अराजकतावादी तत्वों के खिलाफ एफआईआर करके तुरंत अपनी पुलिस भेजकर गिरफ्तार करवाए। अगर ये नहीं हुआ, तो कल को उप्र की भाजपा सरकार को ठेंगा दिखाते हुए ऐसे और लोग भी आएंगे और उप्र की जनता मान लेगी कि भाजपा सरकार उप्र में कागजी सरकार बनकर रह गई है, न उसके पास कोई नेतृत्व है और न ही उप्र की कानून-व्यवस्था और यहां कि शांति के लिए कोई प्रतिबद्धता।

### इटावाः हिंसक उपद्रव कांड में गगन यादव समेत 21 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा में कथावाचकों के अपमान के मुद्दे पर दादरपुर गांव में हुए उपद्रव के जिम्मेदार अहीर रेजीमेंट के अध्यक्ष गगन यादव समेत 21 के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इटावा जिले के बकेवर थाने में यह मुकदमा दर्ज किया गया है, मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद पुलिस पूरे प्रकरण को लेकर के गहन जांच करने में जुटी हुई है। गगन यादव के 19 उपद्रवी समर्थक गिरफ्तार भी कर लिए गए है,13 वाहनों को जब्त किया गया है,सभी वाहनों को मोटर एक्ट अधि. नियम में कार्यवाही की गई है। गगन यादव के उपद्रवी सभी समर्थकों को जेल भेज दिया गया है।

## 2017 से पहले यूपी था असुरक्षितः योगी

# युवाओं की प्रतिभा को बनाएंगे प्लेटफॉर्म



■ इटावा कथावाचक कांड पर सियासत के बीच सीएम का बड़ा बयान
■ हमारे सामने जाति नहीं, प्रतिभा रखती है मायने
■ यूपी का निर्यात आज दो लाख करोड़ तक पहुंच गया

**लखनऊ, वार्ता**

इटावा कथावाचक कांड पर सपा की ओर से लगाए जा रहे गंभीर आरोप के बीच सीएम योगी आदित्यनाथ ने बड़ा बयान दिया है। सीएम ने बिना नाम लिए सपा पर निशाना साधा। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले का यूपी दंगों के रूप में,माफिया , गिरोह के रूप में, बेटी और व्यापारियों के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश के रूप में जाना जाता था। जातीय संघर्ष कराकर , परिवारवाद के नाम पर एक जनपद-एक माफिया देना ही पिछली सरकारों की उपलब्धि रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केवल अपने परिवार के लिए काम करती थीं, पिछली सरकारें, एक जिला एक माफिया देने का काम किया था।

एमएसएमई कार्यक्रम में सीएम योगी उत्तर प्रदेश के हर युवा की प्रतिभा और उसकी ऊर्जा का लाभ हम उत्तर प्रदेश के विकास में लगाना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना चाहते हैं, इसलिए हमारे लिए जाति मायने नहीं रखती, हमारे लिए तो उसकी प्रतिभा को एक प्लेटफार्म उपलब्ध करवाने की है और सीएम युवा स्कीम उसी का हिस्सा है। सीएम ने विश्व एमएसएमई दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई नई पहल का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए युवाओं की जाति नहीं, उनकी प्रतिभा मायने रखती है।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से फुरसत नहीं थी, युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा किया गया। उन्होंने कहा कि यूपी का निर्यात आज दो लाख करोड़ तक पहुंच गया है। प्रति व्यक्ति आय भी 46 हजार से बढ़कर 1 लाख 20 हजार पहुंची है। डबल इंजन सरकार में यूपी की जीडीपी 12 लाख 75 हजार करोड़ से बढ़कर 31 लाख करोड़ रुपये हुई। जाति, धर्म या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव को समाप्त कर डबल इंजन सरकार ने सभी को समान अवसर प्रदान किए।

### अब बायोमीट्रिक हाजिरी लगाने पर ही होगी शादी

**लखनऊ।** कमजोर वर्ग की बेटियों को विवाह में सहयोग देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को योगी सरकार ने और अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जनहितकारी रूप दे दिया है। इस योजना के अंतर्गत इस वर्ष एक लाख से अधिक जोड़ों के विवाह कराने का लक्ष्य तय किया है। इस योजना को सख्त निगरानी और तकनीकी माध्यम से जोड़ते हुए लाभार्थियों तक पहुंचाने की व्यापक रणनीति बनाई गई है। इसके साथ ही बायोमीट्रिक उपस्थिति अनिवार्य कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना में वित्तीय सहायता राशि को दोगुना किए जाने के बाद अब इस योजना की निगरानी व्यवस्था को भी और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 से हर जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च कर रही है। मुख्यमंत्री ने कई बार कहा है कि यह योजना सिर्फ विवाह कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक सम्मान, पारदर्शिता और जरूरतमंदों को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि सरकार ने जनपदों में आब्जर्वर तैनात करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक जिले के समाज कल्याण अधिकारी को दूसरे जिले में आब्जर्वर के रूप में भेजा जाएगा।

# अमृत काल में विदेश भेजने के नाम पर रूसी सेना में भर्तीः कांग्रेस

■ युवाओं से भारी भरकम राशि वसूल की

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अमृत काल' में विदेश भेजने के नाम पर जमकर धंधा चल रहा है और देश के युवाओं से भारी भरकम राशि वसूल कर उन्हें धोखे से यूक्रेन से लड़ने के लिए रूसी सेना में भर्ती कराया जा रहा है।

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष तथा पार्टी के लोकसभा सांसद अमर. रंदर सिंह राजा बरार ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी के 'अमृत काल' में जिस तरह के काम हो रहे है, वह बेहद चिंताजनक है। उनका कहना था कि देश के युवाओं को विदेश जाने के नाम पर बहला फुसला कर उनसे मोटी रकम ऐंठी जा रही है और उन्हें धोखे से रूस भेजकर सेना में भर्ती कर सीधे युद्ध के मैदान में भेजा जा रहा है। पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस दौरान जगदीप और खुशबू यादव का परिचय कराते हुए कहा कि इन दोनों के भाई लोग डेढ़ साल से रूस में लापता हैं। उनका कहना था कि दिसम्बर 2023 को 126 लोग एजेंट के माध्यम से विदेश गए थे। वे लोग सिंगापुर, मलेशिया और इटली जाना चाहते थे, लेकिन उनको मॉस्को भेज दिया गया। जगदीप के अनुसार एजेंट के माध्यम से पांच लोग मॉस्को गए थे और इसके बदले उनसे 35 लाख 40 हजार रुपए दिए लेकिन उन्हें इटली भेजने की बजाय मॉस्को भेज दिया गया। उसके बाद मॉस्को की सरकार ने इन लोगों को सेना में भर्ती करा दिया और 15 दिन की ट्रेनिंग देकर उन्हें मशीन गन पकड़ा दी गई। उन्होंने कहा कि इन 126 लोगों में 14 लोग लापता हैं, जिनमें से करीब 100 लोग वापस आ गए हैं, क्योंकि कुछ लोगों को गोली लग गई।



सेंसेक्स 84058.90
निफ्टी 25637.80



सोना रु. 98040
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 107900
प्रति किलो



# अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में प्रगति के संकेत से चढ़ा बजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में प्रगति के संकेतों से यूरोपीय बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, ऊर्जा, तेल एवं गैस, पावर और सर्विसेज समेत 16 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में आज लगातार चौथे दिन मजबूती रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 303.03 अंक की छलांग लगाकर करीब नौ महीने के उच्चतम स्तर और 84 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 84058.90 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले यह 01 अक्टूबर 2024 को 84,266.29 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 88.80 अंक की बढ़ोतरी लेकर 25637.80 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.38 प्रतिशत मजबूत होकर 46,541.25 अंक और स्मॉलकैप 0. 54 प्रतिशत उछलकर 54,249.40 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4165 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2251 में लिवाली जबकि 1760 में बिकवाली हुई, वहीं 154 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए राखी गई कुल 2986 कंपनियों के शेयरों में से 1681 में तेजी जबकि 1229 में गिरावट रही वहीं 76 में टिकाव रहा। बीएसई के 16 समूहों में तेजी का रुख रहा। कमोडिटीज 1.11, ऊर्जा 1.10, एफएमसीजी 0.14, वित्तीय सेवाएं 0. 35, हेल्थकेयर 0.69, इंडस्ट्रियल्स 0. 54, दूरसंचार 0.90, यूटिलिटीज 0. 99, ऑटो 0.30, बैंकिंग 0.39, कैपिटल गुड्स 0.83, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.40, धातु 0.37, तेल एवं गैस 1.21, पावर 1.14 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.17 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.45, जर्मनी का डैक्स 0.71 और जापान का निक्केई 1.43 प्रतिशत उछल गया। वहीं हांगकांग का हैंगसेंग 0.17 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.70 प्रतिशत लुढ़क गया।

# दिल्ली से पटना तक सस्ता हुआ सोना-चांदी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत में शुक्रवार को भी भारी गिरावट रही। प्रति 10 ग्राम सोने और प्रति 1 किलोग्राम चांदी के रेट में कमी देखी गई है। शुक्रवार को 24 कैरेट सोने का रेट 98,950 रुपये की जगह 98,940 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। 22 कैरेट सोने का रेट 90,700 रुपये की जगह 90,690 रुपये प्रति 10 ग्राम है। प्रति 1 किलोग्राम चांदी की कीमत में 100 रुपये की गिरावट आई है। ऐसे में चांदी1,08,000 रुपये की जगह 1,07,900 रुपये बिकी। देश के बड़े चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,090 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,840 रुपये रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,940 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,690 रुपये है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,940 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,690 रुपये है, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,940 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,690 रुपये रही। चांदी की बात करें तो राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमत 1,07,900 रुपये प्रति 1 किलोग्राम है, जबकि मुंबई में चांदी की कीमत 1,07,900 रुपये प्रति 1 किलोग्राम है। वहीं कोलकाता में चांदी की कीमत 1,07,900 रुपये प्रति 1 किलोग्राम है, जबकि चेन्नई में चांदी की कीमत 1,17,900 रुपये प्रति 1 किलोग्राम है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहनः वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 53 रिंगिट बढ़कर 3992 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट की तेजी के साथ 52.67 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए और दाल चना 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई जबकि मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाजः अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहनः चना 5700-5800, दाल चना 6700- 6800, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9200-9300, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3000-3100 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4350-4450 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेलः सरसों तेल 17033 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए, सोया रिफाइंड 14102 रुपए, पाम ऑयल 13333 रुपए और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# रसायनों का छठा सबसे बड़ा उत्पादक है भारत

**तिरुवनंतपुरम।** भारत वैश्विक स्तर पर छठा सबसे बड़ा रसायन उत्पादक है, जिसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में सात प्रतिशत योगदान है।

कार्बनिक और पदार्थ रसायन विज्ञान की वैश्विक प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए सीएसआईआर-एनआईआईएसटी के निदेशक डॉ. सी. आनंदधर्मकृष्णन ने इस क्षेत्र में नवाचार को गति देने के लिए जलवायु-स्मार्ट, कम कार्बन रसायन विज्ञान और एआई और स्वचालन जैसी प्रौद्योगिकियों के एकीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने संस्थान के रासायनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रभाग (सीएसटीडी) द्वारा आयोजित कार्बनिक और पदार्थ रसायन विज्ञान में प्रगति पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एओएमसी-2025) का उद्घाटन करते हुए यह बात कही, जो वैज्ञानिक उत्कृष्टता के 50 वर्षों के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती कॉन्क्लेव श्रृंखला का हिस्सा है। दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य अग्रणी वैज्ञानिकों, उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और युवा शोधकर्ताओं को एक साथ लाना है, ताकि वे कार्बनिक और पदार्थ रसायन विज्ञान के क्षेत्र में हालिया प्रगति और उभरते रुझानों पर चर्चा कर सकें। भारत के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र के विकास पर विचार करते हुए आईआईएससी बैंगलोर के प्रोफेसर और सीएसआईआर-सीडीआरआई के पूर्व निदेशक प्रोफेसर टीके चक्रवर्ती ने युवा पीढ़ी को आज उपलब्ध उपकरणों और बुनियादी ढांचे का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 697.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आारक्षित निधि में भारी गिरावट होने से 20 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.02 अरब डॉलर कम होकर 697.स9 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 698.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 20 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 35.7 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 589.1 अरब डॉलर पर आ गई।

# छोटे उद्योग अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तम्भ

## अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस समारोह के उद्घाटन पर बोलीं राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छोटे उद्योगों को भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ करार देते हुए कहा है कि ए रोजगार सृजन के साथ साथ सामाजिक समावेशन को भी बढ़ाते हैं।

मुर्मू ने शुक्रवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस 2025 के समारोह का उद्घाटन करने के बाद कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग देश की अर्थव्यवस्था के एक मजबूत स्तंभ हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग न केवल देश के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर नवाचार को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योग महिलाओं, युवाओं, ग्रामीण क्षेत्रों तथा वंचितों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर सामाजिक समावेशन को भी बढ़ाते हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी, राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे और खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार के साथ-साथ मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे। आंकड़ों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि छोटे उद्योगों का देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत, विनिर्माण में 36 प्रतिशत और निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान रहा है। यह क्षेत्र कृषि के बाद रोजगार का दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है। इस क्षेत्र से पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। इस तरह यह क्षेत्र कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण और विकास के विकेन्द्रीकरण से समावेशी विकास में मदद करते हैं। छोटे उद्योग क्षेत्र देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगों के समक्ष वित्त की समस्या के साथ साथ बघी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा, अत्याधुनिक तकनीक की कमी, कच्चे माल और कुशल मानवश्रम की कमी, सीमित बाजार और भुगतान में देरी की दिक्कतें हैं। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगों को इन चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए सरकार ने कुछ नीतिगत बदलाव किए हैं।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बिलासपुर कटः तीन दिन में दूसरा बड़ा हादसा

## बाइक सवारों की टक्कर से किसान की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली-दून हाईवे के बिलासपुर कट पर शुक्रवार को तीन दिन में दूसरा बडा हादसा हुआ। बीमार पत्नी को अलमासपुर में डॉक्टर को दिखाने आ रहे बाइक सवार धंधेडा निवासी मईनुदीन (55) की हादसे में मौत हो गई। उसकी पत्नी घायल हो गई। उनकी बाइक में टक्कर मारने वाले बाइक सवार तीन युवक बाइक छोडकर भाग गए। मौके पर जाम भी लग गया था। वहीं, लोगों ने जाम लगाने का प्रयास किया।

थाना सिखेडा के गांव धंधेडा निवासी मईनदुीन की पत्नी रुकसाना बीमार चल रही है। उसका उपचार अलमासपुर में प्राइवेट डॉक्टर के यहां चल रहा है। दोपहर बाद यह दंपती बाइक पर सवार होकर डॉक्टर के यहां आने के लिए चला था। बिलासपुर कट पार करते समय हरिद्वार की तरफ से तेज गति से आए बाइक पर तीन युवक आए और चालक ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। हादसे में दंपती सडक पर जा गिरा और मईनदुीन का सिर सडक में लगने से फट गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पत्नी घायल हो गई। हादसे के बाद टक्कर मारने वाली बाइक पर सवार दो युवक फरार हो गए। तीसरा युवक घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड लग गई। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने राहगीरों की मदद से मृतक के शव को मार्ग से हटवाया। हादसे में घायल महिला व युवक को जिला अस्पताल भेजा। हादसे के कारण हाईवे पर जाम लग गया। दूर तक वाहनों की लाइन लग गई। चूंकि तीन दिन में यह दूसरा हादसा था, इसी के चलते लोगों ने जाम लगाने का भी प्रयास किया। पुलिस ने उन्हें समझाया। इसके बाद शव को पुलिस ने मोर्चरी भेज दिया। दोनों बाइकों को पुलिस ने कब्जे में लिया है। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने बताया कि घायल युवक गाजियाबाद के थाना मंसूरी के गांव चितौडा का रहने वाला आयुष है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया गया कि वह उपचार कराकर चला गया है। अभी हादसे की तहरीर नही आई है।

### खेती करता था मईनुदीन

**मुजफ्फरनगर।** गांव के लोगों ने बताया कि मईनुदीन पहले जानसठ रोड पर एक कैमिकल फैक्टरी में सुपरवाइजर था। तीन साल पहले उसने वहां से नौकरी छोड दी थी। इसके बाद वह गांव में रहकर खेती करता था।

## ग्रह क्लेश में युवक ने फांसी लगाई

**छपार।** ग्रह कलेश के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करने से इंकार कर दिया और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। रामपुर तिराहा निवासी 35 वर्षीय प्रिंस पुत्र सुदेश शर्मा ने बृहस्पतिवार की रात्रि में अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घंटों बाद परिजनों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तुडवाकर शव को पंखे से उतारा। मृतक के पिता ने पुलिस को शव का पोस्टमार्टम करने से इनकार कर दिया और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रह कलेश के कारणो का पता नहीं चल पाया। मृतक के दो छोटे बच्चे हैं।

## बिलासपुर कट बंद, जानसठ पुल के नीचे से आना होगा शहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हादसे दर हादसे के बाद जिला प्रशासन ने एतियात के तौर पर बिलासपुर कट को बंद करा दिया है।

जिलाधिकारी ने इस मामले में संज्ञान लिया है। जिलाधिकारी के आदेश पर सुरक्षा समिति के अधिकारी बिलासपुर कट पर पहुंचे और पीडब्ल्यूडी एक्शन अनिल राणा व जेई डीके तोमर, आरटीओ व ट्रैफिक स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया।

शुक्रवार को हुई घटना के बाद बिलासपुर कट बंद कर दिया गया है। अब शहर में आने के लिए भोपा बाईपास पुल व जानसठ बाईपास पुल के नीचे से आना होगा। बता दे कि बिलासपुर कट के निकट एक पखवाडे से लगातार हो रही दर्दनाक घटनाओं में कई लोगों की जान जा चुकी है। विगत दिवस हरिद्वार की ओर से आ रहे डम्पर व डीसीएम की टक्कर होने के बाद डम्पर वहां खडे कई लोगों के ऊपर पलट गया था जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे इस दुर्घटना में चार बाइके भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। इससे पहले भी एक सिपाही दुर्घटना का शिकार हो गया था। जिसके बाद प्रशासन ने यह कदम उठाते हुए कट को बंद कराया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

### स्कूटी सवार युवक भी गंभीर घायल

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** क्षेत्र के नेशनल हाईवे-58 पर बुधवार को एक दर्दनाक सडक हादसा हो गया। भंगेला चौकी क्षेत्र अंतर्गत भंगेला चेक पोस्ट के निकट स्कूटी सवार महिला और युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में स्कूटी पर सवार महिला रेशमा (35 वर्ष) पत्नी राशिद, निवासी सकौती, और शान मोहम्मद (18 वर्ष) निवासी खतौली गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल सेंट फांसिस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए मेरठ के लिए रेफर कर दिया। मेरठ पहुंचने पर डॉक्टरों ने रेशमा को मृत घोषित कर दिया, जबकि शान मोहम्मद की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल शान मोहम्मद के अनुसार, वह और रेशमा खतौली से सकौती की ओर जा रहे थे कि पीछे से तेज रफ्तार एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों सडक पर गिर पडे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रेशमा ने मौके पर ही दम तोड दिया। सूचना मिलने के बाद खतौली पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू करते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवाया। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आगे की जांच जारी है।

## नकली किताबें सप्लाई करने वालों की जमानत खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एनसीईआरटी की नकली किताबे छापकर सप्लाई करने वाले आरोपियों की जमानत को सेशन कोर्ट ने खारिज कर दिया है। मन्सूरपुर पुलिस व क्राइम ब्रांच ने 1.50 करोड की नकली किताबों के साथ गिरोह का गिरफ्तार किया था। पुलिस ने गांव भैसी में नकली किताबों का गोदाम भी पकडा था। डीजीसी राजीव शर्मा ने बताया कि एक जुन को मन्सूरपुर पुलिस व क्राइम ब्रांच ने मन्सूरपुर क्षेत्र से नकली किताबे छापने वाले गिरोह के सदस्य अनिल चौहान निवासी डिफेन्स कालोनी मेरठ, राहुल राणा निवासी माधवपुर मेरठ, ताराचंद निवासी मोहकमपुर मेरठ, अमित सैनी निवासी ब्रहमपुरी मेरठ, राजू शर्मा विासी मोहकमपुर मेरठ, सतेन्द्र सिंघल निवासी प्रीत विहार मेरठ, जावेद गोला कुंआ मेरठ व आदिल मेवाती निवासी लिसाडी गेट मेरठ को गिरफ्तार किया था।पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर गांव भैंसी में एनसीईआरटी की नकदी किताबों का गोदाम पकडा था। गोदाम से 1.33 लाख किताबें बरामद हुई थी, इस मामले में सभी आरोपियों की तरफ से सेशन न्यायाधीश संतोष राय की कोर्ट में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। कोर्ट ने आरो. पियों के मामले में सुनवाई करते हुए उनकी जमानत को खारिज कर दिया है।

## कूड़े पर मिले नवजात शिशु के शव के मामले की जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रूड़की रोड पर कूडे के ढेर में मिले नवजात के शव का मामला अधिकारियों ने गम्भीरता से लिया है। इसमें अस्पताल की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है जिसको देखते हुए एसपी सिटी ने अस्पताल संचालक को नोटिस जारी करते हुए पूछताछ के आदेश दिए है। इस नोटिस में जांच के कुछ बिन्दु तय करते हुए उन पर छानबीन व कार्यवाही के लिए कहा गया है जिससे नवजात की मौत की पुष्टी खुलकर सामने आ सके।

बता दे कि मंगलवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के रूड़की रोड पर एक नवजात का शव बरामद हुआ था। शव की सूचना के बाद गौसेवक नीशू ने मौके पर पहुंचकर शव को उठाया था और मौके से अस्पताल व पैथोलॉजी लैब के पर्चे भी पाए गए थे। उस समय पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया था बस खाना-पूर्ति कर शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। यह मामला कई रोज से चर्चाओं में था इसके बाद स्वास्थ विभाग टीम ने अस्पताल जाकर जांच पडताल की। जांच में क्या पाया गया यह तो गोपनीय मामला है, लेकिन एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत को रिपोर्ट मिली कि यदि अस्पताल पर ही शिकंजा कसा जाए तो यह गुत्थी सुलझ सकती है, क्योकि किसी ने अपनी इज्जत की खातिर नवजात के शव को फेंका है। अब पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही के आदेश दिए और पूछताछ के लिए भी कहा गया है।

## मोनालिसा जौहरी फिर बनीं बुढ़ाना एसडीएम, राजकुमार को खतौली की कमान

**मुजफ्फरनगर।** डीएम उमेश मिश्रा ने बुढाना और खतौली में नए उपजिलाधिकारी नियुक्त करते हुए। जिले में प्रशासनिक स्तर पर बडा फेरबदल किया गया है।

डीएम ने बुढ़ाना में एक बार फिर मोनालिसा जौहरी को एसडीएम के रूप में तैनात किया है। वह पूर्व में भी बुढाना में से एसडीएम के पद पर रह चुकी हैं। बाद में उनका तबादला खतौली कर दिया गया था, लेकिन अब एक बार फिर उन्हें बुढाना भेजा गया है। वहीं, खतौली तहसील में अब राजकुमार भारती को नया एसडीएम बनाया गया है। यह नियुक्ति पूर्व एसडीएम संजय सिंह के गैर जनपद तबादले के बाद की गई है।

इस प्रशासनिक फेरबदल को जिले में सुशासन और प्रशासनिक कार्यों की बेहतर निगरानी की दृष्टि से अहम माना जा रहा है। मोनालिसा जौहरी को दोबारा से बुढ़ाना में एसडीएम बनाए जाने पर यहां के लोगों ने खुशी जताई है।

## जिला जज ने डीएम व कप्तान के साथ परखी जेल व्यवस्था

### संबंधितों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला न्यायधीश, जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होने यहां का रसोईघर बैरकों, रसोईघर, सुरक्षा उपकरणों को चेक करते हुए बंदियों से समस्याओं की जानकारी भी ली। और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। जिला न्यायधीश संतोष राय, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में पुरुष व महिला बैरकों, रसोईघर का निरीक्षण करते हुए विशेष सफाई एवं बंदियों को मेन्यू के हिसाब से गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इसके पश्चात अधिकारीगण द्वारा पुरुष व महिला बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। तत्पश्चात कारागार परिसर व कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के रखरखाव व मुलाकाती रजिस्टर का अवलोकन किया गया। जिला जज, डीएम व एसएसपी ने सुरक्षा की दृष्टि से जिला कारागार में लगी जैमर प्रणाली व सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया। इस दौरान कारागार परिसर में स्थित अस्पताल का निरीक्षण करते हुए दवाईयों की उपलब्धता व ओपीडी आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया गया कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये। अधिकारियों ने जिला कारागार अधीक्षक को निर्देश दिये कि शासन की मंशा के अनुरूप जेल में बंदियों को मिलने वाली सारी सुविधाएं अवश्य उपलब्ध कराएं, शातिर बंदियों पर कडी निगरानी रखे, जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाने पाये, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होने कारागार में तैनात पुलिस बल को ड्यूटी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बताया जाता है कि अचानक निरीक्षण को पहुंचे अधिकारियों को देखकर यहां अफरा-तफरी मच गई।

## दिवंगत शिक्षिका के बच्चों की मददगार बनी टीचर्स सेल्फ केयर टीम



### अनाथ बच्चों की 49 लाख रुपए की मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम के सदस्य लगातार शिक्षकों के परिवारों को सहयोग कर उनके लिए मददगार साबित हो रहे हैं। ब्लॉक जानसठ के उच्च प्राथमिक विद्यालय संभल हेडा में कार्यरत शाहिना परवीन का पिछले वर्ष अक्टूबर महीने में निधन हो गया था वह टीचर्स सेल्फ केयर टीम की सदस्य थी और लगातार दूसरे शिक्षकों के परिवारों को सहयोग कर रही थीं। इस माह उनके परिवार का सहयोग हुआ और प्रदेश के चार लाख से ज्यादा शिक्षकों और कर्मचारियों ने मात्र 15 के सहयोग से उनके परिवार को सीधे उनके बैंक अकाउंट में 49 लाख रुपए की आर्थिक मदद की है। स्वर्गीय शाहिना परवीन के पति का निधन भी 4 वर्ष पहले हो चुका था और परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं जो अभी पढ रहे हैं। शिक्षिका ने मकान बनाने के लिए बैंक से लोन भी लिया हुआ था। बच्चों को उनका मकान वापस दिला दिया बल्कि उन की पढाई और दोनों बेटियों की शादी की धनराशि भी भेज दी। टीचर्स सेल्फ केयर टीम के प्रदेश संगठन मंत्री और कोर टीम सदस्य डॉक्टर फरुख हसन ने बताया कि टीचर्स सेल्फ के टीम की स्थापना जुलाई 2020 में विवेकानंद ने अपने कुछ साथियों के साथ की थी। अपने दिवंगत साथी के परिवार को सीधे उनके अकाउंट में आर्थिक मदद करते हैं। टीम अपने सदस्यों की सहायता से 356 शिक्षक परिवारों की लगभग 148 करोड रुपए की मदद कर चुकी है। भारत के इतिहास में किसी भी संस्था द्वारा अपने साथियों के सहयोग से इतनी बडी सहायता पहली बार दी गई है। पीड़ित परिवार ने सभी का आभार जताया है।


## ताराचन्द वैदिक पुत्री (पी.जी.) कालेज, मुजफ्फरनगर

माँ शकुम्भरी विश्विद्यालय सहारनपुर से सम्बन्ध एवं NCTE & AICTE से मान्यता प्राप्त

**B.Ed**

सत्र-2025-27

न्यूनतम फीस-उत्कृष्ट शिक्षा

नगर के मध्य स्थित एकमात्र महिला महाविद्यालय

प्रवेश हेतु निः शुल्क काउंसलिंग।

एससी एसटी छात्राओं को छात्रवृत्ति के आधार पर प्रवेश।

मेधावी छात्राओं को शुल्क में विशेष छूट।

अनुभवी व योग्य शिक्षकों द्वारा शिक्षण।

पाठ्यक्रम पूर्ण करने के उपरांत प्लेसमेंट की सुविधा।

पता नई मण्डी, निकट बालाजी धाम, मुजफ्फरनगर

सम्पर्क करे:- 9760008988, 9917000198


## कावंड़ मार्ग रोशन करने को सोलह लाख खर्च करेगी पालिका

### 21 किलोमीटर मार्ग वाले क्षेत्र में 15-15 फिट पर लगेगा जनरेटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कांवड यात्रा को लेकर नगर पालिका के द्वारा तैयारियां की जा रही है। शहरी क्षेत्र में करीब 21 किलोमीटर कांवड मार्ग है।

जिसे नगर पालिका रोशन करने के लिए करीब 16 लाख रुपये खर्च करेगी। इस धनराशि से कांवड मार्ग पर अस्थाई लाइटें लगाई जाएगी। वहीं कांवड मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर जनरेटर की भी व्यवस्था की जाएगी। शहरी क्षेत्र में बझेडी अंडर पास से मदीना चौक, कच्ची सडक, अहिल्याबाई चौक, शिव चौक, मीनाक्षी चौक, मेरठ रोड और वहलना तक कांवड मार्ग है। वहीं शिव चौक से भगत सिंह रोड, हनुमान चौक, शामली रोड, बुढाना मोड से आगे तक कांवड मार्ग है। शहरी क्षेत्र में करीब 21 किलोमीटर तक कांवड मार्ग है। इस कांवड मार्ग पर तमाम व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के लिए नगर पालिका तैयारियां में जुटी हुई है। कांवड मार्ग को रात्रि में रोशन रखने के लिए नगर पालिका के द्वारा अस्थाई लाइटें लगाई जाएगी। इस कार्य पर नगर पालिका करीब 16 लाख रुपये खर्च करेगी। इन अस्थाई लाइटों को कांवड मार्ग पर 15-15 फिट की दूरी पर लगाया जाएगा। वहीं जनरेटर की भी व्यवस्था की जाएगी। कुछ ही दिनों में नगर पालिका कांवड मार्ग पर लाइटों को लगाने का काम शुरू कराने जा रही है। ईओ डॉक्टर प्रज्ञा सिंह ने बताया कि चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने निर्देश दिए है कि यहां से गुजरने वाले शिव भक्तों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े उनके लिए समुचित व्यवस्था करें।

## गांव की प्रतिभाओं का जन्मस्थली को लौटना सौगात:नरेश टिकैत

- रालोद नेता के नए आवास निर्माण पर जताई खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिसौली।** भाकियू सुप्रीमो चौधरी नरेश टिकैत ने सिसौली के सुंडियान पटी मोहल्ले में रालोद नेता राजीव बालियान के नवनिर्मित भवन जयसिंह कुंज का उद्घाटन करते हुए कहा कि गांव एवं कस्बे की प्रतिभाओं का पुनः अपनी जन्मस्थली की लौटना गांव एवं कस्बे के लिए एक सौगात से कम नहीं है। राजीव बालियान के गुरु, किसान चिंतक एवं वरिष्ठ समा. जसेवी कमल मित्तल ने इस अवसर पर अपने परम शिष्य राजीव बालियान को अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजीव बालियान का सिसौली की ओर पुनः लौटना सिसौली के विकास के लिए नई दिशा खोलेगा। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर के नगर सेठ अभिमन्यु सर्राफ, बालेन्द्र आर्य मौजूद रहे।

## उमस भरी गर्मी स्वास्थ्य पर पड़ रही भारी

### जिला अस्पताल में बदहाल मरीजों की लगी कतारें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी जनजीवन पर भारी पड रही है। लगातार बढ रहा तापमान और गर्मी के कारण लोग बेहाल हैं, जिसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। जिला चिकित्सालय के साथ ही निजी चिकित्सकों और अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं, गर्मी के कारण नई नई बीमारियों ने लोगों को अपनी चपेट मे ले लिया है। सुबह होते ही सूरज की तपिश इतनी बढ़ जाती है कि दोपहर में घर से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। सड़कें और बाजार सूने पड़े हैं, अधिकतर लोग घरों में दुबके रहना पसंद कर रहे हैं। चिपचिपी गर्मी के कारण लगातार पसीना बह रहा है, जिससे बेचौनी और थकान महसूस हो रही है।

शुक्रवार को अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अस्पतालों में बढ़ी भीड़ गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही जिला चिकित्सालय में पेट दर्द, उल्टी-दस्त (गैस्ट्रोएंटेराइटिस), बुखार और लू (हीटस्ट्रोक) के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है और डॉक्टरों को भी अतिरिक्त समय देना पड़ रहा है। कई मरीज तो डिहाइड्रेशन के कारण अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिला चिकित्सालय में 1300 से 1400 मरीजों की ओपीड़ी प्रतिदिन की जा रही है, जिनमें से 300 से 350 मरीज प्रतिदिन नए देखे जा रहे हैं, यही नहीं प्रतिदिन 25 से 30 गंभीर मरीजों को भर्ती कर उनका उपचार करना पड़ रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि ऐसे मौसम में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) सबसे बड़ी समस्या है। शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी होने से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो देखने को मिल रहा है। बच्चों और बुजुर्गों पर इस गर्मी का असर ज्यादा देखने को मिल रहा है, क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) कमजोर होती है।

## इलाज के साथ बचाव भी जरूरी:डॉ.सुनील सिंघल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे गर्मी से बचाव के लिए सभी जरूरी कदम उठाएं। गर्मी से बचने के कुछ महत्वपूर्ण उपाय बताते हुए वरिष्ठ बाल लोग विशेषज्ञ एवं आईएमए के मीडिया प्रभारी डॉ सुनील सिंघल ने कहा कि-खूब पानी पिएं दिन भर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं। इसके अलावा नींबू पानी, ओआरएस घोल, छाछ, लस्सी और ताजे फलों का जूस भी पीते रहें। हल्के कपड़े पहनें हल्के रंग के, ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनें ताकि हवा आसानी से शरीर से गुजर सके। धूप में निकलने से बचें सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सीधे धूप में निकलने से बचें। यदि जरूरी हो तो छाता, टोपी या कपड़े से सिर और चेहरा ढककर निकलें। बच्चों को धूप से बचाएं ताजा और हल्का भोजन करें: बासी और मसालेदार भोजन से परहेज करें। हल्का आसानी से पचने वाला भोजन ही लें। साफ-सफाई का ध्यान रखें। दूषित पानी और भोजन से बचें, क्योंकि गर्मी में संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है।




# मजदूर ने 7 वर्षीया बच्ची के साथ किया रेप

## कामांध युवक ने 5 वर्षीय बच्चे संग किया अप्राकृतिक कुकर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार के दिन तीन अलग-अलग स्थानों पर एक बच्ची और दो बच्चों के साथ शर्मनाक हरकतें हुई। जिसको लेकर बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र के लोग शर्मसार से नजर आए। बुढ़ाना पुलिस ने इन तीनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही शुरु कर दी है।

पहली घटना बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के गांव खानपुर में हुई। जिसमें कश्यप समाज के एक कामान्ध युवक ने मौका पाकर एक 5 वर्ष के बच्चे को बहला फुसला लिया और उसको खेत पर लेकर चला गया। जहां पर उसने मासूम बच्चे को डरा धमकाकर उसके साथ अप्राकृतिक कुकर्म किया और उसको लहुलुहान और रोती हुई अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। बच्चे ने जैसे तैसे घर पर आकर घटना का जिक्र अपने परिजनों से किया तो परिजनों के पैरों तले की जमीन खिसक गयी और वे बच्चे को लेकर आरोपी के घर पर पहुंचे तो आरोपी और उसके परि. जनों ने बच्चे के परिजनों को गाली गलौज कर भगा दिया।

उधर घटना की सूचना बच्चे के परिजनों ने बुढ़ाना पुलिस को दी तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्चे को गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराकर आरोपी युवक के घर में दबिश दी लेकिन आरोपी युवक नहीं मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है। दूसरी घटना बुढ़ाना कोतवाली की कस्बा चौकी क्षेत्र के बड़ौत रोड पर स्थित मिनर्वा के पास की बताई गयी है। जिसमें फुगाना निवासी लगभग 37 वर्षीय राजू पुत्र आनंद कुमार जो कि रोजाना अपने गांव से बुढ़ाना कस्बे में आकर मजदूरी करता है। आज उसने उक्त क्षेत्र में लगभग 07 साल की बच्ची के साथ मौका पाकर अकेले में ले जाकर अश्लील हरकतें और रेप की घटना को अंजाम दिया और फरार हो गया।

खून से लथपथ बच्ची रोती हुई अपने घर पर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। पीड़ित परिवार ने पुलिस से इस मामले की शिकायत की तो बुढाना पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर तत्काल आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। तीसरी घटनारू बुढ़ाना कोतवाली की कस्बा पुलिस चौकी क्षेत्र के पुराने बस स्टैंड की बताई गयी है। जिसमें एक चाट विक्रेता ने समोसा लेने आए एक 12 वर्षीय किशोर के साथ मौका पाकर अश्लील हरकतें करते हुए अप्राकृतिक कुकर्म का भी प्रयास किया लेकिन किशोर के शोर मचाने पर आरोपी चाट विक्रेता अपनी दुकान से भाग खड़ा हुआ। उधर किशोर ने इस घटना की सूचना कस्बा बुढाना पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी चाट विक्रेता को हिरासत में लेते हुए आरोपी चाट विक्रेता के विरुद्ध कार्यवाही शुरु कर दी। कुल मिलाकर एक ही दिन में इन तीन घटनाओं के होने से कस्बा और क्षेत्र शर्मसार नजर आया।

# रेपिस्ट पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल

## एक घंटे बाद ही सीसीटीवी ने पकड़वाया रैपिस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक बच्ची के साथ रेप करने वाले एक रेपिस्ट को बुढ़ाना पुलिस टीम ने एक मुठभेड़ में घायल करके पकड़ लिया। आरोपी को पुलिस ने मात्र एक घंटे में ही सीसीटीवी कैमरों की सहायता से पकड़ लिया।

पुलिस ने आरोपी को हस्पताल में भर्ती कराया है। मिली जानकारी के अनुसार आज शुक्रवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के मिनर्वा के आसपास एक मजदूर ने एक बच्ची के संग छेड़छाड़ करते हुए रेप की घटना को अंजाम दिया था और फरार हो गया था। जैसे ही घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को मिली तो पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर एक टीम गठित कर पुलिस टीम के द्वारा आरोपी को आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से एक घंटे के भीतर ही ढूंढ निकाला गया।

तब उसने पुलिस टीम को देख पुलिस पर फायर किया तो पुलिस ने अपना बचाव कर उसके पैर में गोली मारकर पकड़ लिया। लगभग 37 वर्षीय आरोपी राजू को पुलिस ने घायलावस्था मे हस्पताल में भर्ती कराया।

इस टीम का संयुक्त नेतृत्व खुद होनहार और मेहनती कोतवाल आनंद देव मिश्र और कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार ने किया। एसपी देहात आदित्य बंसल ने इसके लिए पुलिस टीम को बधाई दी है।

# लाल दयाल पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क मैडिकल हेल्थ चेकअप कैंप 29 जून को

**खतौली।** स्थानीय लाल दयाल पब्लिक स्कूल द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं नागरिकों को बेहतर चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक नि:शुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 29 जून (रविवार) को प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस स्वास्थ्य शिविर में सुभारती मेडिकल कॉलेज मेरठ से आए हुए अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दांत, आंख, नाक, कान, हड्डियों, बच्चों के रोगों एवं खून की जांच जैसी महत्वपूर्ण जांचें की जाएंगी। कैंप की विशेष बात यह होगी कि बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के लोगों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। विद्यालय प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस निशुल्क शिविर का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बताया गया कि यह कैंप पूरी तरह से सामाजिक सेवा को समर्पित है और इसका उद्देश्य लोगों को समय रहते स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और उचित सलाह उपलब्ध कराना है। विद्यालय चेयरमैन कर्मवीर वर्मा ने बताया कि कैंप के दौरान मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की जाएंगी। साथ ही गंभीर मामलों में उचित परामर्श व आगे की जांच हेतु रिफर भी किया जाएगा। विद्यालय परिसर में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स0-9827/15.09.2021 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम मौहम्मद शानी अंकित नही कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**नफीस अली पुत्र श्री तिजारत अली निवासी ग्राम हुसैनाबाद भनवाडा तहसील बुढाना थाना रतनपुरी जिला-मुजफ्फरनगर**

# साहसी महिला वोटर्स को अखिलेश यादव ने दिए दो लाख

**मोरना।** मीरांपुर विधानसभा उपचुनाव मे मतदान केन्द्र पर वोट डालने जाते समय पुलिस प्रशासन का प्रतिरोध करने वाली ककरौली की साहसी महिलाओ को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा दो लाख का चौक दिया गया है।

ककरौली गांव निवासी तंजीला बेगम व तोहीदा बेगम के नाम उस समय चर्चा मे आये थे जब मतदान के समय तोहिदा व तंजीला ने पुलिस अधिकारियो का सामना किया था। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। जिसके बाद प्रशासन पर मतदान को प्रभावित करने के गंभीर आरोप समाजवादी पाटह्न द्वारा लगाये जाते रहे हैं। बीते 24 जून को प्रदेश की राजधानी लखनऊ मे दोनों महिलाओ का सम्मान पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा सम्मान किया गया। ककरौली निवासी मौ. फुरकान ने बताया की साहसी वोटर्स बनी तोहिदा व तंजीला को दो दो लाख रूपये की राशि के चौक प्रदान किये गये। इस दौरान कादिर राणा, अब्दुल समद, शैदा हसन मौजूद रहे।



**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-द्वितीय, मुजफ्फरनगर**

**ई-निविदा सूचना**

निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 05/2025-26, वि.वि.खं.- खतौली के अन्तर्गत पूर्ण जमा योजना के कार्य, रनिंग कॉन्ट्रेक्ट, प्रपत्र शुल्क- रू0 1180, धरोहर राशि- रु. 8500.00
2. 06/2025-26, वि.वि.खं.- बुढाना के अन्तर्गत पूर्ण जमा योजना के कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 1180, धरोहर राशि रू0 5000.00

**ई/अ.ई.-निविदा की अन्तिम तिथि: 25.07.2025 12:00 बजे**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाऐं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

**NAME CHANGE**

I, GAYYUR ALI (OLD NAME) S/O ASHAQ ALI.
I have changed my name from **GAYYUR ALI** (OLD NAME) to **GHAYYUR ALI** (NEW NAME)
That I in future, should be known as
**GHAYYUR ALI S/O ASHAQ ALI HOUSE NO. 246, BAJHEDI, BAJHERI, MUZAFFARNAGAR**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा पुत्र शावेज व उसकी पत्नी श्रीमति तरन्नुम मेरे कहने सुनने में नही रहते है गलत लोगों की संगति में रहने लगे है और आये दिन मेरे साथ गाली-गलौच व लडाई झगडा करते रहते है इस कारण मैने शावेज व उसकी पत्नी श्रीमति तरन्नुम को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है यदि समाज का कोई अन्य व्यक्ति शावेज व उसकी पत्नी श्रीमति तरन्नुम से किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**श्रीमति अफरोज पत्नी मरहूम अनीस निवासी मदीना कालोनी थाना सिविल लाईन जिला-मुजफ्फरनगर**

# हाईवे स्थित ढ़ाबे पर मचाया उत्पात, तोड़फोड़ की, वीडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली-दून हाईव पर नसीरपुर-रथेड़ी चौराहे पर स्थित सुखदेव ढ़ाबे पर बृहस्पतिवार देर रात आधा दर्जन से अधिक युवकों ने उत्पात मचाया। आरोप है कि ढ़ाबे में तोड़फोड़ कर महिला यात्रियों से अभद्रता की। ढ़ाबे मालिक को गोली मारने व ढ़ाबा न चलने देने की धमकी दी। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना की वीडियो वायरल हुई है।

गांधी कॉलोनी निवासी पुष्पराज देर रात अपने ढ़ाबे पर मौजूद थे। उन्होंने बताया कि देर रात में रथेडी निवासी सलमान उनके ढ़ाबे पर आया। वहां खड़ी टूरिस्ट बसों में चढ़ने का प्रयास करने लगा। बसों में पूर्व समय में चोरी हो चुकी है। इसी के चलते ढ़ाबे पर तैनात कर्मचारियों ने युवक को बसों में चढ़ने से रोका।आरोप है कि इससे नाराज होकर युवक ढ़ाका मालिक के पास कैश काउंटर पर पहुंचा और गोली मारने की धमकी देने लगा। डायल 112 पर सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन पुलिस को देखकर आरोपी युवक भाग गया। कुछ देर बाद वह अपने आधा दर्जन साथियों के साथ ढ़ाबे पर पहुंचा। सभी ने ढ़ाबे पर उत्पात मचाया। तोड़फोड़ की। महिला यात्रियों से अभद्रता की। धमकी देकर भाग गए। उनकी एक बाइक मौके पर रह गई। पीड़ित ढ़ाबा मालिक ने शुक्रवार सुबह एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत से मुलाकात कर प्रार्थना पत्र दिया। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर रथेडी निवासी सलमान व युसूफ को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

## ताजिए के जुलुस को लेकर पुलिस ने मार्गों का किया निरीक्षण

**मोरना।** मुहरर्म माह व आगामी श्रावण मास के ख्रष्टिगत क्षेत्र की शान्ति सुरक्षा को मज़बूत करने के उद्देश्य को लेकर पुलिस एक्टिव मोड़ पर है। भोपा पुलिस द्वारा ताजिया के जुलुस मार्गो का निरिक्षण किया गया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहकड़ा, जौली, मोरना, तिस्सा, बेलड़ा मे निकलने वाले ताजिया के जुलुस के मार्गो का निरिक्षण सी ओ भोपा डॉ. रवि शंकर त्रिपाठी, थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश द्वारा पुलिस बल के साथ किया गया। अधिकारियो ने शिया समुदाय के सम्भरान्त व्यक्तियों से भेंट कर इमाम बारगाह, मजलिस, ताजिया के जुलुस व ताजियो को दफनाने के स्थान करबला बारे मे जानकारी की।मुहरर्म माह के दौरान शिया समुदाय द्वारा इमाम बारगाहों मजलिस मे मजलिस का आयोजन होता है जिसमे करबला की घटना पर प्रकाश डाला जाता है।नोहा पढ़ा जाता है व मातम किया जाता है। मुहरर्म की दसवीं तिथि को करबला के शहीदों की याद मे ताजिया का जुलुस निकाला जाता है व खूनी मातम किया जाता है।

**सार्वजनिक सूचना**

हम तीनों एक ही परिवार के सदस्य हैं और तीनों पक्षों का एक पैतृक मकान संख्या-493 खालापार मु0नगर जिसका कुल क्षे0 लगभग 143 वर्ग गज था जो तीनों पक्षों द्वारा संयुक्त रूप से विक्रय कर दिया गया है और उक्त मकान की रकम आयी थी उसे हम पक्षगण ने इस प्रकार कि 1/3 भाग प्रथम पक्ष सुहेल इनाम ने 1/3 भाग द्वितीय पक्ष शाहवेज ने 1/3 भाग तृतीय पक्ष नुजहत व समीरा नाज ने प्राप्त कर लिया है। प्रत्येक तीनों पक्षों पर अपने अपने हिस्से की रकम आ चुकी है। अब किसी पक्ष की कोई रकम बकाया नहीं है। अब किसी पक्ष का दूसरे पक्ष की सम्पत्ति से कोई वास्ता या ताल्लुक नहीं रहा है और न ही भविष्य में होगा। प्रत्येक पक्ष अपने किये हुए लेन देन व किसी भी कार्य वैध/अवैध की जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

**सुहैल इनाम पुत्र स्व0 इनाम इलाही**, निवासी- 493, खालापार तहसील सदर जिला मुजफफरनगर।

# वाणिज्य विभाग के छात्र एवं छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकुम्भरी ब्विवविद्यालय सहारनुपर द्वारा श्रीराम कॉलेज के वाणिज्य विभाग के स्नातक पाठ्क्रम बीकॉम प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित किया गया। माँ शाकुम्भरी ब्विवविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षाफल में बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सलोनी ने 74.7 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थानए मो आस्कर ने 67ण3 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय जबकि 66.4 प्रतिशत अंको के साथ वेदांशी त्यागी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनुपर द्वारा घोषित किये गये परीक्षा परीणाम में श्रीराम कॉलेज के वाणिज्य विभाग के स्नातक पाठ्यक्रम बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थी उच्च श्रेणी प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए हैं। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सलोनी ने अपनी सफलता का श्रेय विभाग के प्रवक्ताओंए माता पिताए कॉलेज एवं विभाग द्वारा प्रदान किये गये शैक्षिक वातावरण एवं मार्गदर्शन को देते हुए बताया कि विभाग के प्रवक्ताओं द्वारा दी जाने वाली मूल्यवान शिक्षा द्वारा विभिन्न विषयों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारियां मिलती है। जिससे उनके ज्ञान में निरन्तर वृद्धि हो रही है। श्रीराम कॉलेज के वाणिज्य पाठ्क्रम में मो आस्कर ने दूसरा स्थान प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि विभाग एवं महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली उच्च कोटि की शैक्षिक सुविधायें तथा समय.समय पर विभाग द्वारा स्किल डेवलपमेंट के लिये कराये जाने वाली कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियो में व्यवहारिक एवं व्यावसायिक कौशल विकसित होता है। उन्होंने बताया कि इन तमाम शैक्षिक गतिविधियों से विद्यार्थियो का चहुमुखी विकास होता है। वही तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा वेदांशी ने अपनी सफलता पर बोलते हुये कहा कि विभाग के प्रवक्ताओं के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को परीक्षाओ में सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलती है अध्यापकों के मार्गदर्शन से विद्यार्थियों में व्यवहारिक एवं व्यावसायिक ज्ञान विकसित होता है। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक ड़ा0 अशोक विभाग के प्रवक्ताओ की मेहनत भी दर्शाता है।

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

पत्रांक 2694/मुवि0प्रा0/विज्ञापन/प्र0म0आ0यो0/2025 दिनांक 27/06/2025

**प्रधानमन्त्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत भोपा रोड बाईपास क्रासिंग,भोपा रोड,मुजफ्फरनगर में रिक्त 15 आवासों हेतु आवेदन किये जाने हेतु सूचना**

प्रधानमन्त्री आवास योजना (शहरी) के घटक भागीदारी में किफायती आवास के अन्तर्गत (जी+3) प्रकार को फ्लैट/भवन हेतु सूडा/डूडा में चयनित लाभार्थियों की सुविधाओं से युक्त दो कमरों का भवन प्राप्त करने हेतु आवेदन निम्नानुसार आमन्त्रित किये जाते है-

**आवेदन फार्म/पंजीकरण पुस्तिका बैक से प्राप्त करने एवं जमा करने की तिथि-** दिनांक 01.07.2025 से दिनांक 15.07.2025 तक एच0डी0एफ0सी0 बैक से रु0 50.00 जमा कराते हुए फार्म प्राप्त किये जा सकते है।

**भवन स्थल-** भोपा रोड बाईपास क्रॉसिंग योजना, मुजफ्फरनगर

**कुल उपलब्ध आवासों की श्रेणी एवं आवास सं0 -** अनुसचित जाति के लिए 03 आवास एवं उक्त श्रेणी में दिव्यांग के लिए-01 आवास, एकल महिला के लिए 04 आवास,वरिष्ठ नागरिक हेतु 01 आवास,अनुसूचित जनजाति के लिए 04 आवास, अन्य पिछड़ा वर्ग(दिव्यांग के लिए 01 आवास ,सामान्य उभयलिंगी के लिए 01 आवास **रिक्त आवास सं0-** जी-01, जी-23, जी-33, जी-39, एफ-06, एफ-35, एफ-49, टी-03, टी-07, टी-08, टी-31, टी-33, टी-46,टी-48, टी-49(कुल योग 15 भवन)

**नोट:-**

1- आरक्षित श्रेणी के आवास उन्ही श्रेणी में उपलब्ध आवासो में से आवंटित किये जायेगे। तथा दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिक को शासनादेशानुसार भूतल पर वरीयता दी जायेगी।

2- पंजीकरण पुस्तिका के साथ रू0 5,000/- का बैंक ड्राफ्ट जो विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर के पक्ष में देय होगा संलग्न करना होगा।

3- त्रुटिपूर्ण भरा हुआ फार्म अमान्य होगा तथा जिला नगरीय विकास अभिकरण,मु0नगर(डूडा) द्वारा जांच उपरान्त पाये जाने वाले पात्र आवेदक ही आवंटन प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

4- आवेदक को पंजीकरण पुस्तिका के साथ परिवार के समस्त सदस्यों के आधार कार्ड, आवेदक का आय-प्रमाण पत्र व जाति प्रमाणपत्र तथा बैंक खाता सं० हेतु बैंक पासबुक के प्रथम पेज की छाया प्रति संलग्न करनी होगी जिसमें खाते आदि का उल्लेख हो।

5- यदि उपरोक्त आरक्षित श्रेणी के पात्र आवेदक नहीं मिलने की दशा में सामान्य श्रेणी मानते हुए आवासों का नियमानुसार आवंटित कर दिया जायेगा।

5-अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है। उपरोक्त सूचना प्राधिकरण की वेबसाईट www.mdamuzaffarnagar.com पर उपलब्ध है।

सचिव
विकास प्राधिकरण,मुजफफरनगर।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र **अब्दुल हमीद** और पुत्रवधू **फरीन** को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। मैंने उक्त को अपनी सम्पत्ति में से 4 भैंसे और एक घर घेर 250 गज में बना हुआ रिहाइश के लिए दे दिया है। अब उनसे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उक्त दोनो के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**मैनूदीन पुत्र जैनूदीन**
निवासी- ग्राम तावली थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम Syed wafadar Husain से बदलकर Sayyed wafadar Husain रख दिया है, भविष्य में मुझे मेरे नए नाम Sayyed wafadar Husain से ही जाना व पहचाना जाए।

Sayyed wafadar Husain
s/o Sayyed Azadar Husain
H.N. 380
Village-Post
Budina Khurd
Tehsil-Muzaffarnagar
(U.P.) 251306

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या-बी 20250990020001l655: दिनांकित 24.03.2025 नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर में दर्ज है जिसमें मेरी पुत्री का नाम KASHVI हो गया है जबकि मेरी पुत्री का सही नाम KASHVI GARG है। भविष्य में उसे KASHVI GARG के नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गौरव गर्ग पुत्र श्री आलोक गर्ग निवासी सरवट गांव, पचैण्डा रोड, आदर्श कालोनी, तहसील सदर, जिला-मुजफ्फरनगर**

## कार्यालय नगर पंचायत बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर

पत्रांक:-438/न.पं.बु0/2025-26 दिनांक 27.06.2025

**सूचना आम**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा नगर पंचायत बुढाना मे प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करते हुए रजिस्टर्ड बैनामा/हिबैनामा/वारिसान/पारिवारिक सदस्यता प्रमाणपत्र/मृत्यु प्रमाणपत्र/रजि. वसीयत के आधार पर अपना नाम गृहकर पंजिका में दर्ज किये जाने का अनुरोध किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन से आपत्ति है तो वह सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपना दावा/आपत्ति इस कार्यालय में कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात किसी भी दावे/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। नाम परिवर्तन से सम्बन्धित प्राप्त आवेदनो का ब्यौरा निम्न प्रकार है:-

| क्र. सं. | नाम दर्ज करने हेतू आवेदन | भवन संख्या | भवन स्थित मौहल्ला | नगर पंचायत अभिलेखों में दर्ज नाम | नाम परिवर्तन किये जाने का कारण। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नवेद व कासिफ पुत्र साकिर निवासी मौहल्ला कस्सावान कस्बा बुढाना। | 11 | कस्सावान | असमाफैज पत्नि फैज मौहम्मद | रजि0 बैनामा सं.-6463 दिनांक 08.05.2025 के आधार पर। |
| 2. | अफसाना पत्नि बाल्ला निवासी मौहल्ला नई बस्ती नं0 1 कस्बा बुढाना। | 44 | नई बस्ती 01 | मुन्त्याज पुत्र मन्जूर हसन | रजि0 बैनामा सं.-8505 दिनांक 13.12.2016 के आधार पर। |
| 3. | वसीम खान पुत्र नूरा निवासी मौहल्ला भटवाडा दक्षिणी कस्बा बुढाना। | 594 | भटवाड़ा दक्षिणी | नूरा पुत्र राजी | रजि0 हिबैनामा सं.-4516 दिनांक 29.04.2024 के आधार पर। |
| 4. | राजेश कुमार पुत्र ब्रहमदत्त निवासी मौहल्ला पछाला पश्चिमी कस्बा बुढाना। | 519 | पछाला पूर्वी | ब्रहमदत्त पुत्र कालूराम | रजि0 हिबैनामा सं.-9756 दिनांक 19.09.2022 के आधार पर। |
| 5. | शकीला पत्नि माजिद निवासी मौहल्ला नई बस्ती नं0 2 कस्बा बुढाना। | 15 | नई बस्ती न. 2 | शाहिदा पत्नि मौ. फैय्याज | रजि0 हिबैनामा सं.-12725 दिनांक 28.10.2024 के आधार पर। |
| 6. | मनोज कुमार पुत्र रामपाल निवासी मौहल्ला पछाला पश्चिमी कस्बा बुढाना। | 299 | पछाला पश्चिमी | राजपाल पुत्र प्यारेलाल | रजि0 बैनामा सं.-7167 दिनांक 20.05.2025 के आधार पर। |
| 7. | सुनीता देवी पत्नि धर्मवीर 1/2 भाग, गरिमा सैनी पत्नि सचिन कुमार 1/2 भाग निवासी मौहल्ला मिर्दगान कस्बा बुढाना। | 39 | मिर्दगान | श्रीपाल पुत्र रघुवीर सिंह | रजि. बैनामा सं0 4407 दिनांक 27.03.25 व रजि. बैनामा सं0 5536 दिनांक 09.07.2021 व रजि. बैनामा सं0 2938 दिनांक 05.06. 2017 के आधार पर। |
| 8. | उमा रानी पत्नि हरिशरण 1/4, आयुषी पत्नि अंकुर गुप्ता 1/4, पूर्वी पत्नि अश्वनी 1/4, शिखा पत्नि अमित कुमार 1/4 निवासी मौहल्ला शाहवाडा कस्बा बुढाना। | 48 | शाहवाडा | बालानन्द सुशील पुत्र आत्माराम शर्मा | रजि0 बैनामा सं.-5904 दिनांक 30.04.2025 के आधार पर। |
| 9. | रानी पत्नि स्व. रघुवर दयाल निवासी मौहल्ला पछाला पूर्वी कस्बा बुढाना। | 102 | पछाला पूर्वी | रघुबर दयाल पुत्र तुगल सिंह | रजि0 हिबैनामा सं.-6147 दिनांक 05.05.2025 के आधार पर। |
| 10. | शहजाद पुत्र शब्बीर निवासी मौहल्ला नई बस्ती नं0 1 कस्बा बुढाना। | 98 | नई बस्ती नं.-1 | नौशाद खुर्शीद पुत्र वहीद | रजि0 बैनामा सं.-5374 दिनांक 19.04.2025 के आधार पर। |
| 11. | मौ. आरिफ पुत्र कदीर निवासी मौहल्ला पछाला पश्चिमी कस्बा बुढाना। | 653 | पछाला पश्चिमी | मौ. आमिर व मौ. शाहरूख पुत्र रईस खां उर्फ रईस अहमद | रजि0 बैनामा सं.-14038 दिनांक 28.11.2024 के आधार पर। |
| 12. | इरशाद पुत्र सालिम निवासी मौहल्ला नई बस्ती नं0 1 कस्बा बुढाना। (भवन के 1/2 भाग पर) | 434 | नई बस्ती नं.-1 | सालिम पुत्र हासिम | रजि0 हिबैनामा सं.-9779 दिनांक 23.09.2023 के आधार पर। |
| 13. | जाहिद पुत्र कामिल निवासी मौहल्ला नई बस्ती नं0 1 कस्बा बुढाना। | 434 | नई बस्ती नं.-1 | सालिम पुत्र हासिम | रजि0 बैनामा सं.-9582 दिनांक 20.09.2023 के आधार पर। |
| 14. | योगेश कुमार पुत्र त्रिलोकचन्द निवासी मौहल्ला पछाला पश्चिमी कस्बा बुढाना। (भवन से नईम द्वारा 2 विक्रित 2 दुकानो पर) नाम दर्ज होना है। | 175 | मण्डी दक्षिणी | नसीम अहमद व नईम अहमद पुत्र नसीर | रजि0 बैनामा सं.-1484 दिनांक 28.01.2025 के आधार पर। |
| 15. | ताहिर, गुलजार, शमशेर व अलीशेर निवासी मौहल्ला नई बस्ती नं0 1 कस्बा बुढाना। | 469 | नई बस्ती नं.-1 | रहीमा पत्नि सलीम | रजि0 वसीयत दिनांक 19.06.2018 के आधार पर। |
| 16. | मालती देवी पत्नि ओमप्रकाश 16. निवासी मौहल्ला पछाला पूर्वी कस्बा बुढाना। | 364 | पछाला पूर्वी | मीना पत्नि यामीन | रजि0 बैनामा सं.-6447 दिनांक 19.09.2020 के आधार पर। |
| 17. | राकेश कुमार पुत्र मंगतराम निवासी मौहल्ला पछाला पश्चिमी कस्बा बुढाना। | 83 | बाजार | दिनेश कुमार गोयल पुत्र बुद्धप्रकाश व रेखा रानी पत्नी दिनेश कुमार गोयल | रजि0 बैनामा सं.-5183 दिनांक 15.04.2025 के आधार पर। |
| 18. | राजगिर पुत्र सरजीत 1/2 भाग व भतेरी पत्नी राजगिर 1/2 भाग निवासी मौहल्ला मण्डी दक्षिणी कस्बा बुढाना। | 134 | मण्डी दक्षिणी | जगदीश पुत्र बीरबल | रजि0 बैनामा सं.-6945 दिनांक 15.10.2011 के आधार पर। |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बुढाना**

# यूडीओ कराएगी उर्दू प्रतियोगिता

## विश्व उर्दू दिवस पर होगा इनामी कार्यक्रम



**मुजफ्फरनगर।** गांव कुटेसरा में साहित्यिक संस्था उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन की बैठक कारी तौहीद अज़ीज़ के संस्थान दारुलउलूम असहाबे सुफ्फा में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कारी तौहीद अज़ीज़ ने की और संचालन तहसीन अली असारवी ने किया। बैठक की शुरुआत कारी मोहम्मद यामीन की तिलावत और नात पाक से हुई।

जिला अध्यक्ष कलीम त्यागी ने कहा कि पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी 9 नवंबर को विश्व उर्दू दिवस पर संस्था द्वारा हर साल उर्दू में विशेष योग्यता रखने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान जाएंगे। साथ ही उर्दू भाषा और साहित्य की निरूस्वार्थ सेवा करने वाली कई विभूतियों को भी सम्मानित किया जाता है। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी जूनियर हाई स्कूल, हाई स्कूल और इंटर पास करने वाले छात्रों की उर्दू में एक प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की जाएगी। संरक्षक डॉक्टर शमीमुल हसन, ने कहा कि सितंबर माह में उर्दू प्रतियोगिता कराई जाएगी, जिसके रजिस्ट्रेशन की तारीख और स्थान की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी। इस बार आवेदन फार्म ऑनलाइन भरे जाएंगे।हाजी सलामत राही, असद फारूकी, तहसीन अली, कलीम त्यागी, बदरुज्जमां खान, डॉक्टर सलीम अहमद सलमानी, मौलाना मूसा कासमी, शमीम क़स्सार, डॉक्टर फर्रुख हसन, हाजी शकील अहमद, कारी तौहीद अज़ीज़, शहजाद त्यागी, नदीम मलिक, मास्टर खलील अहमद, साजिद हसन त्यागी, गुलफाम अहमद, इशरत त्यागी और मास्टर इम्तियाज अली ने उर्दू के प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय पर सहमति बनाते हुए उर्दू अखबार और पत्रिकाएं खरीद कर पढ़ना तथा घरों और दुकानों के बाहर नाम की पट्टिका उर्दू में भी लगाने जैसे प्रस्ताव रखें।

# पूर्व मंत्री चौ. योगराज सिंह ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**मुजफ्फरनगर।** आज पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार चौधरी योगराज सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज से शिष्टाचार भेंट कर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र व जनपद मुजफ्फरनगर के विकास कार्यो से सम्बंधित मुद्दों पर चर्चा की साथ ही भैसाना शुगर मिल बुढाना के द्वारा किसानों के बकाया गन्ना भुगतान को शीघ्र कराने के संबंध में भी मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया।

इसी के साथ किसानों कि सिंचाई कि समस्याओं हेतु बरसाती राजवाहे व माइनर कुरथल राजवाहा,निरपुडा राजवाहा,टीकरी राजवाहा व भडल, मिलाना, सूजती, दोघट, भगवानपुर ,गैडबरा माइनर मे रबि व ख़रीफ़ दोनों फसलों में बरसाती के बजाय पूरे साल टेल तक पानी कि व्यवस्था,कल्याणपुर राजकीय इंटर कॉलेज व दीन दयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कालेज बिटावदा में टीचिग स्टाफ़ व अन्य सुविधाएं,बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अतिभारित विद्युत केन्द्रो कि क्षमता वृद्धि व यूरिया कि आपूर्ति व खाद की नकली कीटनाशक बेचने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए भी मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया। जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया।

# पानीपत हाईवे पर पुलिस ने पकड़े दो शातिर चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** रात्रि में चेकिंग के दौरान पुलिस ने पानीपत हाईवे पर दो चोरों को गिरफ्तार किया।

बृहस्पतिवार की रात्रि में पुलिस पानीपत हाईवे से गांव रेई को जाने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रही थी। एक बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पकड़े जाने के डर से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायर किए जिससे बदमाशों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर तलाशी ली तो उनके कब्जे से दीपक कुमार के घर से चोरी किए गए सोने चांदी के आभूषण नकदी आदि सामान बरामद किया पूछताछ में एक शादाब निवासी मोहल्ला कुंगरपटटी सुजडू थाना खालापार, फिरोज उर्फ अफरोज निवासी महराज मस्जिद के पास खालसा पट्टी सुजडू थाना खालापार बताया। दोनों को रात्रि में ही उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। सीओ सदर देवव्रत वाजपेई ने बताया कि दोनों ही शातिर चोर हैं उन पर सदर कोतवाली मुजफ्फरनगर में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## हिन्दूवादी नेताओं ने रिकॉल कराए गिरफ्तारी वारंट

**मुजफ्फरनगर।** सपा सरकार में वर्ष 2015 में शामली जनपद के गांव चौसाना के दो मुस्लिम युवकों के साथ एक युवती के होने की सूचना पर हिन्दु संगठन के नेता मौके पर पहुंचे थे। मौके पर मारपीट होने पर पुलिस ने युवती को उसके घर भिजवा दिया था, जबकि हिन्दु संगठन के नेताओं के खिलाफ नईमंडी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। इस मामले की सुनवाई एसीजेएम प्रथम देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चल रही थी। हिन्दुवादी संगठन के नेताओं के कोर्ट में उपस्थित न होने पर कोर्ट ने सभी के गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। गिरफ्तारी वारंट जारी होने पर शुक्रवार को मामले में आरोपी शिवसेना वेस्ट उप प्रमुख ललित मोहन शर्मा, हिंदु संघर्ष समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र पंवार, शिव सेना के जिला प्रमुख आनंद प्रकाश गोयल, शिवसेना नेता योगेन्द्र शर्मा व भुवन मिश्रा कोर्ट में पेश हुए। वरिष्ठ अधिवक्ता भीष्म पुंडीर ने कोर्ट में सभी की तरह से गिरफ्तारी वारंट रिकॉल कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। कोर्ट ने सभी आरोपियों के वारंट रिकॉल कर जमानत पर रिहा कर दिया है। मामले में कोर्ट में चार्ज भी फ्रेम कर दिया गया है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 15 सितम्बर की तिथि नियत की है।

# भाकियू भानू का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन 2 जुलाई को

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू भानू संगठन 02 जुलाई 2025 को जनपद मुजफ्फरनगर के कलेक्ट्रेट परिसर में किसानों एवं आम जनमानस की समस्याओं के निराकरण को लेकर एक पंचायत कर जिलाधिकारी को ज्ञापन देगा। समस्याओं की सूची निम्न है।

गन्ना किसानों का बकाया भुगतान चीनी मिलें एकमुश्त तत्काल करें। घरेलू बिजली के रेट कम हो एवं रात्रि में विद्युत कर्मी छापे के नाम पर आम जनमानस को परेशान न करें। जनपद में अवैध रूप से चल रही पेस्टीसाईड की फैक्ट्रियाँ तुरन्त बन्द हो। खान्जहाँपुर बुढ़ाना मोड़ पर अवैध रूप से चल रही तेजाब फैक्ट्री एवं मलीरा के पास टायर जलाने की फैक्ट्री तुरन्त बन्द हो। एआरटीओ कार्यालय पर हो रहे भ्रष्टाचार की जाँच कराई जाये। जनपद में अवैध रूप से काटी जा रही कालोनिया ध्वस्त हो एवं मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण इसके प्रति सख्त हो। अवैध रूप से चल रहे रोहाना लिंक मार्ग टोल व मीरापुर-सम्मलहेड़ा टोल तत्काल बन्द हो। भवन निर्माण सामग्री ढो रहे ट्रैक्टर-ट्रालियों का शहर के अन्दर सुबह 06:00 बजे रात्रि 09:00 बजे तक प्रवेश निषेद्य हो।

# जाट महासभा का दामन थामा, अंकुश प्रधान बने तहसील अध्यक्ष

**खतौली।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) से लंबे समय तक जुड़े रहे अंकुश प्रधान ने अब अखिल भारतीय जाट महासभा का दामन थाम लिया है। उन्हें जाट महासभा के जिला अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह द्वारा तहसील अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अंकुश प्रधान कई वर्षों तक भाकियू संगठन में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं और संगठन के विभिन्न उच्च पदों पर आसीन रह चुके हैं। किसान हितों और समाजसेवा के लिए हमेशा अग्रणी रहे अंकुश प्रधान का कहना है कि अब वे जाट समाज की एकता और अधिकारों की लड़ाई को और मजबूती से आगे बढ़ाएंगे। जिला अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह ने भरोसा जताते हुए कहा कि अंकुश प्रधान के नेतृत्व में महासभा को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

# सर्पदंश से अधेड़ महिला की हालत बिगड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तेज़ गर्मी व उमस के बढ़ते ही सांप सक्रिय होने लगे हैं।खादर क्षेत्र के गांव फिरोजपुर में अधेड़ महिला को सांप ने डंस लिया।आनन फानन में महिला को भोपा सीएससी पर भर्ती कराया गया जहां महिला का उपचार किया गया।

मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी पवन कुमार ने बताया कि उसकी माता ख्रष्णा देवी देर रात वॉशरूम में गई थी जहां पहले से बैठे सांप ने उन्के पैर के अंगूठे में डंस लिया जिस पर महिला ने शोर मचा दिया सांप काटने को लेकर परिजन भयभीत हो गये। आनन-फानन में परिजन अधेड़ महिला को झाड़ फूंक वाले तांत्रिक के पास ले गए लेकिन हालत बिगड़ती देख महिला को भोपा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। फिलहाल महिला की हालत स्थिर बताई गई है।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रणव तेवतिया ने की काँवड यात्रा को ख्रष्टिगत सर्प दंश के विशेष उपचार की सुविधा अस्पताल मे उपलब्ध है। सर्प दंश के मरीज को तुरंत अस्पताल मे लाया जाये।

# समाजवादियों ने भोकरहेड़ी में की पीडीए पर चर्चा

**मोरना।** पी डी ए चर्चा कार्यक्रम का आयोजन भोकरहेड़ी मे किया गया जिसमें सपा नेताओं ने 2027 चुनाव मे भारी जीत के लक्ष्य को लेकर कार्य योजना पर चर्चा की।कार्यक्रम मे स्थानीय बूथ अध्यक्ष सेक्टर प्रभारी व कार्यकर्ताओ ने भाग लिया।

कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला बाजार मे अजय चेयरमैन के आवास पर आयोजित कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने कहा की समाजवादी पार्टी आमजन के स्वार्थ के लिए कार्य करती है।समाज को तोड़ने की साजिश रच कर राजीनीति करने वाले जनता के सेवक नहीं हो सकते मीरांपुर विधानसभा उपचुनाव मे आठ हजार वोट काटने का काम प्रशासन द्वारा किया गया।चुनाव आयोग मत प्रतिशत बढ़ाने वोट बनाने के लिए बड़ी राशि खर्च करता है लेकिन साजिश के तहत गरीब व्यक्ति की वोट को काट दिया गया। समाजवादी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर पचास वोट ओन लाइन बनवाने का कार्य करें।धार्मिक उन्माद फेलाने समाज कमजोर होता है।एक जुटता, समानता और समाजवाद ही सच्चा राष्ट्रवाद है।समानता लोकतंत्र की पहचान है।आपस मे संवाद क़ायम कर अशांति फैलाने वालों को कड़ा जवाब दें।आज की सरकार पूँजीपतियों के इशारे पर चलती है। किसान आंदोलन के परिणाम स्वरूप किसानो की भूमि पूँजीपतियों के हाथ मे जाने से बच गयी।आज प्रदेश मे अपराध और भर्ष्टाचार चरम पर है।जातिवाद को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है।



प्रदेश सरकार के मन्त्री सरकार की कमियों पर रो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन काजी अफजल ने किया। इस दौरान अजय कुमार चौयरमैन,सर्वेन्द्र राठी प्रधान, डॉ. अलीशेर अंसारी, मौ.नवाब,रजनीश यादव, ख्रष्णपाल,मुस्तकीम मेंबर, काजी मुबशशिर, मंसूर अख्तर,पप्पू ठाकुर, देवराम भगत, डॉ. हनी, अख़्लाक़ प्रधान,पप्पू ठाकुर, जुबैर अख्तर, मौ. इसरार, राशिद मलिक, बाबुदीन,किरण कौशिक, पूरन, बृजवीर सिंह, संदीप, लोकेश, अंजार आदि मौजूद रहे।

# 5 दिनों से चल रहा धरना एसडीएम ने समाप्त कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** तहसील बुढाना परिसर में लगातार पांच दिन से चल रहे धरने को बुढ़ाना एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने अपने प्रयास से समाप्त करा दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना तहसील परिसर में किसान मजदूर संगठन का धरना लगातार पांच दिन से चल रहा था। एक दर्जन से भी अधिक मांगों को लेकर यह धरना दिया जा रहा था। आज चार्ज संभालने पहुंची नई एसडीएम मोनालिसा जौहरी धरनारत ग्रामीणों के बीच में पहुंची और धरने पर मौजूद संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अन्नु मलिक से बातचीत की। जिस पर एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने काफी देर तक हुई वार्ता के चलते सभी को आश्वस्त करते कहा कि उनकी समस्याओं के निराकरण पर काम किया जाएगा। जिसके चलते किसानों ने एसडीएम मोनालिसा जौहरी की बात मानते हुए धरना समाप्त करने की घोषणा की और एसडीएम का आभार जताया।

इस दौरान धरने पर किसान मजदूर संगठन के बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष कृष्ण कुमार, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार, सतेन्द्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष दिनेश ठाकुर, जिला अध्यक्ष लोकेश राणा, जिला सचिव ईश्वर सिंह, पूर्व चौबीसी अध्यक्ष घासीराम, संजय सिंह और सुरेंद्र राणा आदि कार्यकर्ता थे। यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरण सिंह और एसडीएम बुढाना मोनालिसा जोहरी ने धरना समाप्ति की घोषणा की।



# पुरानी रंजिश में मां-बेटे पर जानलेवा हमला

## घायल हालत में पहुँचे कोतवाली

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** पुराने विवाद को लेकर कुछ युवकों ने एक माँ-बेटे पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। लहूलुहान हालत में युवक अपनी माँ के साथ कोतवाली पहुँचा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

आदित्य पुत्र सेवाराम अपनी माँ कमला के साथ आधार कार्ड बनवाने गया था। इसी दौरान पूर्व रंजिश को लेकर आरोपियों सागर, प्रिंस और आयुष ने पहले गाली-गलौच की और फिर माँ-बेटे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। दोनों बुरी तरह घायल हो गए। घायल अवस्था में आदित्य अपनी माँ को लेकर कोतवाली पहुँचा और घटना की जानकारी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पति की मौत के बाद भी महिला हुई गर्भवती

**बुढ़ाना।** चार साल पहले एक महिला के पति की मौत किसी कारण के चलते हो गयी थी। तब महिला का प्रेम प्रसंग किसी युवक से हो गया तो वह सात महीने की गर्भवती हो गयी। आज उसने कहीं अज्ञात स्थान पर डिलीवरी कराकर अपने नवजात शिशु को गला घोंटकर मार डाला। इससे पहले महिला नवजात शिशु के शवघ्को घर में बनी लैट्रीन के गड्ढे में डालती तब किसी महिला ने शोर मचा दिया और भांडा फूट गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के बड़कता रोड निवासी एक महिला का पति लगभग चार साल पूर्व किसी कारण से मर गया था। तब महिला के अवैध संबंध किसी युवक से हो गये। अब महिला सात माह की प्रेगनेंट थी तो लोक लाज के चलते महिला ने किसी अज्ञात स्थान पर अपनी डिलीवरी करवाई और कुछ ही घंटों बाद बच्चे को लेकर अपने घर आ गयी। तब उसने मौका पाकर अपनेघ्नवजात शिशु को गला घोंटकर मार दिया और उसके शव को घर में बनी लैट्रीन के गड्ढे में डालने का प्रयास कर रही थी तो पडोस की किसी महिला ने उसको ऐसा करते हुए देख लिया और शोर मचा दिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर मौहल्ले के अन्य लोग आ गये और उन्होंने महिला को खरी खोटी सुनाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को फटकार लगाते हुए नवजात शिशु को अपने कब्जे में ले लिया। समाचार लिखे जाने तक देर रात बुढाना पुलिस मौके पर थी और लोगों का हंगामा जारी था।

### सार्थक आर्य वर्ल्ड कराटे के लिए जाएगा यूरोप

**मुजफ्फरनगर।** शहर के खिलाड़ी सार्थक आर्य का चयन यूरोप में 23 से 29 जून तक होने वाली वर्ल्ड कराटे फेडरेशन द्वारा कराटे यूथ लीक 1 पोरेक 2025 में होने पर पूरे देश के कराटे खिलाड़ियों में हर्ष की लहर दौड़ रही है। जिला कराटे एसोसिएशन ऑफ मुजफ्फरनगर के सचिव एवं इंटरनेशनल कराटे अकेडमी ऑफ इंडिया के डायरेक्टर शिहान वेदप्रकाश शर्मा ने बताया कि अब खेलों में भी खिलाड़ियों का भविष्य उज्जवल है और सार्थक आर्य उनकी कराटे अकेडमी के टॉप 10 खिलाड़ियों में से एक है तथा अनेकों राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय, यूनिवर्सिटी गेम्स आदि बड़ी कराटे प्रतियोगिता में पदक विजेता रहा है और अब विदेशों में भी दमदार प्रदर्शन कर भारत देश का नाम रोशन कर रहा है।

### संभलहेड़ा में सीसी रोड किनारे मिट्टी भराव की मांग

**मीरापुर।** क्षेत्र के ग्राम सम्भलहेड़ा में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मेन हाईवे से गांव तक बनाई गई सीसी रोड के दोनों किनारों पर मिटी न डाले जाने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रोड के किनारे गड्ढे हो गए हैं जिससे सड़क ऊंची हो गई है और लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर को पत्र भेजकर जल्द समाधान की मांग की है। गांव के पूर्व प्रमुख अनार सिंह रवि व अन्य ग्रामीणों का कहना है कि करीब 70 मीटर लंबी इस सीसी सड़क की एक ओर काली सड़क भी जुड़ी है, लेकिन दोनों ओर मिटी न डाले जाने से खासकर पैदल चलने वाले, बुजुर्ग और बच्चे गिरकर घायल हो रहे हैं। इस रोड पर अगर सामने से कोई वाहन आ जाये तो बचने के लिए जगह नही बचती हैं जो दुर्घटना मुख्य कारण है। ग्रामीणों ने बताया कि श्रावण मास के दौरान भारी संख्या में शिवभक्त इसी मार्ग से होकर सम्भलहेड़ा मंदिर में जलाभिषेक करने आते हैं। बरसात के मौसम और कांवड़ यात्रा को देखते हुए यह मार्ग अत्यंत संवेदनशील हो जाता है। मिटी भराव न होने से सड़क के किनारे फिसलन और गहराई से हादसों की आशंका और बढ़ गई है। गांववासियों ने प्रशासन से मांग की है कि कांवड़ यात्रा से पूर्व सड़क के दोनों किनारों पर कम से कम 10 फीट तक अस्थायी रूप से मिटी भर दी जाए ताकि दुर्घटनाएं रोकी जा सकें और आमजन को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्यवाही की उम्मीद जताई है।

### पहले मोहर्रम पर अकीदतमंदों ने किया मातम

**मीरापुर।** मोहर्रम की पहली तारीख को कस्बा मीरापुर सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अकीदत और गम के साथ यादे कर्बला ताजा की गई। इमामबाड़ों व घरो में मजलिसों का आयोजन किया गया तथा कर्बला के शहीदों की कुर्बानियों को याद किया गया।

शुक्रवार को पहले मोहर्रम के मौके पर अकीदतमंद काले लिबास में नजर आए। इस दौरान मीरापुर के इमामबाडा पंचदरा पर अंजुमनों ने नौहा ख्वानी और सीना जनी करते हुए इमाम हुसैन और उनके जांनिसारों की शहादत को याद किया। मीरापुर कस्बे के अलावा ग्राम कैथोडा, रसूलपुर, सम्भलहेडा, सिखरेडा, चुडियाला, मुझेडा, वलीपुरा आदि में भी मोहर्रम को लेकर गमगीन माहौल रहा। मजलिसों में मौलाना वसीम असगर बनारसी ने कहा कि मोहर्रम मातम का महीना है, यह त्याग, बलिदान और इंसाफ की मिसाल है। इमाम हुसैन ने कर्बला की जंग में अपनी जान देकर सच्चाई और इंसानियत की राह को जिंदा रखा। सैयद नजीर हैदर जैदी ने बताया कि मोहर्रम का महीना हमें अन्याय के विरुद्ध खड़ा होने और मानवता के पक्ष में आवाज उठाने की प्रेरणा देता है। पहले मोहर्रम का यह दिन इमाम हुसैन की याद में पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। मजलिस में सैयद हैदर मेहदी जैदी एडवोकेट, शबी हैदर, कमर अब्बास, शाहीन रजा, सज्जाद हेदर, मौहम्मद मुन्तजिर, मजहर अब्बास, वसीम हैदर, शब्बीर हैदर, अली हुसैन आदि मौजूद रहे।

### प्रतिबंध के बावजूद जोरों पर जारी अवैध मिट्टी खनन

**खतौली।** भले ही मिट्टी खनन पर सख्त प्रतिबंध लागू हो, लेकिन हकीकत इससे एकदम उलट नजर आ रही है। नगर में इन दिनों मिट्टी खनन माफिया पूरी तरह बेलगाम नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को एक बार फिर नगर के बीचों-बीच से मिट्टी से लदी ट्रॉलियों का काफिला-दिनदहाड़े गुजरता देखा गया, लेकिन हैत्ररत की बात यह रही कि किसी भी जिम्मेदार अधिकारी की नजर इन ट्रॉलियों पर नहीं पड़ी, या यूं कहें कि नजरअंदाज कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रोजाना दर्जनों ट्रॉलियां नगर के अलग-अलग रास्तों से निकलती हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। इससे साफ जाहिर होता है कि खनन माफियाओं के आगे स्थानीय प्रशासन पूरी तरह नतमस्तक हो चुका है। नगर के आसपास के क्षेत्रों में कुछ भूमाफिया अवैध प्लॉटिंग करने के लिए बड़े स्तर पर मिट्टी खनन करा रहे हैं। प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम नगर क्षेत्र से ट्रॉलियों का इस तरह गुजरना कई सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों में प्रशासन की निष्क्रियता को लेकर आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि यदि यही हाल रहा तो नगर की सड़कों के साथ-साथ पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंचेगा।

### वारंट का डर दिखा पुलिसकर्मियों ने युवक से वसूले 55 सौ रुपये

**बुढ़ाना।** एक ग्रामीण को वारंट का डर दिखाकर एक चौकी पर तैनात दो पुलिसकर्मियों ने 55 सौ रुपये की अवैधघ्वसूली कर ली। पीड़ित अभी भी डरा सहमा हुआ है। पीड़ित युवक ने दोनो पुलिसकर्मियों के विरु) कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी शाहिद जो कि जौला यूथ क्लब का सदस्य है और अपने ट्रेक्टर ट्रोले के द्वारा ईंटों की ढुलाई कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। गत वर्ष उससे कोई एक्सीडेंट हो गया था। जिसका मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। बीते दिन क्षेत्र की एक चौकी पर तैनात 2 पुलिसकर्मी उसके घर पर पहुंचे और उसको यह बताकर मोटर साइकिल पर अपने साथ ले गये कि चलो थाने तुम्हारे वारंट हो गये हैं तो शाहिद डर गया। उसने दोनों पुलिसकर्मियों को एक बैंकट हाल के पास रोककर छोड़ने की गुहार लगाई तो आरोप के मुताबिक एक पुलिसकर्मी ने उसको अपने मोबाइल में कोई कागज दिखाकर डराया और कहा कि ये उसके केस के वारंट हैं। कुछ दो तो जान बचे। तब बेचारे ने दोनों पुलिसकर्मियों को 55 सौ रुपये देकर अपना पिंड छुड़ाया और पूरी बात जौला यूथ क्लब की मीटिंग में रखते हुए दोनों पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की।

# पूर्व विधायक ठाकुर रत्नाकर का स्वागत

**बुढ़ाना।** बिहार राज्य की शिवहर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ठाकुर रत्नाकर सिंह मुजफ्फरनगर के ज़िला प्रवासी के रूप में बुढ़ाना मंडल में पूर्व सभासद मुकेश शर्मा के आवास पर पहुंचे।

जहा पर उनका पटका पहनाकर स्वागत किया गया। यहीं से ज़िला प्रवासी पूर्व विधायक ठाकुर रत्नाकर सिंह खतौली रोड पर स्थित बजाज शुगर मिल पर कार्य कर रहे बिहारवासियों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं के बारे में विस्तृत से बताया और आगामी बिहार विधानसभा के चुनाव के बारे में जानकारी दी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार के द्वारा प्रदेश के विकास के बारे में विस्तृत से समझाया।

यहां पर मुख्य अतिथि के रूप में शिवहर विधानसभा से पूर्व विधायक व जिला मुजफ्फरनगर प्रवासी ठाकुर रत्नाकर रहे। इस दौरान बुढ़ाना मंडल से भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमैन विनोद सैनी, पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष मोनू कुर्थल, सोशल मीडिया संयोजक बुढ़ाना मंडल मौहम्मद शाहिद, शैंकी चौहान व बिहार के लोग भी उपस्थित रहे।



# कबाड़ियों और ई-रिक्शा चालकों ने सड़कों पर किया अतिक्रमण

**बुढ़ाना।** कस्बे के लुहसाना रोड व सफीपुर रोड पर कबाड़ियों व ई-रिक्शा चालकों के द्वारा किया जाने वाला अतिक्रमण अब इतना हो गया है कि हर वक्त दोनों ही रास्तों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। यदि कोई वाहन स्वामी किसी कबाड़ी को सामान हटाने या फिर ई-रिक्शा हटाने को कहता है तो वहां वे लोग झगड़े पर आमादा रहते हैं। हालात यह है कि प्रतिदिन जाम की लंबी लाइन लगी रहती हैं। इतना ही नहीं पीर शाह विलायत के पास लुहसाना रोड पर दोनों तरफ ई-रिक्शा की लाइन लगी रहती है। इसके अलावा सफीपुर रोड पर मस्जिद के पास एक कबाड़ी ने दोनों ही तरफ से रास्ते पर अतिक्रमण किया हुआ है। मतलब एक धार्मिक स्थल की दीवार के नीचे भी लगभग 02 मीटर की जगह तक कबाड़ा रखा हुआ है और अपनी दुकान के सामने भी कबाड़ा फैलाया हुआ है। बड़ी मुश्किल से बीच रास्ते से वाहन गुजरता है।

इस रास्ते से गांव सफीपुर, बवाना, खानपुर और कपूरगढ़ समेत कई गावों के लोगों की आवाजाही रहती है। इसकी शिकायत कई बार ग्रामीणों ने पुलिस से भी की मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। क्या पुलिस और प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी होने की इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि पहले भी कई बार इन्हीं जगहों पर इसी प्रकार से दोनों समुदाय के लोगों में बड़े झगड़े हो चुके हैं। यह वक्त प्रशासन की चेतना का है।

## नहर के पानी से सैंकड़ों बीघा फसलें हुई नष्ट

बुढ़ाना। ब्लाक क्षेत्र के ग्राम कुरथल मे स्थित चौगामा नहर के पानी का लेविल सही नहीं है। जिसके चलते नहर का पानी दर्जनों घरों में घुस गया और गांव के मुख्य मार्ग पानी से लबरेज हो गये और यही नहीं किसानों की सैंकड़ों बीघा फसल भी जलमग्न हो गयी। गांव कुरथल के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कुरथल की चोगामा नहर मे पानी आने पर ओवर फ्लो होने के कारण पटरी टूट जाती है। अधिकारियो को सूचना करने पर भी कोई उचित कार्यवाही नही होती। जिसके कारण गांव के काफी किसानो की सैंकडो बीघा फसल नष्ट हो गयी और घरो व मुख्य मार्गों पर जल भराव की स्थिति बन गयी। जिसके कारण गांव वालो को आने जाने मे परेशानियों का सामना करना पड रहा है और ग्राम मे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण विनोद कुमार, अमित, राकेश, दुष्यंत कुमार, सोनी, संजीव कुमार, रवि प्रताप सिंह, विशाल कुमार, अभिषेक कुमार और राजीव आदि ग्रामीणों ने नई एसडीएम मोना. लिसा जौहरी से मांग की है कि वह इसकी उचित जांच कराकर समस्या का समाधान कराकर दोषी अधिकारी वघ्कर्मचारी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करें और किसानों को नष्ट हुई फसल का मुआवजा दिलाया जाए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सऊदी से फोन पर तीन दी तलाक, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** अतिरिक्त दहेज मे 5 लाख की मांग पूरी न होने पर आरोपी पति ने सऊदी अरब से अपनी पत्नी को फोन पर तीन तलाक कह दिया।

पीड़ित महिला ने मुस्लिम महिला विवाह पर अधिकार अधि. नियम सहित विभिन्न धाराओं में पति ससुर सास सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है।

थाना भवन नगर के मोहल्ला रेती निवासी शमशाद की पुत्री फरीन ने थाना भवन थाने में तहरीर दी कि पीड़ित का निकाह गत 18 नवम्बर 2021 को इकबाल के लड़के प्रवेज निवासी जलालाबाद के माथ मुस्लिम रीतिरिवाज के साथ हुआ था।

पति पत्नी ठीक प्रकार से रह रहे थे। आरोप है कि निकाह के कुछ समय बाद ही ससुराल वालों ने महिला के साथ मारपीट उत्पीडन शुरू कर दिया। कुछ समय बाद पीड़िता का पति सऊदी अरब चला गया। आरोप है पति के जाने के उपरान्त ससुर इकबाल, सास बानों, ननद सबिया ने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। गत 14 मई को पांच लाख रूपए की मांग करते हुए आरोपी ससुरालयों ने पीड़ित महिला के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया।

आरोप है कि इस बीच आरोपी पति ने सऊदी अरब से फोन कर महिला को तीन बार तलाक तलाक कहकर पीड़िता को तलाक दे दिया। पीड़िता ने मामले को लेकर थाने में तहरीर देकर आरोपी पति सास ससुर व नंद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मामले में पुलिस ने जहां तीन तलाक मामले में मुस्लिम महिला विवाह पर अधिकार की सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया है वही ससुरालियो पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस मामले की जाच में जुटी है।

# दर्ज मुकदमे वापस लेने को किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** विधुत विभाग के द्वारा किए गए मुकदमे व जुर्माने को लेकर शहीद भगत सिंह युवा समिति के कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पर छठे दिन भी धरना जारी रखा। शुक्रवार को नगर पंचायत सभासदों ने एक साथ पहुंच कर धरने में समर्थन किया और उन्होंने कहा कि विधुत विभाग द्वारा समझौता करने के बाद मुकदमा करना व किसानों पर जुर्माना के नोटिस भेजना गलत है। वही समिति कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तक विद्युत विभाग समझौते के अनुसार मुकदमे व जुर्माने के नोटिस वापस नहीं लेता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में सभासद टोनी, ओमवीर,दीपक,जितेंद्र, सुशील, सचिन, अमित,यशपाल, विपिन सभासद, इंद्रपाल, जितेंद्र, सत्यवान,अमित कुमार, सुशील,बबलू कुमार, यशपाल, सुरेंद्र,नीरज पहलवान अरविंद, राजेंद्र , प्रमोद चौधरीआदि शामिल रहे।

# ग्राम चौपाल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** विकास खंड थानाभवन के अंतर्गत ग्राम पंचायत खेडागड़ाई व हिरनवाडा में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें समस्याएं सुनकर समाधान किया गया। प्रभारी खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार की अध्यक्षता में हुए ग्राम चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। चौपाल में अपने-अपने विभाग की योजनाओं के बारे में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी दी गई, जो समस्याएं आई उसको सुनकर अधिकारियों ने समाधान कराया। अधिकारियो ने चौपाल के उद्देश्य पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। चौपाल में राशन कार्ड की समस्या का निस्तारण भी गया।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संबंध में बीएमएम ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस मिशन से ग्रामीण महिलाएं जुड़े समूह का गठन करें। ए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महती भूमिका निभा रही है। पंचायती राज विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी उपस्थित ग्रामीणों को डी गई। इस अवसर पर एडीओ पंचायत समाज कल्याण अनिल कुमार, ग्राम प्रधान अमित कुमार, ग्राम प्रधान नीरज कुमार, ग्राम सचिव सचिन कुमार, सचिव रश्मिकान्त, बाल विकास अधिकारी, पंचायत सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वास्थ्य कर्मी और ग्रामवासी मौजूद रहे।

# बकाया बिल जमा करने को लेकर टीम से हाथापाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** उपभोक्ताओं से बकाया बिल को लेकर कस्बे में भ्रमण कर रही विद्युत विभाग की टीम के साथ उपभोक्ताओं द्वारा मारपीट की गई, जिसके बाद विद्युत विभाग की टीम द्वारा चार लोगो को नामजद करते हुए मामले में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शुक्रवार को विद्युत विभाग की टीम अवर अभियंता सुरजीत कुमार द्वारा पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मय संविदाकर्मी लाईनमैन सुधीर, इस्लाम, अमित, मेहराण, संजय उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार संयोजन विच्छेदन व राजस्व वसूली हेतू उपभोक्ता अजय पंवार मौहल्ला तलाही के यहां पहुंचे। उपभोक्ता अजय पंवार के यहां मोहित पवार से बिल जमा कराने के लिए कहा गया। लेकिन मोहित द्वारा विरोध करते हुए संयोजन विच्छेदन नहीं करने दिया।इसी बीच मोहित के यहां किराएदार रह रहे बिल्लू राणा पुत्र महेन्द्र,वंश,आकाश निवासी मौहल्ला सैदमीर द्वारा संविदाकर्मी लाइन मेन सुधीर के साथ मारपीट करते हुए सुधीर के हाथ में सरकारी दस्तावेज छीनकर फाड़ दिए।वहीं दौबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी गई। जिसमें सुधीर को काफी चोट लग गई। उपरोक्त आरोपियों द्वारा सरकारी कार्य में बांधा की गई। कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिन विभागों को दायित्व मिला है, वह कार्य करना सुनिश्चित करें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान द्ध01से 31 जुलाई 2025 एवं दस्तक अभियान द्ध11 से 31 जुलाई 2025 तक चलेगा।बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय अधिकारियों को अभियान के तहत गाइड लाइन के अनुसार माइक्रोप्लान बनाकर गतिविधियां संचालित सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों को जो दायित्व सौंपा गया हैं वह उसके अनुसार स्वास्थ्य विभाग के साथ आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। एवं समय से रिपोर्ट भी करना सुनिश्चित करेंगे।




इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में समीक्षा करते हुए यूनिसेफ और ॅभ्व का प्रेजेंटेशन हुआ जिसमें समस्त चिकित्सा अधीक्षक को शत प्रतिशत सुपरविजन के निर्देश दिए तथा टीकाकरण से इंकार करने वाले परिवारों को मोबाइलाइज कराया जाए।समीक्षा के दौरान डीएम को गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कांधला और थानाभवन लक्ष्य के सापेक्ष कम होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों चिकित्सा अधीक्षकों को कारण बताओं नोटिस के निर्देश दिए। समीक्षा में पाया गया कि संस्थागत प्रसव में कांधला, कुड़ाना ओर कैराना लक्ष्य के सापेक्ष कम उपलब्धि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित चिकित्सा अधीक्षक से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश के साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी को थानाभवन में प्राइवेट नर्सिंग होम की डिलीवरी ज्यादा होने की जांच के निर्देश दिए। एचआरपी महिलाओं को जो सर्विस दी जा रही है उन सभी का फॉलो-अप कर उसकी लिस्ट बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने 46 उपकेंद्रों को तत्काल क्रियाशील करने के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने आरबीएसके टीम को निर्देशित किया कि जितने भी सेम बच्चे हैं उनके घर जाकर चिन्हांकन कर सूची बनाएं जाएं और अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी जिला अस्पताल में भर्ती कराना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग के एक बाबू द्वारा विभागीय दायित्व में लापरवाही के चलते उनका पटल चेंज करने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा टीबी के एक मरीज को पोषण पोटली भी वितरित की गई।



बैठक में आशुतोष कुमार वास्तव जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रेजेंटेशन की प्रस्तुति की गई।बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार, सीएमएस डॉ किशोर आहूजा, एसीएमओ अश्वनी शर्मा, अतुल बंसल, डॉ करन चौधरी डीआईओ, डी पी ओ आईसीडीएस, समस्त चिकित्सा अधीक्षक एवं डीसीपीएम फहीम अहमद अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### द्वादश ज्योतिर्लिंग पर महा आरती का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** द्वादश ज्योतिर्लिंग आरती समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ की मासिक महा आरती का आयोजन किया गया संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह आरती हर माह कृष्ण पक्ष की चौदस को होती है पंडित सुधीर मुंडेपी और कुलानंद मुंडेपी और अंगद पांडे ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराने के बाद महा आरती कराई महा आरती के बाद सभी भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई आरती में आसपास के सैकड़ो भक्तों ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया आरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया इस मौके पर प्रवीण बंसल लव बंसल मुग्धा बंसल निधि गर्ग पंकज अग्रवाल अनिल रेनू बंसल गीता अजय गोयल सुशील ऐरन संगीता विजय गुप्ता दुष्यंत मित्तल वीणा अग्रवाल पिंकी अग्रवाल लोकेंद्र संगल नीतू बंसल गीता रानी खजांची आदि भक्त मौजूद रहे।

### दो अभियुक्तों को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वर्ष 2003 में अभियुक्त अनवर पुत्र सुबरती निवासी करमूखेडी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि व 2000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित व अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस के अतिरिक्त कारावास सजा का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2004 में अभियुक्त अनवर पुत्र सुबरती निवासी करमूखेडी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि व 2000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित व अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस के अतिरिक्त कारावास सजा का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2003 में अभियुक्त गरीबा पुत्र सूबेसिंह निवासी कैडी थाना बाबरी जनपद शामली के विरुद्ध थाना बाबरी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय एसीजे/जेडी/जेएम कैराना द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय उठने तक की सजा व 1000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश को काउंसलिंग 27 जून से प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा आयोजित पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित होने के पश्चात अब काउंस. लिंग प्रक्रिया प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। जनपद शामली के राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में काउंसलिंग की प्रक्रिया 27 जून 2025 में आरंभ होगी। जनपद शामली स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक MMIT जसाला एवं राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, शामली में ऑनलाइन काउंसलिंग हेनु व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। दोनों संस्थानों में हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं, जहां अभ्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

### सीएम उद्यमी योजना का लाभ लें युवा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बीडीओ उमाकांत मुदगल ने मुख्यमंत्री युवा उद्यम योजना से हाईस्कूल पास 21 साल से 40 साल तक के युवाओं को पांच लाख रूपए तक चार सालों के लिए ब्याज रहित ऋण और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से समूह का गठन समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर प्रधान विनोद कुमार,देवेन्द्र राणा,बीएच ऊन,दीपक शर्मा ग्राम विकास अधिकारी, सुधीर बीसी, रविन्द्र कुमार,सतीश कुमार,राजेन्द्र,नवाब राणा, महिपाल, सुमन देवी दिनेश कुमार, रमेश, फूलचंद्र, मंगला देवी, नीलम देवी, प्रिया त्रिपाठी व पुष्पा देवी आदि मौजूद रहे।

### कैश मेमो व स्टाक रजिस्टर पूर्ण करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी, शामली प्रदीप कुमार यादव द्वारा समस्त कीटनाशी विक्रेताओ को निर्देशित किया जाता है की सभी किसान भाईयों को रसायन क्रय पर उन्हे कैश मेमो जिस पर रसायन का नाम बैच नम्बर विनिर्माण तिथि अवसान तिथि एवं विकय मूल्य अंकित हो अवश्य उपलब्ध कराएं।

स्टाक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर एवं कैश मेमो पूर्ण कर अपने दुकान पर रखे। दुकानदार द्वारा कैश मेमो न देने पर किसान भाई जिला कृषि रक्षा अधिकारी, शामली को सूचित कर सकते है। नियम निर्देशो का पालन करते हुए ही व्यापार करें, तथा छापेमारी के दौरान कीटनाशक विक्रेताओ की दुकानो पर कई कमियां प्रकाश में आ रही है।

# अनुसूचित जातियों के हितों की रक्षा करेगी सपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अनुसूचित जातियों में विस्तार करने के लिए समाजवादी पार्टी ने समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के साथ ही बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी का गठन किया है जिसके माध्यम से अनुसूचित जाति के युवाओं को पार्टी के साथ जोड़ा जा सके।समाजवादी पार्टी के भैंसवाल स्थित कैम्प कार्यालय पर बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनिल कोरों के स्वागत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सलेक प्रधान ने अनिल कोरी का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा सरकार मे अनुसूचित जातियों का उत्पीड़न हो रहा है उनके संवैधानिक अधिकारों पर लगातार हमले किए जा रहे है,ऐसे समय में कोरी समाज के युवा नेता अनिल कुमार के आने से पार्टी मजबूत होगी तथा हम सभी मिलकर 2027 में सत्ता परिवर्तन के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगे।

प्रोफेसर सुधीर पंवार ने अनिल कोरी एवं नव नियुक्त थानाभवन ब्लाक अध्यक्ष डा गुफरान को नियुक्ति के लिए बधाई दी तथा उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी से बड़ी संख्या में पीडीए के लोग जुड़ रहे हैं जिससे 2027 में सत्ता परिवर्तन होना तय है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अनुसूचित एवं पिछड़ी जातियों के साथ भेदभाव किया है,इन जातियों के युवाओं को आरक्षण के लाभ से वंचित किया जा रहा है तथा राजनीति में भी उन्हे कम महत्व मिल रहा है। अनिल कोरी एवं डा गुफरान राव ने पार्टी ने पार्टी कार्यक्रमों एवं सिद्धांतों को घर-घर पहुंचाने तथा अखिलेश यादव को 2027 मे मुख्यमंत्री बनाने के लिए काम करने का संकल्प लिया। इसके पश्चात मिष्ठान वितरण हुआ। इस अवसर पर पवन पंवार,सावन,आरिफ, विनीत मुखिया सुमित, योगेंद्र प्रधान, चौधरी सत्यवान,नीरज पहलवान आदि उपस्थित रहे।



# कांवड़ के दृष्टिगत कांवड़ मार्ग दुरुस्त हो: एडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सत्येन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), शामली की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से सड़क सुरक्षा की दृष्टि से एजेंडा बिंदु के अनुसार समीक्षा करते हुए उचित दिशा निर्देश देते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट, स्पीड ब्रेकर,व संकेतक लगाने के निर्देश के साथ ही जहां पर भी अधिक रोड एक्सीडेंट होते हैं उन स्थानों को पर विशेष रूप से सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए साथ ही अतिक्रमण पर भी कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित द्वारा अपर जिलाधिकारी को जो भी कार्य कराए गए है उसके बारे में अवगत कराया कि बधेवध गोहरनी टपराना जंक्शन पर हाई मास्क लाईट लगा दी गई है। अवगत कराया कि बनत बाईपासध्बलवा बाईपास पर प्रस्तावित फ्लाईओवर का आई.ए.सी. कमेटी द्वारा टेक्निकल स्वीकृत प्रदान की गई है आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए काबडौत पुल पर सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश के साथ ही एन.एच. ए.आई. को रोड सेफ्टी के मानक अनुसार स्थाई समाधान के निर्देश दिए कहा यदि कहीं भी एन.एच.ए.आई. की लापरवाही के कारण एक्सीडेंट हुआ तो मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने मानक के अनुसार यातायात के नियमों का पालन न करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश के साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने आगामी कावड़ मेला के .ष्टिगत कावड़ मार्ग को दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित को दिए।




बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक परमानन्द झा, सभी एसडीएम सहित राज कुमार, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खण्ड लो.नि.वि., साहयक अभियंता दीपेंद्र जायसवाल, एआरटीओ शामली रोहित राजपूत, यातायात सहित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# यूरिया के बोरे लूटने में गलत तरीके से फंसाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के कार्यकर्ताओं ने हथछोआ समिति के पुत्र को यूरिया के बोरे लूटने के मामले में गलत तरीके से जेल भेजने का आरोप लगाया है उन्होंने प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की। भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के जिला अध्यक्ष कालेन्द्र मलिक के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला उन्होंने हथछोआ समिति के ट्रक से यूरिया केबोरे लूटने के मामले को गलत बताया उन्होंने सभापति के पुत्र को गलत तरीके से फसाने का आरोप लगाया उन्होंने बताया कि समिति पर कुछ लोग दबंगता से खाद ले जाते हैं अन्य किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा था जिस कारण समिति के सचिव व खाद इंचार्ज के कहने पर किसानों को ऊन बाईपास पर खाद दिया गया था खाद के पैसे भी खाद इंचार्ज सचिन कुमार को दे दिए गए थे फिर भी देवेंद्र कुमार के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर दिया गया उन्होंने इस संबंध में जिला. धिकारी से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में अजय कुमार मांगेराम अमित कुमार आदि शामिल रहे।

# नशा न करने को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को 85 यूपी बटालियन एनसीसी शामली के तत्वाधान में बटालियन परिसर में एनसीसी कैडेट्स को नशीली दवाइयों तथा नशा न करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सीपी भदौला ने नशा न करने की शपथ दिलाई।




इससे पूर्व कैडेटों को संबोधिक करते हुए प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सीपी भदौला ने कहा कि नशीली दवाइयों तथा नशे से संबंधित किसी भी सामग्री का स्वयं और समाज को प्रयोग न करे। कहा कि नशा हमारे शरीर को ही नहीं अपितु हमारे मनोमस्तिष्क को भी कमजोर कर देता है।

जिसके कारण व्यक्ति मनोरोगी बन जाता है तथा जीवन में किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के आत्मविश्वास तथा इच्छा शक्ति को खो देता है। इसलिए एनसीसी कैडेट होने के नाते आपको स्वयं तो नशे तथा नशीली दवाइयों से दूर रहना ही है। साथ साथ अपने परिवार, रिश्तेदारी, गली, मोहल्ले, गांव तथा शहर में भी लोगों को जागरूक करना है और नशीली दवाइयों तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करना है।

इस अवसर पर सभी जेसीओ, एनसीओ तथा विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।


## नगरपालिका परिषद शामली ( जनपद शामली )

पत्रांक: 71 दिनांक: 27.6.2025

**आवश्यक सूचना**

दुकानों के प्रीमियम की नीलामी

नीलामी दिनांक 04.07.2025 समय सुबह 11:00 बजे, यदि किसी कारण नीलामी दिनांक 04.07.2025 में नहीं होती है, तो दिनांक 08.07.2025 समय सुबह 11:00 बजे की जाएगी।

विवरण:- 1. भैंसवाल रोड नई मण्डी के सामने स्थित प्रथम तल पर यथास्थिति 03 दुकानें
2. कुडाना रोड स्थित प्रथम तल पर यथास्थित 08 दुकानें
3. एम0 एस0 के0 रोड गुरुद्वारा के सामने यथास्थिति 01 दुकान

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त विवरण के अनुसार उक्त दुकानों के प्रीमियम की नीलामी सार्वजनिक बोली द्वारा की जानी है। जिसके लिए बोलीदाता को अंकन 100000/- रुपये प्रति दुकान प्रत्येक बोलीदाता को बोली से पूर्व बोली शुल्क के रूप में जमा कराना अनिवार्य होगा। उच्चतम बोलीदाता को उच्चतम बोली का 1/4 भाग धनराशि मौके पर जमा करानी होगी। शेष धनराशि बोली स्वीकृत होने के एक सप्ताह में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। उच्चतम बोली में जमानत के रूप में जमा धनराशि का समायोजन अन्तिम जमा धनराशि में किया जाएगा। किसी भी बोली को या समस्त बोली को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष महोदय एवं अधिशासी अधिकारी महोदय में निहित होगा। शेष शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद शामली के कर विभाग में देखी जा सकती है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एंव अन्य पिछडा वर्ग हेतु आरक्षण नियमानुसार लागू होगा

**अध्यक्ष** **अधिशासी अधिकारी**

# विधायक के खिलाफ कोई सबूत नहीं दे पाईं कोमल

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिल किरत सिंह ने उनके खिलाफ किये जा रहे षडयंत्र की बताई सच्चाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गंगोह विधायक चौ. किरत सिंह पर आरोप लगाने वाली भाजपा नेत्री मीडिया के सामने कोई भी सबूत नही दिखा पाई। जबकि उसके द्वारा सबूत पेश करने का दावा किया गया था। वहीं विधायक चौ.किरत सिंह की सीएम योगी से मुलाकात के बाद भाजपा नेत्री को संगठन से बाहर कर दिया गया है।

भाजपा नेत्री कोमल चौधरी द्वारा महापंचायत की घोषणा की गयी थी, लेकिन महापंचायत की कोई अनुमति नही ली गयी। पुलिस ने महापंचायत न होने दी तो कोमल मीडिया से रूबरू हुई, लेकिन उनके द्वारा विधायक के खिलाफ लगाये गये आरोपों का एक भी सबूत नही दिखाया गया। उधर चौ.किरत सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह सैनी के साथ लखनऊ पहुंचे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होने भाजपा नेत्री कोमल द्वारा लगाये गये आरोपों को अपने खिलाफ षडयंत्र बताते हुए सच्चाई सीएम के समक्ष रखी। आज सडको पर कोमल समर्थक प्रदीप चौधरी जिन्दाबाद व किरत सिंह मुर्दाबाद के नारे लगाते देखे गये। जिससे यह आभास हुआ कि पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी भी कोमल चौधरी के पक्ष में है।




### आरोप लगाने वाली कोमल चौधरी भाजपा से निष्कासितः शीतल

**सहारनपुर।** भाजपा विधायक चौ. किरत सिंह पर आरोप लगाने वाली भाजपा महिला मोर्चा की महानगर मंत्री कोमल चौधरी को अनुशासनहीनता के आरोप में संगठन से बाहर कर दिया।

भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने बताया कि कोमल चौधरी द्वारा पार्टी के जनप्रतिनिधि के खिलाफ मीडिया व सोशल मीडिया में निरंतर बयानबाजी की जा रही है। कोमल द्वारा 27 जून को महाप. ंचायत करने की भी घोषणा की गई थी। जिसके कारण संगठन एवं जनप्रतिनिधि की छवि धूमिल हो रही है। इसलिये प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर कोमल को संगठन का अनुशासन निरंतर भंग करने के कारण संगठन से निष्कासित कर दिया है।

# पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक चोर पकडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सरसावा पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल समेत एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी निरक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व थाना सरसावा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान ग्राम शेखपुरा की ओर जाने वाले खड़ंजे से मुकदमे में वांछित अभियुक्त मोहित पुत्र किला निवासी ग्राम शेखपुरा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर को एक स्पलेंडर मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार किया गया।जैसे ही पुलिस ने मोटरसाइकिल की जांच की गई तो वह संख्या एचआर 02ए ई 5854 चोरी की पाई गई। पुलिस ने मोटरसाइकिल जप्त करते हुए अभियुक्त पर कार्यवाही करते न्यायलय के समक्ष पेश किया गया।

# 39 लोगों ने टैक्स की ली जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत में स्वकर निर्धारण प्रक्रिया के तहत आपत्तियों के निस्तारण का कार्य जारी है शुक्रवार को वार्ड संख्या 5 से 10 के भवन करदाताओं को उनकी आपत्तियों के लिए नगर पंचायत कार्यालय में आमंत्रित किया गया था।

अधिशासी अधिकारी ने बताया कि शाम 4 बजे तक 39 लोगों ने अपने टैक्स से संबंधित जानकारी प्राप्त की, लेकिन किसी भी वार्ड निवासी ने स्वकर निर्धारण को लेकर कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई।

नगर पंचायत ने सूचित किया कि 28 जून 2025 को वार्ड संख्या 11 से 15 के भवन स्वामियों की स्वकर प्रणाली से संबंधित आपत्तियों का निस्तारण सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। इसके लिए सभी करदाताओं से कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराने का आग्रह किया गया है। स्वकर प्रणाली से संबंधित सभी वार्डों की सूची नगर पंचायत कार्यालय में प्रका. शित कर दी गई है, जिसे कोई भी व्यक्ति कार्यालय समय में देख सकता है।

अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया पारदर्शी और जनहित में है। करदाताओं से अपील की गई कि वे निर्धारित समय पर अपनी आपत्तियां दर्ज कराएं ताकि उनका समयबद्ध निस्तारण किया जा सके। इस कदम से नगर पंचायत प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय की उम्मीद है।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियों का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** उपजिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह एवं सीओ मुनीश चंद्र तहसीलदार पुष्पांकार देव ने कावड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर कावड़ मार्गों का निरीक्षण किया गया और कावड़ मार्ग पर सड़कों पर हो रहे गड्ढों को भरने के अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि आगामी 5 जुलाई को कावड़ यात्रा प्रारम्भ हो रही है।कावड़ यात्रा के बीच में पड़ने वाले कावड़ मार्गों के रख रखाव एवं प्रकाश आदि व्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा तैयारी शुरू करदी गई है। गुरुवार को उपजिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, सीओ मुनीश चंद्र ने पुलिस तथा राजस्व टीम को साथ लेकर तहसील बेहट इलाके में पड़ने वाले कावड़ मार्गों फतेहपुर से बरौली मार्ग कलसिया से बेहट गंदेवढ से रायपुर हथनी कुंड, जसमोर से सुन्दरपुर मार्गों का निरीक्षण किया गया और जिन मार्गों पर गड्ढे है उनको चिह्नित किया गया।इस के अलावा मुख्य कावड़ मार्गों के तिराहे पर प्रकाश व्यवस्था के लिए स्थानों को चिन्हित किया गया है।कावड़ मार्गों के निरीक्षण के संबंध मे एस डी एम मानवेंद्र सिंह ने बताया कि कावड़ यात्रा को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। कावड़ मार्गों पर बने गड्ढों को भरवाकर समतल कराया जा रहा है।

# खबर का असरः भटपुरा में चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** क्षेत्र के भटपुरा गांव में फैली गंदगी और सफाई व्यवस्था की बदहाली को लेकर शाह टाइम्स में प्रमुखता से प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिला। खबर प्रका. शित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और गांव में सफाई अभियान शुरू कराया गया।

गौरतलब है कि ग्राम प्रधान पति की लापरवाही के चलते गांव में लंबे समय से गंदगी के ढेर लगे थे, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। गांव के लोगों ने यह समस्या शाह टाइम्स के पत्रकार से साझा की थी, जिसके बाद समाच. ार पत्र ने इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर के असर से ग्रामीणों में उम्मीद की किरण जगी और प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई शुरू की गई।



सफाई कर्मचारियों को गांव में लगाया गया और नालियों की सफाई करवाई गई। इस मुहिम में पूर्व प्रधान फरमान अली, सुल्तान अहमद, सूफियान अली, हाफिज इंतजार, दिलशाद अख्तर, वकील सलमानी, खालिक ठेकेदार, बब्बू, आबिद, बुरा कारी, आसिफ मोहम्मद, एहसान, खालिद नंबरदार, हाफिज दिलशाद और मोहम्मद सलाह उर्फ सालु आदि लोगों ने सक्रिय सहयोग दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन की तत्परता की सराहना की और मीडिया का आभार व्यक्त किया, जिसने उनकी आवाज को मंच दिया और ग्राम प्रधान पति की अनदेखी को उजागर किया। पूर्व प्रधान फरमान अली ने कहा कि भटपुरा गांव में सफाई की स्थिति काफी समय से बदतर थी, लेकिन वर्तमान ग्राम प्रधान और उनके पति ने जिम्मेदारी निभाने के बजाय आंखें मूंद रखी थीं। जब ग्रामीणों ने अखबार के माध्यम से अपनी पीड़ा उठाई, तो प्रशासन की नींद टूटी। मैं दैनिक शाह टाइम्स का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने समय पर आवाज उठाई और गांव को राहत दिलाई। अब जरूरत है कि यह सफाई अभियान एक दिन की रस्म न बनकर नियमित व्यवस्था का हिस्सा बने। हम सब ग्रामीण इसके लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे

समाजसेवी सुल्तान अहमद ने कहा कि हमने कई बार ग्राम प्रधान पति से गांव की सफाई को लेकर शिकायत की, लेकिन हमारी बात को कभी गंभीरता से नहीं लिया गया। गांव में जगह-जगह गंदगी और नालियों का ओवरफ्लो आम बात हो गई थी। जब शाह टाइम्स ने हमारी समस्या को प्रकाशित किया, तभी प्रशासन हरकत में आया। मैं शाह टाइम्स का दिल से शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने हमारी आवाज को ऊंचाई दी। अब हम चाहते हैं कि गांव की सफाई नियमित रूप से होती रहे और किसी को गंदगी के कारण तकलीफ न उठानी पड़े।

# नुकसान का निरीक्षण करने पहुंचे प्रधान से गाली गलौच

**बेहट।** कोतवाली बेहट क्षेत्र के गांव जसमोर के ग्राम प्रधान द्वारा गांव मे बारिश से नुकसान का निरीक्षण के समय युवक द्वारा गली ग्लोच एवं मारपीट करने का प्रयास का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है पुलिस मामले की जांच कर कार्यवाही मे जुट गई है।

विकास खंड मुजफ्फराबाद की ग्राम पंचायत जसमोर के ग्राम प्रधान मांगेराम धीमान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि वह बारिश मे हुए नुकसान एवं जल भराव को देखने के लिए पंचायत सहायक अंजू सैनी रोजगार सेवक फैनी सिंह तथा अर्जुन सिंह को साथ लेकर अपनी ग्राम पंचायत के मजरा पठानपुरा में गए थे । जब हम लोग वापस घर आ रहे थे तो गांव का ही एक नशेड़ी युवक ने मेरे साथ गाली गलौच और मार पीट करने का प्रयास करने लगा और सरकारी कार्यों मे बाधा डालने लगा और हमारे ऊपर मोटर साइकिल चढ़ाने का प्रयास करने लगा। मौके पर ग्रामीण आ गए तो उक्त युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।ग्राम प्रधान ने युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।पुलिस ने मामले की जांचकर कार्यवाही में जूट गई है। इस संबंध मे इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। पुलिस मामले की जांचकर कार्यवाही में जुट गई है ।

# मौहर्रम का चांद नजर आते ही मजलिसों का दौर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** मोहर्रम का चाँद दिखते ही नगर में मजलिसो व मातम का सिलसिला शुरू हो गया जैसे ही शाम ढलते ही मोहर्रम का चांद दिखाई दिया तो शिया सोगवारो ने अलम बरामद करते हुए जूलूस निकाला।

माहे मोहर्रम का चाँद दिखते ही नगर के सभी इमाम बारगाहों में फर्श ए अजा बिछ गया जैसे ही मोहर्रम के चाँद कि खबर आम हुई तो नगर के इमामबारगाह असद अली छत्ता में एक मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को मौलाना तनवीर आलम नें खिताब किया। अपने संबोधन में मौलाना नें हजरत इमाम ए हुसैन अलैहिससलाम के मदीने से कर्बला आने के मकसद पर प्रकाश डाला। मजलिस के बाद इमाम बारगाह असद अली छत्ता से एक



विशाल गश्ती जलूस निकाला गया। ये जलूस इमाम बारगाह इनायत हुसैन,कसरे फातमी चौक,इमाम बारगाह दरबारे हुसैन कोट इमाम बारगाह महल होते हुए दादा मिराजी के मजार से कर्बला दरगाह हजरत इमाम हुसैन से लौटते हुए हुसैनिया, इमामिया हाल से होते हुए नगर के कदीम इमाम बारगाह सब्जीवारियान पर जाकर समाप्त हुआ। वहीं मोहर्रम के चाँद का ऐलान होते ही थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह नें कस्बा इंचार्ज धीरज सिंह वरिष्ठ पुलिस उप निरक्षक जित. ेंद्र तेवतिया एवं भारी पुलिस बल के साथ नगर में निकलने वाले सभी रुट का दौरा किया।

नगर पंचायत चैयरमेन पति अफ जाल खान के नेतृत्व में मोहर्रम के चाँद से पूर्व ही सभी नगर पंचायत कि ओर से सभी तैयारीयां पूर्ण कर ली गई थी।

चैयरमेन पति रुमाना अफजाल खान नें बतया कि मोहर्रम से पूर्व ही जलूस के सभी रुटो पर सड़क के गड्ढे भरने का कार्य पूर्ण कर लिया गया था ताकि मोहर्रम के जलूस के दौरान नंगे पाव चलने वाले किसी भी आजादार को कोई परेशानी ना हों। ओर जलूस के सभी रुटो पर प्रकाश व्यवस्था का माकुल इंतजाम किया गया है। जिस से मजलिसो मातम के दौरान किसी भी सड़क पर अंधेरा ना रहे।

# शातिर तस्कर किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने थानाध्यक्ष सचिन पूनिया के नेतृत्व में नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है।

अभियुक्त की पहचान आसिफ पुत्र मुर्सलीन, निवासी ग्राम मुजफ्फराबाद, थाना फतेहपुर, सहारनपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे ग्राम सबरीपुर के आम के बाग से धर दबोचा, जहां उसके कब्जे से 111 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। इस कार्रवाई के आधार पर थाना फतेहपुर पर मुकदमा एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। अभियुक्त को विधिक कार्रवाई के लिए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पूछताछ में आसिफ ने बताया कि वह अनपढ़ है और नशे का आदी है। उसने लालच में आकर एक अज्ञात व्यक्ति से चरस खरीदी थी, जिसे बेचकर वह मोटा मुनाफा कमाता था। इस खुलासे से क्षेत्र में नशा तस्करी के नेटवर्क की गहरी जड़ें होने की आशंका जताई जा रही है।

थानाध्यक्ष सचिन पूनिया की अगुवाई में इस ऑपरेशन में उपनिरीक्षक सुनील कुमार यादव, सजल कुमार, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल अरविंद और दीपक कुमार शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा तस्करी पर अंकुश लगने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है। पुलिस ने कहा कि नशा तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि युवाओं को इस दलदल से बचाया जा सके।

# यात्रियों की जान को खतरा बने हाईवे पर अवैध कट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** पंचकूला रुड़की नेशनल हाईवे 344 पर खुल रहे अवैध कट मुसाफिरों की जान पर बन रहा बड़ा खतरा।एक वर्ष पलहे भी तीर्थ यात्री की हो गई थी मौत।

सावन माह भी होने वाला है शुरू इस हाईवे से गुजरेंगे लाखों शिव भक्त कावड़िए अवैध कट बन सकते है। सुरक्षा में बड़ा खतरा। बता दे कि नेशनल हाईवे पर शाहजहांपुर झरौली के सामने एनएचआई द्वारा मुसाफिरो की सुरक्षा को मद्देनजर रखते सर्विस रोड ओर हाईवे के बीच लोहे की पीजीआर रेलिंग लगाई गई थी। लेकिन अब धीरे धीरे रेलिंग हटनी और अवैध कट बनने शुरू हो गए है। पीजीआर रेलिंग हटने के कारण हाईवे पर रुकने वाले यात्री जैसे ही सर्विस रोड पार करने लगते है तो हादसे का शिकार हो जाते है।



एक वर्ष पूर्व भी चार धाम यात्रा पर जा रहे यात्री बस से उतर जैसे ही सर्विस रोड पार करने लगे तो एक यात्री की कैंटर की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई थी। इसके अलावा छूट पुट घटनाएं तो आए इन होती ही रहती है। बावजूद इसके हाईवे मेंटिनेंस टीम के अधिकारी कर्मचारी जानबूझ कर अंजान बने हुए है। जबकि इस हाईवे से हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान के लाखों शिव भक्त कावड़िए हरिद्वार से पवित्र गंगाजल भर कावड़ उठा।अपने गंतव्य की ओर रवाना होंगे जिसको लेकर शासन प्रशासनिक अधिकारी कावड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए संबंधित विभागों को सुरक्षा में किसी भी प्रकार की त्रुटि न होने के निर्देश भी दे रहे है।

हालांकि इस संबंध में मेंटिनेश टीम के इंचार्ज अर्पण गुप्ता का कहना है यदि पीजीआर रेलिंग हटी या हटाई गई है तो उन्हें जल्द ही लगवाया जाएगा अवैध कट भी होंगे बंद।

बड़ा सवाल - क्या पीजीआर रेलिंग लगेंगी या फिर ऐसे ही मुसाफिरों की जान पर खतरा मंडराता रहेगा यदि कोई दुर्घटना होती है तो कौन होगा जिम्मेदार।

# जीवन में बुरे कार्यों का त्याग करें: पीठाधीश्वर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** अखिल भारतीय सोहम मंडल पीठाधीश्वर स्वामी सत्यानन्द महाराज ने कहा कि मनुष्य को जीवन में बुरे कार्यों को त्याग कर श्रेष्ठ मार्ग अपनाना चाहिए।

प्राचीन सिद्धपीठ मंदिर श्री ठाकुरद्वारा में अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा रामपुर मनिहारान के तत्त्वावधान में चल रहे संत सम्मेलन में सोहं पीठाधीश्वर स्वामी सत्यानन्द महाराज ने कहा कि श्रेय व प्रेय दोनों हर व्यक्ति के जीवन में आते हैं। धीर पुरुष श्रेय अर्थात श्रेष्ठ मार्ग का अनुशरण करता है। जबकि अविवेकी अपने योगक्षेम अर्थात पेट भरने के लिए प्रेय मार्ग अर्थात प्रिय लगने वाले मार्ग का अनुशरण करता है।बड़ी परीक्षाएं होती है। किंतु परिणाम सुखद होता है। जबकि प्रेय मार्ग में प्रारम्भ में सुख नजर आता है परंतु परिणाम उसका दुखद होता है। और बाद में पश्चाताप होता है। विवेकी पुरुषों जैसा अनुशरण करने में ही हम सब की भलाई है। सत्यवादी हरिश्चंद्र, राजा नल, धर्मराज युधिष्ठिर आदि अनेक लोगों ने जीवन में बहुत कष्ट सहन किये थे। किंतु बाद में उन सभी को सफलता, वैभव और कीर्ति मिली। इसी प्रकार हम सभी को भले ही कठिनाई का सामना करना पड़े फिर



भी धर्म का ही श्रेष्ठ मार्ग अपनाना चाहिए यही श्रेय मार्ग है। हमको दान यज्ञ तप आदि शुभ कर्म सदैव करते रहना चाहिए जिससे अंत:करण शुद्ध होता है। और हमारी अध्यात्म में उन्नति होती है। स्वामी जी ने यह भी कहा कि हमें अपनी कमाई का दशम भाग दान के लिए अवश्य ही निकालना चाहिए। प्रवचनों की श्रृंखला में स्वामी प्रीतमद. ास, स्वामी सच्चिदानंद, हरीशानंद और स्वामी गोपालानंद ने भी अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया।

इस दौरान संरक्षक जयराज पंवार, प्रधान कुलबीर सैनी, संजय पंवार, सुरेंद्र सैनी, बाबूराम रोहिला, अरुण शर्मा, काशीराम आदि का सहयोग रहा।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अरमान आलम को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमति सुनैना आलम पत्नि शब्बीर आलम निवासी गणेश विहार, मिल्टन वाली गली निकट ग्रीन सिटी, सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र गौतम व पुत्रवधू पूजा को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमति बबली पत्नि राजपाल निवासी बुडढाखेडा अहीर, थाना गागलहेडी, सहारनपुर।**

# मौहर्रम व कांवड़ को लेकर शांति समिति की बैठक



**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर में सहायक पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आगामी मोहर्रम पर्व और कावड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, डीजे संचालकों, कावड़ शिविर संचालकों और ताजियेदारों ने हिस्सा लिया। थाना प्रभारी सचिन पूनिया ने बताया कि बैठक में शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में दोनों आयोजनों को संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

पुलिस ने सभी पक्षों से आपसी सहयोग और संयम बरतने की अपील की, ताकि धार्मिक आयोजनों के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो। डीजे संचालकों को ध्वनि प्रदूषण के नियमों का पालन करने और कावड़ शिविर संचालकों को यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ताजियेदारों से भी मोहर्रम के जुलूसों को शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित करने का आग्रह किया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक ने जोर देकर कहा कि पुलिस प्रशासन हर स्थिति पर नजर रखे हुए है और किसी भी तरह की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने पुलिस के प्रयासों की सराहना की और सहयोग का आश्वासन दिया।

# विमुक्त जातियों में जन्मे शहीदों की उपेक्षा पर जताया रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नकुड़ तहसील मे प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम की अगवाई करते हुए शाहदत देने वाले फतवा गुर्जर के 169 वे बलिदान दिवस पर आयोजित गोष्ठी मे क्रांति कारियो विशेष कर विमुक्त जातियों मे जन्मे शहीदों की उपेक्षा पर गहरा अफसोस प्रकट किया गया।

विमुक्त जन जाति अधिकार मंच और गुर्जर जागृति समूह द्वारा आयोजित संगोष्ठी मे मुख्य वक्ता डॉ. सुशील भाटी ने पुराने सहारनपुर जनपद (हरिद्वार सहित ) 1857 मे फिरंगियों के साथ गुर्जरो द्वारा किये गये संघर्ष और उसकी अगुवाई करने वाले क्रांतिकारीयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यमुना किनारे की बेल्ट मे रान्घडो द्वारा शहीद फतवा के साथ क्रांति मे भाग लिया था वही टाबर गाँव के ठाकुर




बख्शी सिंह का भी विशेष योगदान रहा। केंद्र सरकार मे निदेशक रहे लेखक डा महिपाल ने कहा की शहीद बाबा फतवा गुर्जर और 1857 मे अंग्रेजो के विरुद्ध विद्रोह् करने वाले क्रांति कारियो का संघर्ष कमेरे समुदाय के लिए था क्योंकि कंपनी राज मे सर्वाधिक शोषण और उत्पिडन कमेरे समुदाय का ही हो रहा था। जामिया मिलिया इस्लामिया मे प्रोफेसर डा. सैफ चौ ने कहा की विभिन्न क्रांतिकारियो की याद मे शिक्षण संस्थान बनाने पर जोर दिया ताकि विमुक्त जन जातियों की आने वाली पीढ़िया अपने इतिहास से अवगत हो और उससे प्रेरणा ले। इस अवसर पर बाबा फतवा के जन्म स्थान को सलामी के प्रतिक के रूप मे बुढाखेड़ा निवासी चौ कासिम बाबा का सहयोग करने वाले रघडो के सम्मान के रूप मे खुरशेद राणा को पगड़ी भेट की गयी व बाबा फतवा की शाहदत के बाद बटार खाप की चौधरी जिस परिवार के पास है उसके प्रतिनिधि चौ रामपाल सिंह तथा 1942 के स्त्यगृह मे भाग लेने और 1962 के चीन युद्व मे शहीद होने वाले मेजर पृथ्वी सिंह (दुधला) के पौत्र प्रधान नीरज कुमार को भी सम्मान पगड़ी भेट की गयी। गोष्ठी मे बलबीर सिंह तोमर, मुजफ्फर अली गुर्जर, सुशील कम्हेड़ा, एड जीशान अली, महावीर सरस, इंजी फरमान खानपुर गुर्जर, मुस्लिम चौहान, अमजद बटार, कटार सिंह ने भी अपने विचार रखे।

अध्यक्षता शराफत आजाद व संचालन यामीन भारती, मुस्तकिम चौ. ने किया। गोष्ठी मे आये लोगो का स्वागत धर्मवीर खटाना व धन्यवाद ज्ञापन मांगेराम द्वारा किया गया। इस अवसर पर लोकेश सलारपुरी, उसमान बाबू, इसराइल, डॉ बुरहान तोमर, स्वराज चेयरमेंन, डा अफसर आदि उपस्थित रहे।

## आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर

# एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक ने किया चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन

**इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स मोदीनगर के साथ मिलकर एनसीआरटीसी आयोजित कर रहा है प्रदर्शनी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने शुक्रवार को आनंद विहार पर एक चित्रकला प्रदर्शनी, 'यंग ब्रश स्ट्रोक्स' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एनसीआरटीसी के निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इस प्रदर्शनी का आयोजन एनसीआरटीसी द्वारा इंटरनेशनल इंस्ट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स आईआईएफए के साथ भागीदारी में किया जा रहा है।

स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल पर आयोजित इस प्रदर्शनी में इंस्टयूट के छात्र-छात्राओं के साथ वहां की फैकल्टी भी अपनी चित्रकला प्रदर्शित कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी का आयोजन आनंद विहार नमो भारत स्टेशन के अनपेड एरिया में किया जा रहा है, जिस से दर्शक बिना किसी शुल्क के इसका अनुभव कर सकेंगे। गोयल ने प्रदर्शित कलाकृतियों को देखने के साथ उन्हें बनाने वाले कलाकारों से बातचीत भी की और उनके विजन को समझा। कलाकारों ने अपनी कला को हजारों लोगों के साथ साझा करने के लिए उन्हें यह मंच प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और इस पहल के लिए शुभकामनाएं दी। एनसीआरटीसी का प्रयास है कि नमो भारत स्टेशनों को यात्रा के केवल एक स्टॉप के बजाए एक जीवंत, सामाजिक केंद्र में परिवर्तित कर यात्रियों की यात्रा को और सुखद बनाया जाए।

इस श्रृंखला में हर शुक्रवार की शाम 6 बजे से आनंद विहार स्टेशन पर नमो भारत अनप्लग्ड-म्यूजिकल फ्राइडेज के सीजन 2 का आयोजन भी किया जा रहा है। म्युजिकल फ्राइडे स्कूल, कॉलेजों और एनसीआर के अन्य उभरते संगीत बैंड्स या एकल कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करता है, जहां वे पिछले एक महीने से अपने संगीत से एक साथ हजारों श्रोताओं का दिल जीत रहे हैं। साथ ही, दिन के अंत में थककर लौटते हुए यात्रियों का मनो. रंजन कर उन्हें भी एक मौका देता है कि वे दो पल ठहर कर, अपने तनाव भूल कर, एक खूबसूरत शाम का आनंद ले सकें। अब इसी के साथ यात्री इस चित्रकला प्रदर्शनी का भी आनंद ले पाएंगे। गोयल एवं एन सी आर टी सी के वरिष्ठ अधिकारियों ने म्युजिकल फ्राइडे की संगीत मय शाम का भी आनंद लिया। मेरठ के आईआईएमटी कॉलेज के बैंड, राबता के कलाकारों ने वहां मौजूद सभी श्रोताओं को अपनी धुनों पर झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इनके साथ ही, एकल कलाकारों, सुश्री रुपल, सुश्री साक्षी और सैम ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं जिन्हें श्रोताओं ने बेहद पसंद किया और सराहा। नमो भारत अनप्लग्ड लाइव म्यूजिकल फ्राइडे के इस संस्करण में शुरु किए गए। नए सेगमेंट, ऑन-द-स्पॉट अंताक्षरी में भी श्रोताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इस शाम को सभी के लिए यादगार बना दिया। एन सीआर टी सी अपनी इन पहलों से न केवल नमो भारत स्टेशनों को जीवंत बना रहा है बल्कि एक मंच प्रदान कर रहा है। जहां कलाकार विभिन्न क्षेत्रों में अपनी कला को एक साथ हजारों लोगों के समक्ष प्रस्तुत कर पा रहे हैं। हर शुक्रवार शाम इनका लुत्फ उठाने जुटने वाली यात्रियों की बड़ी संख्या साक्षी है कि लोग एनसीआरटीसी के इन प्रयासों को बेहद पसंद कर रहे हैं।

# युवक पर धारदार हथियार से हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पार्क में टहलने गए युवक पर कई युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। बीच बचाव को आए उसके भाई के साथ भी मारपीट की गई। घायलो को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

मोहल्ला खानकाह निवासी फैसल ने जानकारी देते हुए बताया कि बृहस्पतिवार की रात वह भोजन करने के बाद पुलिस चौकी के समीप इंदिरा पार्क में टहलने के लिए गया था। इस दौरान वहां पहले से बैठे दो युवकों ने उसे रोक लिया तथा अकारण गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे सिर में चोट लगने से वह घायल हो गया। इस दौरान बीच बचाव को आया उसका भाई अब्दुल्ला को भी उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। उसका मोबाइल भी छीनकर ले गए। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# एक पौधा अपनी माता के नाम पर लगाने का किया आह्वान

**देवबन्द।** कार्यशाला की आयोजित बैठक में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर प्रत्येक कार्यकर्ता से एक पौधा अपनी माता के नाम पर लगाने का आह्वान किया।

सुभाष चौक स्थित देवबंद मंडल कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष यशवंत राणा ने दीप प्रज्वलन व पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करने के उपरांत कहा कि जिन कार्यकर्ताओं को शक्ति केंद्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने केंद्र सरकार की बीते 11 वर्षों की उपलब्धियों की कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए कहा कि कार्यकर्ता सरकार के कार्यकर्मो को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। उन्होने कार्यकर्ताओं से आगामी 29 जून को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को प्रत्येक शक्ति केंद्र के अंतर्गत हर बूथ पर सुनने की अपील की। बैठक में मंडल अध्यक्ष अरुण गुप्ता, भाजपा नेता अनिल, राजेश तनेजा, राम मोहन सैनी, विशाल गर्ग, आलोक खटिक, जोगेंद्र जाटव, शुबलेश शर्मा, स्नेह टंडन, मंजू शर्मा, अरविंद जौहरी, अमित, मनोज बंसल, उमेश सैनी, रणजीत वाल्मीकि आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।



# जमीनी विवाद में भाइयों में चले चाकू

## थाने पहुंचा घायल पीड़ित हुआ बेहोश, पुलिस ने कराया भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लोहिया नगर क्षेत्र के गांव जाहिदपुर में भाइयों में जमीन विवाद हो गया। इस विवाद में चाकू. बाजी शुरू हो गई। इस चाकूबाजी में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में युवक थाने पहुंचा घायल थाने में बहोश होकर गिर गया, आनन फानन में पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में उपचार कराया। पीड़ित ने थाने में भाई व मामा के खिलाफ तहरीर दी है। गांव जाहिदपुर निवासी आसित उर्फ चीनू गर्ग ने बताया की जमीनी बंटवारे को लेकर उसका स्वजनो से विवाद चला आ रहा है, पहले भी कई बार उसके साथ मारपीट की जा चुकी है ओर उसे जहरीला पदार्थ देने दिया गया था। गुरूवार की दोपहर वह घर जा रहा था जेसे ही वह घर के पास पहुंचा तो उसके भाई निक्की गर्ग व मामा प्रदीप ने उसे रोक लिया, ओर उसके साथ गाली गलोज करने लगे, विवाद इतना बढ़ गया कि आक्रोशित भाई निक्की, व मामा ने अचानक उसके ऊपर चाकू से वार करना शुरू कर दिया। इस वारदात में चीनू गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद युवक जान बचाकर लहुलुहान हालत में थाने पहुंचा। हालत गंभीर होने के कारण युवक बहोश होकर थाने में गिर गया, करीब 15 मिनट थाने में ही पड़ा तड़पता रहा, उसके बाद घायल को पुलिस ने जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं, परिजन भी थाने पहुंचे चीनू की मां रेनू ने आरोप लगाया की बेटा शराब पीकर आता है ओर मारपीट करता है, आज भी उसने उसके साथ मारपीट की। जिसको लेकर विवाद हुआ है। पीड़ित ने भाई, मामा के खिलाफ तहरीर देकर बताया की उसके तीन जगह पीठ, गुप्तांग के पास पेट में चाकू मारे गये है, इतना ही नही उसे जान से मारने के इरादे से सिर में हमला किया है। इंस्पेक्टर लोहियानगर योगेश चंद का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।



# डी फार्मा के छात्र पर जानलेवा हमला

## हालत गंभीर, घायल के भाई ने थाने में दंबगों के खिलाफ दी तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना भावनपुर क्षेत्र के ग्राम जेई निवासी मेडिसिन डी फार्मा के छात्र पर दबंगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, हमले में युवक की आंख को चोट पहुंची है जहां युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। देर रात गांव के ही कुछ युवकों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित छात्र के भाई मोहम्मद हसन ने थाने में तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

बताया गया है कि पीड़ित छात्र हुसैन जो कि ग्राम जेई थाना भावनपुर किला मेरठ का रहने वाला है, वह खेत से काम खत्म करने के बाद जब वापस लौट रहा था, तभी घेर से गांव के ही दबंग उसे उठाकर ले गए और आरोपियों ने उस पर जानलेवा हमला बोल दिया। पीड़ित के भाई ने आरोप लगाते हुए बताया कि हमलावरों के पास धारदार हथियार तमंचे और लोहे की रोड से जानलेवा हमला किया है। जिससे पीड़ित युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और बेहोश होकर मौके पर गिर गया। इसके बाद हमलावर छात्र को मरा हुआ समझकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसको इलाज नही मिलने पर पीड़ित को जिला अस्पताल लाया गया है, जहां पीड़ित का इलाज चल रहा है। हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित की आंख फूटने की बात भी सामने आ रही है। पीड़ित के भाई मोहम्मद हसन ने थाना भावनपुर में तहरीर देकर आरो. पियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना भावनपुर प्रभारी ने दबंग युवकों की तलाश शुरू कर दी है आरोपियों पर कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

# पुलिस ने नशा तस्कर को भेजा जेल

**देवबन्द।** पुलिस ने नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से सौ ग्राम चरस बरामद की। कोतवाली पुलिस ने श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर गेट के समीप खाली पड़े प्लाट से नशा तस्कर मोहल्ला बेरुन कोटला निवासी हारिस को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के कब्जे से सौ ग्राम चरस बरामद हुई है। जिसे वह कहीं बेचने के लिए जा रहा था। आरोपी को एनडीपीएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे न्यायक हिरासत में भेज दिया गया।

# मकान के सामने गाड़ी खड़ी करने पर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र के शाहजहां कालोनी गली नंबर चार निवासी शाहबाज ने बताया की उसके पड़ोस में लईक रहता है, उसकी पीकप गाड़ी मकान के सामने खड़ी रहती हैं, गुरूवार की देर रात उसके भाई इबराहिम ने मकान के सामने गाड़ी खड़ी करने का विरोध किया तो लईक गाली गलोज करने लगा, शोर की आवाज सुनकर दोनो पक्षो के लोग लाठी डंडे लेकर आमने सामने आ गये, देखते ही देखते दोनो पक्षो में जमकर मारपीट पथराव शुरू हो गया, पथराव होते देख कालोनी में भगदड़ मच गयी, सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची हंगामा कर रहे लोगो को शांत कराया, पुलिस ने घायलो को उपचार के लिए भेज दिया है।

# सूदखोर से बाइक लेने गए युवक पर चाकू से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लोहिया नगर क्षेत्र के हाजीपुर गांव में सूदखोर से बाइक छुड़ाने पहुंचे युवक पर चाकू से हमला कर दिया, चाकू लगने से युवक घायल हो गया। पीडित ने थाने में तहरीर देकर कारवाई की मांग की है। एवन कालोनी हुमायूनगर निवासी माजिद ने बताया की सूदखोर आफाक के पास उसने पांच माह पूर्व अपनी बाइक 25 हजार में गिरवी रख दी थी, सूदखोर के तीस हजार रूपये हो गये थे, गुरूवार को वह अपनी बाइक छुड़ाने के लिए पहुंचा तो उसने बाइक देने से मना कर दिया, ओर बाइक को सौदा पचास हजार रूपये में कर दिया, उसने कहा की कि तीस हजार रूपये काटकर बीस हजार रूपये वापस दे दो, आरोप है कि बीस हजार रुपये मांगने पर आफाक ने अपने भाई आफताब के साथ मिलकर मारपीट कर उस पर चाकू से हमला कर दिया, चाकू कमर, कान पर लगने से वह घायल हो गया, पीड़ित का कहना है कि वह किसी तरहा जान बचाकर वहां से भागकर थाने पहुंचा, पुलिस ने घायल को अस्पताल भेज दिया व जांच में जुट गई है।

## पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का ब्लॉक स्तरीय चुनाव सम्पन्न

# अशोक कुमार अध्यक्ष व नितिन कुमार बने मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें अशोक कुमार अध्यक्ष व नितिन कुमार मंत्री चुने गए। चुनाव पर्यवेक्षक नरेन्द्र शर्मा, शीतल त्यागी, ओमकार सिंह की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमे कुल 55 शिक्षक मतदाताओं में 52 मतदाताओं ने भाग लिया जिसमे ब्लॉक अध्यक्ष के लिए अशोक कुमार को 38 मत व अरुण कुमार को 14 मत मिले। इस प्रकार अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार चुने गये वही मंत्री पद पर नितिन कुमार को निर्विरोध चुना गया। वहीं महिला मनीषा, विनोद कुमार, प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष अजय कुमार, लेखाकार ऋषि कुमार, संयुक्त मंत्री सतेन्द्र कुमार व सुनीता लेखा परीक्षक पद पर चुने गए। इस मौके पर कुलदीप चौधरी, मनोज कुमार शर्मा, विनय कुमार, राहुल कुमार, सोमवीर सिंह, कुलदीप ज्ञानेश्वर, संजय, शिवकुमार, शिखा शर्मा, ममता अग्रवाल, रीना शर्मा, मुकेश कुमार, धर्म सिंह, अजय कुमार, महेन्द्र कुमार, अब्दुल बारी, वसीम, अमित गोतम, शैलेन्द्र, अबरीश, संध्या, प्रदीप, मुनेन्द्र आदि मौजूद रहे।



# मोहर्रम पर्व व कांवड़ यात्रा सम्पन्न कराना पहली प्राथमिकता: थाना प्रभारी जानी खुर्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** आगामी कावड़ यात्रा और मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। शुक्रवार को जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने बताया कि जानी पुलिस पूरी तरह से कांवड़ यात्रा और मोहर्रम पर्व को सकुशल संपन्न करने के लिए तैयार है। इसके लिए हमें जनता का भी सहयोग लेना पड़ेगा जिससे हमारे पुलिस को एक तरह से ढाल मिलेगी। जनता का सहयोग पुलिस के लिए एक मुफीद की तरह है। जनता और पुलिस मिलजुल कर ही हर परेशानी का समाधान निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गांव रसूलपुर धौलडी में मोहर्रम पर्व को लेकर सभी धर्म के लोगों से उन्होंने पहले ही वार्ता कर ली है। मोहर्रम पर्व पर हर चौराहों और इमामबारगाहों पर पुलिस पिकेट लगी रहेगी। क्षेत्र में अगर कोई भी माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि मोहर्रम के जुलूस के दौरान ज्यादा ऊंची ताजिया ना निकाले पर सभी को निर्देश दिए हैं कि ज्यादा ऊंची ताजिया ना निकालें क्योंकि बिजली की तारों से खतरा रहता है। कांवड़ यात्रा के दौरान कोई भी हथियार व आपत्तिजनक संगीत नहीं बजाएगा और ना ही ज्यादा ऊंची कांवड़ लेकर जाएगा।



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते थाना प्रभारी निरीक्षक।

# लिसाड़ी गेट में युवक से मोबाइल लूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के अहमदनगर में मोबाइल पर बात करते जा रहे युवक से दो बदमाश मोबाइल लूटकर फरार हो गये, मोबा. इल की कीमत सत्तर हजार रूपये बताई जा रही है, पीड़ित ने थाने में शिकायत की तो पुलिस ने लूट की तहरीर बदलवाकर गुमशुदगी दर्ज की है। सुहेल गाडन निवासी सलमान पुत्र उस्मान ने बताया की वह किसी काम से कांच के पूल पर जा रहा अहमदनगर गली नंबर दस पर उसका फोन आ गया वह फोन पर बात करता हुआ जा रहा था उसी दौरान पीछे से दो बदमाश आए ओर झपट्टा मारकर उसका मोबाइल लेकर फरार हो गये, उसने बदमाशो का पीछा भी किया लेकिन बदमाश पैदल ही गली के रास्ते फरार हो गया। पुलिस ने लूट की घटना को गुमशुदगी में दर्ज किया है।

# ट्रक ड्राइवर ने पहली पत्नी को मृतक बता रचाई दूसरी शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट में एक मामला सामने आया है जहां एक ट्रक ड्राइवर ने अपनी पत्नी को मृतक बता कर दूसरी शादी कर ली। आरोपी लिसाड़ी गेट क्षेत्र के नूर नगर इलाके का रहने वाला है महिला ने गुरुवार की रात में रोती हुई लिसाड़ी गेट थाने पहुंचकर आरोपी पति के खिलाफ शिकायती पत्र दिया है पुलिस मामले की जांच कर रही है। नूर नगर समर गार्डन का रहने वाला खुर्शीद आलम ट्रक ड्राइवर है खुर्शीद आलम की मुलाकात गोरखपुर की रहने वाले शफीक से डेढ़ साल पहले हुई शफीक भी गाड़ी चलाता है और खुर्शीद आलम का शफीक के घर आना जाना हो गया इस दौरान खुर्शीद की मुलाकात शफीक की मम्मी जैनब से हो गई दोनों में धीरे-धीरे बात होने लगी और दोनों में नजदीकियां बढ़ गई। खुर्शीद ने बीते एक साल पहले जैनब से अपनी पहली पत्नी को मरा बात कर उसके परिवार की सहमति के बाद शादी कर ली और खुर्शीद आलम जैनब को माड़ी चौक थाना भगवानपुर जनपद रुड़की में एक किराए के मकान पर लेकर रहने लगा जैनब के अनुसार चार महीने पहले खुर्शीद आलम नहा रहा था इसी दौरान उसका फोन बाहर था जिस पर एक कॉल आई जैनब ने फोन उठाया तो उसने एक महिला की आवाज सुनी जैनब ने पूछा कौन महिला बोली खुर्शीद की पत्नी बोल रही है इतना सुनते ही उसके होश उड़ गए इसके बाद जैनब ने खुर्शीद से इसका विरोध किया तो खुर्शीद ने जैनब के साथ गाली-गलौज मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पीड़िता चार महीने से किराए के मकान में रहकर खुर्शीद का इंतजार कर रही थी। गुरुवार की रात में लिसाड़ी गेट थाने पहुंची और खुर्शीद के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर इंसाफ मांगा है तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है वहीं जैनब का आरोप है कि खुर्शीद ने उससे झूठ बोलकर शादी की उसको तीन बच्चे हैं और उसकी पत्नी का नाम सलमा है।

# महामंडलेश्वर दीनबंधु दास ने शिव सती की महापावन कथा का किया वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के बढ़ला रोड स्थित बालाजी कॉलेज में चल रही कथा के सातवें दिन कथा में पूज्य महाराज महामंडलेश्वर श्री दीनबंधु दास जी ने महाप्रभु जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का वर्णन करते हुए बताया महाप्रभु जी के महाभोग को जो भी दोनों हाथ पसार कर प्राप्त करता है वह साक्षात् महाप्रभु जी के दर्शन करने मात्र का पुण्य प्राप्त करता है। साथ ही महाराज जी ने शिव सती की महापावन कथा का वर्णन करते हुए को भक्तों को भाव विभोर किया। इस पावन अवसर पर श्री बाला जी कॉलेज एवं हॉस्पिटल के संस्थापक गौरव गिरी और शिव शक्ति सेवा समिति के अध्यक्ष यतिन गर्ग, नितिन मित्तल, भरत अग्रवाल आर्यवीर शौर्य, सौरभ मित्तल, दिव्यांश मित्तल, संजीव दबाथला, शिवकुमार गर्ग, वरुण राणा, डॉ. शोभित कुमार सहित सैंकड़ों भक्त उपस्थित रहे।




# विवादित ब्यानों के सहारे जिंदा है संगीत की सियासत

**सरधना की सियासत में संगीत सोम का एक और विवादित बयान**

**अखिलेश को मुगलिया सल्तनत से जोड़ा, मेला बूढ़ा बाबा को बताया सनातनियों का मेला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना में भाजपा से दो बार के विधायक रहे संगीत सोम आए दिन अगर विवादित बयान न दें तो उत्तर प्रदेश की सियासत अब अधूरी सी लगती है। बात-बात पर विवादित बयान देने वाले संगीत सोम कभी हिंदू-मुस्लिम, कभी गाय तो कभी देश की एकता और अखंडता के प्रतीक अन्य धार्मिक आयोजनों पर भी उंगली उठाते रहते हैं। इस बार उन्होंने सरधना में आयोजित मेला बूढ़ा बाबा पर भी अपना विवादित बयान देकर उसे सनातनियों का मेला बता दिया है और अखिलेश यादव को भी मुगलिया सल्तनत से जोड़कर अजीबोगरीब बयान देते हुए कहा कि वह मुगलिया सल्तनत के आखिरी शासक हैं और अखिलेश का पीडीए पाकिस्तान डेवलपमेंट अथॉरिटी है। इसके बाद अब जनता संगीत सोम के बयान को हजम नहीं कर रही है। लोगों का कहना है कि क्या अब संगीत सोम की सियासत विवादित बयानों पर जिंदा रह गई है। जब तक वह विवादित बयान नहीं देते तब तक वह सुर्खियों में नहीं आते। क्षेत्र में किए हुए कार्य को लेकर वह कभी बात नहीं करते हैं जब भी बात करते हैं तो सांप्रदायिक और माहौल खराब करने की ही बात करते है। वहीं समाजवादी पार्टी के नेताओं ने संगीत सोम के बयान की निंदा की है और कहा है कि संगीत सोम दलित पिछड़ों व शोषित समाज के लोगों से नफरत करते हैं इसीलिए वह पीडीए को लेकर अपनी मानसिकता जहिर कर रहे हैं और देश के दलित पिछड़े व शोषित समाज को पाकिस्तान से जोड़ रहे हैं।

गौरतलब है कि संगीत सोम को भाजपाई फायर ब्रांड नेता कहते हैं और संगीत सोम अपने विवादित बयानों के चलते ही प्रदेश भर में सुर्खिया बटोरते रहते हैं। 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों में भी उनका नाम आया। इस दौरान भी उन्होंने अनगिनत विवादित बयान दिए लेकिन कोर्ट से उन्हें बड़ी राहत मिली और वह इस इल्जाम से मामूली जुर्माने के साथ मुक्त हुए। संगीत सोम ठाकुर समाज के बड़े नेता हैं और चौबीसी मे उनकी मजबूत पकड़ है। वह सरधना से दो बार विधायक रहे हैं और दोनों बार उनके सामने समाजवादी पार्टी से अतुल प्रधान उन्हें टक्कर देते रहे हैं। तीसरी बार में अतुल प्रधान संगीत सोम को हराने में कामयाब हुए थे। अतुल प्रधान भी समाजवादी पार्टी के मजबूत और बड़े नेता हैं। उनके साथ भी सभी धर्म के लोग जुड़े हैं। अतुल प्रधान ने कहा कि पूर्व विधायक अजीबोगरीब बयान देते हैं जिससे क्षेत्र का माहौल खराब होता है। ऐसे बयानों से पूर्व जनप्रति. निधियों को बचना चाहिए। हालांकि जनता अब पूर्व विधायक के बयान को सीरियस नहीं लेती। पीडीए को लेकर दिए विवादित बयान पर बार बोलते हुए अतुल प्रधान ने कहा कि पीडीए दलित पिछड़े व शोषित समाज की आवाज है और जो लोग दलित पिछड़ों को कुछ नहीं समझते वह ऐसे ही बयान देते हैं।



पूर्व विधायक संगीत सोम

## संक्षिप्त खेल समाचार

### खेल मंत्रालय ने 'माई भारत पोर्टल पर शुरु किया व्हाट्सएप चैटबॉट

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेल मंत्रालय ने भारत के युवाओं के लिए डिजिटल जुड़ाव बढ़ाने और सेवाओं तक पहुंच को सुव्यवस्थित करने के एक प्रगतिशील कदम के तहत 'माई भारत' पोर्टल के साथ व्हाट्सएप एकीकरण शुरू किया है। व्हाट्सएप चैटबॉट अब माई भारत पोर्टल पर लाइव है और इसे सीधे व्हाट्सएप (7289001515) के द्वारा भी इस्तेमाल किया जा सकता है। यह मंच बातचीत करने का अधिक आसान, वास्तविक समय और उपयोगकर्ता के अनुकूल तरीका प्रदान करता है। इसमे सभी पंजीकृत माई भारत उपयोगकर्ताओं को अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम, स्वयंसेवा के अवसर, सीवी निर्माण, मेंटरशिप, संगठन में शामिल होने किसी भी मुद्दे की रिपोर्ट करने और माय भारत सहायता तक पहुंचने की सुविधा मिलती है। व्हाट्सएप चैटबॉट में सत्र शुरू करने के लिए व्यक्ति को 7289001515 नंबर पर 'हॉय' संदेश भेजना होगा।

### हैम्पशायर ने टी-20 ब्लास्ट के लिए लिन को किया अनुबंधित

**लंदन, वार्ता।** हैम्पशायर ने अपने शेष टी-20 ब्लास्ट ग्रुप मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज क्रिस लिन को अनुबंधित किया है। हॉक के पास ग्रुप चरण में छह और गेम हैं और लिन का आगमन दक्षिण अफीकी जोड़ी लुआन-ड्रे प्रीटोरियस और डेवाल्ड ब्रेविस के अंतर्राष्ट्रीय कॉल-अप अर्जित करने के बाद हुआ है। दक्षिण अफीका को 28 जून से जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है। लिन ने नॉर्थम्पटनशायर स्टीलबैक के लिए पहले ब्लास्ट में खेला है और इस प्रारूप में आठ हजार से अधिक रन के साथ 292 टी-20 मैच खेले हैं।

# आईसीसी ने 6 नियमों में बदलाव किए

● **खेल को ज्यादा तेज, निष्पक्ष और रोचक बनाने की कवायद: टेस्ट में 60 सेकेंड में ओवर शुरू करना होगा, दो चेतावनी के बाद 5 रन कटेंगे**

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने हाल ही में पुरुष क्रिकेट के 6 नियम बदले हैं, ताकि खेल को ज्यादा तेज, निष्पक्ष और रोचक बनाया जा सके। टेस्ट क्रिकेट में ये नियम नई वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप (2025-27) के लिए लागू हो चुके हैं। वहीं, सीमित ओवर (वनडे और टी-20) फार्मेट में ये नियम 2 जुलाई 2025 से प्रभावी होंगे। आईसीसी ने सभी देशों से नियमों में किए गए बदलावों की जानकारी साझा की है। आईसीसी ने टेस्ट क्रिकेट में अब स्टाप क्लाक नियम लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत फील्डिंग टीम ओवर शुरू करने में 60 सेकेंड से अधिक देर करती है तो उसे दो बार वार्निंग दी जाएगी। इसके बाद भी अगर यह नियम टूटा तो पेनल्टी के तौर पर उसके 5 रन काट लिए जाएंगे। टी-20 और वनडे क्रिकेट में यह नियम एक साल पहले ही लागू हो चुका है। आईसीसी ने तीनों फार्मेट के लिए शार्ट रन का नियम भी बदला है। जानबूझकर शार्ट रन लेने पर पहले 5 रन का जुर्माना लगता था। अब अगर बल्लेबाज एक्स्ट्रा रन चुराने के लिए जानबूझकर रन पूरा नहीं करता तो अंपायर फील्डिंग टीम से पूछेंगे कि वे पिच पर मौजूद दोनों में से किस बल्लेबाज को स्ट्राइक पर चाहते हैं। 5 रन के जुर्माना वाला नियम भी लागू रहेगा। गेंद पर सलाइवा (लार) लगाने पर बैन जारी रहेगा। हालांकि, गलती से सलाइवा लगाने पर बाल बदलना अनिवार्य नहीं होगा। अंपायर सिर्फ तभी गेंद बदलेंगे, जब उसकी स्थिति में भारी बदलाव हो, जैसे कि गेंद बहुत गीली हो या उसमें एक्स्ट्रा चमक हो। यह फैसला अंपायर के विवेक पर निर्भर होगा। अगर उसे लगता है कि गेंद की स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है तो इसे नहीं बदला जाएगा। यह नियम भी तीनों फार्मेट के लिए है। आईसीसी ने कोरोना काल (2020) के दौरान गेंद पर लार लगाने को बैन कर दिया था। आईसीसी ने कैच का नियम भी बदला है। अगर कैच आउट रीव्यू में गलत साबित होता है, लेकिन गेंद पैड पर लगी हो तो टीवी अंपायर एलबीडब्ल्यू की भी जांच करेंगे। अगर बैटर एलबीडब्ल्यू आउट है तो उसे आउट दे दिया जाएगा। यह नियम भी तीनों फार्मेट के लिए है। साफ्ट सिग्नल (अंपायर का लिया रिव्यू) लिया गया है और नो बाल पर कैच पर सही है तो बल्लेबाजी टीम को नो-बाल का एक रन एक्स्ट्रा मिलेगा। कैच सही नहीं है तो नो बाल का एक रन और दौड़कर बनाए गए रन भी मिलेंगे। पहले कैच के डाउट होने पर फील्ड अंपायर थर्ड अंपायर को रैफर करता था और टीवी अंपायर बताता था कि ये नो बाल थी, तो कैच की जांच नहीं होती थी। लेकिन अब उसकी जांच की जाएगी।

# भारत में होंगे 2029 के विश्व पुलिस और अग्निशमन सेवा खेल




● **भारत ने मेजबानी से संबंधित बोली में जीत हासिल की, इन खेलों का आयोजन अहमदाबाद में होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने प्रतिष्ठित विश्व पुलिस और अग्निशमन सेवा खेलों की वर्ष 2029 की मेजबानी से संबंधित बोली में जीत हासिल की है और इन खेलों का आयोजन अहमदाबाद में किया जायेगा। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को स्वयं इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर दी।

उन्होंने कहा कि भारत को प्रतिष्ठित विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल 2029 की मेजबानी मिलना हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है। भारत ने 2029 में होने वाले विश्व पुलिस और अग्निशमन सेवा खेलों 2029 की मेजबानी के लिए बोली जीत ली है। बर्मिंघम में आयोजित समारोह में भारत ने वियतनाम को पछाड़कर इन खेलों के लिए बोली जीती। यह प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट गुजरात के अहमदाबाद शहर में आयोजित किया जायेगा। इससे भारत में खेल संस्कृति को नई ऊंचाई मिलेगी और विश्वभर के पुलिस और अग्निश्मन सेवा के खिलाड़ियों के लिए यह भव्य मंच साबित होगा। शाह ने भारत को प्रतिष्ठित विश्व पुलिस और अग्निशमन सेवा खेल 2029 की मेजबानी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इन खेलों की मेजबानी मिलना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विस्तृत खेल ढांचे के निर्माण की वैश्विक मान्यता को दर्शाता है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत को प्रतिष्ठित विश्व पुलिस और अग्निश्मन खेल 2029 की मेजबानी मिलना हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है।

# टी-20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया से बदला लिया: रोहित शर्मा



● **ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवम्बर की फाइनल हार का गुस्सा पूरी टीम के मन में था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में ऑस्ट्रेलिया को हराने को लेकर बात की है। उन्होंने कहा सुपर-8 मैच में ऑस्ट्रेलिया को हारकर पूरी टीम ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल का बदला लिया था।

रोहित शर्मा ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवम्बर की फाइनल हार का गुस्सा उनके और पूरी टीम के मन में था। इसके बाद टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराया था। इस मैच में रोहित ने 92 रनों की पारी खेली थी। जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। रोहित रोहित ने कहा 2023 वर्ल्ड कप में हमने शानदार खेल दिखाया लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने हमें हरा दिया। 19 नवम्बर की चिढ़न हमेशा से मेरे और टीम के मन में थी। उन्होंने कहा, गुस्सा तो हमेशा था।

ऑस्ट्रेलिया ने हमारा 19 नवम्बर खराब कर दिया था। ड्रेसिंग रूम में 2023 फाइनल की बात होती थी टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच पर रोहित ने बताया, ड्रेसिंग रूम में हम इस बारे में बात करते थे। मन में ये ख्याल तो रहता है, लेकिन जब आप बल्लेबाजी करने उतरते हैं, तो इन सबके बारे में ज्यादा नहीं सोचते। हमने पहले पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 205/4 का स्कोर बनाया।

# सीनियर्स हारे, पर भारतीय अंडर-19 ने इंग्लैंड को धोया



● **442 रनों के जवाब में इंग्लैंड यंग लायंस 211 रन पर हो गई ढेर**

**होव, वार्ता।** भारत की अंडर-19 टीम इन दिनों इंग्लैंड के दौरे पर है, जहां उन्हें इंग्लैंड की अंडर-19 टीम के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। इसकी शुरुआत आज होव में होगी। उससे पहले 24 जून को भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड के यंग लायंस के खिलाफ 50 ओवर का प्रैक्टिस मैच खेला। इस मैच में भारत के युवा खिलाड़ियों ने इंग्लैंड की टीम को धो दिया। आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली टीम ने 50 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 442 रन बनाए।

जवाब में इंग्लैंड यंग लायंस की टीम 41.1 ओवर में 211 रन पर सिमट गई। भारतीय अंडर-19 टीम ने इसी के साथ इंग्लैंड यंग लायंस पर 231 रन की जीत के साथ इंग्लैंड की अंडर-19 टीम को चेतावना दे दी है कि उन्हें हल्के में लेने की कोशिश न करें। भले ही सीनियर टीम इंग्लैंड की सीनियर टीम के खिलाफ लीड्स टेस्ट हार गई हो, लेकिन आयुष म्हात्रे एंड कंपनी का इरादा कुछ और ही है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और 33 रन तक टीम ने अपने दोनों ओपनर्स के विकेट गंवा दिए थे। कप्तान म्हात्रे एक रन और 14 साल के वैभव सूर्यवंशी 17 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद विहान मल्होत्रा और मौलयाराजसिंह चावड़ा ने तीसरे विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी निभाई। विहान 31 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, चावड़ा ने 18 गेंद में पांच चौके की मदद से 23 रन की पारी खेली। अभिज्ञान कुंडू छह रन बनाकर आउट हुए। एक तरफ जहां भारतीय सीनियर टीम के लोअर आर्डर ने लीड्स टेस्ट में निराश किया था, वहीं दूसरी तरफ भारतीय अंडर-19 के लोअर आर्डर ने तूफान मचा दिया। छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए राहुल कुमार और इसके बाद आए कनिष्क चौहान ने छठे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी निभाई। राहुल 60 गेंद में चार चौके और पांच छक्के की मदद से 73 रन और कनिष्क 67 गेंद में पांच चौके और पांच छक्के की मदद से 79 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए अंब्रिश ने 47 गेंद में छह चौके और चार छक्के की मदद से 72 रन की पारी खेली। हालांकि, पार्टी इसके बाद शुरू हुई। लाफबोरो में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए हरवंश पंगलिया नाम की आंधी आई। जब वह बल्लेबाजी के लिए उतरे तो भारत का स्कोर सात विकेट पर 251 रन था। 52 गेंद पर आठ चौके और नौ छक्के की मदद से 103 रन जड़ दिए। वह नाबाद रहे। मोहम्मद एनान चार रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हेनिल पटेल एक रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह भारत ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 442 रन बनाए।

# वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के चार विकेट झटक कर मैच पर पकड़ बनाई

**दूसरे दिन स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में 92 रन पर चार विकेट हुए**

**बारबाडोस, वार्ता।** तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर जेडन सील्स की अगुवाई में वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में 92 रन के स्कोर पर चार विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली है।

इससे पहले वेस्टइंडीज ने बल्लेबाज शाई होप (48) और कप्तान रोस्टन चेस (44) के बीच जुझारू साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में बनाये गये स्कोर के आधार 10 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत एक बार फिर खराब रही और उसने 27 के स्कोर पर उस्मान ख्वाजा (15) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद 34 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट सैम कॉन्स्टास (पांच) रन के रूप में गिरा। जॉश इंग्लिस (12) को जेडन सील्स ने बोल्ड आउट किया। कैमरन ग्रीन (15) को जस्टिन ग्रीव्स ने रॉस्टन चेज के हाथों कैच आउट कराया। ऑस्ट्रेलिया 65 रन पर चार विकेट गवां कर दबाव में थी। ऐसे संकट के समय ट्रैविस हेड और ब्यू वेबस्टर की जोड़ी ने पारी को संभाला और दिन का खेल समाप्त होने के समय तक चार विकेट खोकर 92 रन बना लिए। स्टंप के समय बो वेबस्टर (नाबाद 19) और ट्रैविस हेड (नाबाद 13) क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज की ओर से जेडेन सील्स, शमार जोसेफ, अल्जारी जोसेफ और जस्टिन ग्रीव्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# विंबलडन चैंपियन क्रेजिकोवा चोट के कारण ईस्टबोर्न से बाहर



**लंदन, वार्ता।** विंबलडन चैंपियन बारबारा क्रेजिकोवा ने जांघ की चोट के कारण ईस्टबोर्न से नाम वापस ले लिया है। चेक गणराज्य की खिलाड़ी को अपने दोनों मैचों में तीन सेटों तक जाना पड़ा, जिसमें उन्होंने क्रमश: पहले और दूसरे राउंड में ब्रिटेन की हैरियट डार्ट और जोडी बर्रेज को हराया।

क्वार्टर फाइनल में उनका सामना फ्रांस की वरवारा ग्रेचेवा से होना था, लेकिन मैच शुरू होने से पहले ही उन्होंने नाम वापस ले लिया। दो बार की प्रमुख एकल चैंपियन क्रेजिकोवा ने बुधवार को शुरू में समस्या महसूस की जो रात भर में और खराब हो गई। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि मुझे नाम वापस लेने का बहुत दुख है, क्योंकि मेरी दाहिनी जांघ में कुछ दर्द है। मुझे लगता है कि अगले कुछ दिनों में विंबलडन के साथ आराम करना और यह देखना बेहतर होगा कि क्या हो रहा है और उसका समाधान करना है। क्रेजसिकोवा मंगलवार को विंबलडन में मौजूदा महिला चैंपियन के रूप में खेल की शुरुआत करेंगी, ने पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक आराम करने के बाद इस साल सिर्फ छह मैच खेले हैं। वह पिछले सप्ताह क्वींस में अपना पहला राउंड मैच हार गई थी, फिर उसने डार्ट और बरेज दोनों के खिलाफ मैच प्वाइंट बचाए। दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी ने पिछले साल विंबलडन फाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को हराया था।

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी क्लब अल-नासर के साथ किया नया करार

**लिस्बन, वार्ता।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी क्लब अल-नासर के साथ दो साल का नया करार किया है, जिसके बाद वह अपने 42वें जन्मदिन के बाद तक सऊदी प्रो लीग क्लब के साथ बने रहेंगे। पुर्तगाल के 40 वर्षीय कप्तान मैनचेस्टर यूनाइटेड को खराब परिस्थितियों में छोड़ने के बाद दिसम्बर 2022 में रियाद स्थित टीम में शामिल हुए थे। उनका पिछला अल-नासर करार जून के अंत में समाप्त होने वाला था। एक्स पर एक पोस्ट में, रोनाल्डो ने लिखा कि एक नया अध्याय शुरू होता है। वही जुनून, वही सपना। आइए साथ मिलकर इतिहास बनाएं।

# आईओसी ने 2036 ओलंपिक की बिडिंग प्रोसेस रोकी

**प्रसिडेंट ने कहा कि मेजबान चुनने का सही समय नहीं भारत ने 8 महीने पहले दावेदारी पेश की थी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंटरनेशनल ओलिंपिक काउंसिल (आईओसी) ने 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की बिडिंग प्रोसेस पर रोक लगा दी है। इससे गेम्स के लिए भारत की मेजबानी पर फैसला टल गया है।

आईओसी की प्रेसिडेंट क्रिस्टी कावेंट्री ने कहा कि एग्जीक्यूटिव बोर्ड के सभी सदस्यों ने इस प्रोसेस को रोकने और इसकी समीक्षा करने का फैसला लिया है।

हम इस पर दोबारा विचार करने के लिए एक कार्य समूह गठित करेंगे।श 41 साल की क्रिस्टी लुसाने में एग्जीक्यूटिव बोर्ड की पहली बैठक ली। पिछले साल एक अक्टूबर को भारत सरकार ने एक अक्टूबर को लेटर आफ इंटेंट के जरिए आईओसी से गेम्स का आयोजन कराने की इच्छा जाहिर की थी। इस पर अगले साल तक फैसला होने की उम्मीद की जा रही थी। 2032 तक के मेजबान तय हैं, 2036 के लिए बिडिंग होगी 2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लास एंजिलिस में होने हैं। अब तक 2 एशियाड, एक कामनवेल्थ गेम्स करा चुका है भारत भारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है।

देश ने आखिरी बार 2010 में कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। इससे पहले भारत में 1982 और 1951 के एशियन गेम्स भी कराए जा चुके हैं।

# विंडीज के सील्स पर लगा जुर्माना



● **सील्स को खिलाड़ियों और उनके सहायक कर्मियों के लिए अपमान जनक भाषा के प्रयोग का दोषी पाया गया**

**बारबाडोस, वार्ता।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईसीसी के आज एक बयान के अनुसार सील्स को खिलाड़ियों और उनके सहायक कर्मियों के लिए अपमानजक भाषा, क्रियाकलाप तथा हाव-भाव से आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन का दोषी पाया गया।

इसके तहत उन पर मैच फीस के 15 प्रतिशत जुर्माने के अलावा अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया। यह पिछले 24 महीने की अवधि में उनका दूसरा अपराध है। यह घटना बुधवार को पहले टेस्ट मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पारी के 55वें ओवर में उस समय हुई जब कप्तान पैट कमिंस को आउट करने के बाद सील्स ने उन्हें पवेलियन की ओर इशारा किया। इससे पहले तीन दिसंबर 2024 को जमैका में बंगलादेश के खिलाफ टेस्ट मैच में सील्स को इसी तरह के अपराध के लिए दोषी पाये जाने पर एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया था। सील्स ने अपराध और मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के जवागल श्रीनाथ द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया।

# विश्वकप की तैयारियों का आगाज करेगी भारतीय टीम

**इंग्लैंड से आज होगा टी-20 मैच में सामना**

**नाटिंघम, वार्ता।** अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारियों की शुरुआत के लिए भारतीय महिला टीम के पास इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से अच्छा मौका नहीं होगा।

हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम आगामी पांच मैचों की सीरीज के जरिये इंग्लैंड की प्लेइंग कंडीशंस में खुद को ढालना चाहेगी। यहां दोनों का तीन वनडे मैचों की सीरीज में भी आमना-सामना होना है। विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का वक्त है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण में बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह सीरीज बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम प्रबंधन इंग्लैंड की पिचों की प्रख्रति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियों में किस तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते हैं। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सायली सतघरे जैसे कुछ नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है। पूरी संभावना है कि शेफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित नहीं कर पाई थी। भारत का यह इस साल का पहला टी-20 मैच है और आफ स्पिन आलराउंडर स्नेह राणा और तेज गेंदबाजी आलराउंडर अमनजोत कौर की वापसी पर सबकी निगाहें रहेंगी।



राणा फरवरी 2023 के बाद टीम में वापसी कर रही हैं और इस साल की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अच्छे प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत को हालांकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की कमी खलेगी, जो चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को अपनी युवा खिलाड़ियों से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। भारतीय टीम की इस दौरे की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसे दोनों अभ्यास मैच में हार का सामना करना पड़ा। अब उसका मुकाबला नैट सिवर-ब्रंट की अगुआई वाली मजबूत टीम से होगा। इंग्लैंड की टीम में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, डैनी व्याट-हाज और सोफी एक्लेस्टोन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी हैं।

# बिना अनुमति की जा रही पंचायत को पुलिस ने रोका

## विधायक चौधरी किरत सिंह व भाजपा नेत्री का विवाद गहराया, सड़कों पर पुलिस तलाशती रही समर्थक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** कोमल चौधरी द्वारा आयोजित महापंचायत को पुलिस अनुमति न मिलने के कारण होने नही दिया। पुलिस कोमल चौधरी के समर्थकों इक्ठ्ठा होने से रोकने के लिए सड़कों पर चक्कर लगती रही।

प्रस्तावित पंचायत स्थल की घेरा बंदी के कारण कोमल गुर्जर वहां पंचायत नहीं कर पाई लेकिन उन्होने शिव मंदिर के पास स्थित मकान पर अपनी बात कह दी। उन्होंने विधायक पर आरोप लगाते हुए उसका उत्पीडन करने की बात कही। कहा कि पंचायत स्थगित कराने को लेकर उसके अलावा उसके मायके व ससुराल वालों को भी परेशान किए रखा। उसने कहा कि विधायक के खिलाफ उसके पास जो सबूत हैं वह उन्हें सामने अवश्य लाएगी। मिरगपुर के वीरेंद्र गुर्जर ने कहा कि कोमल गुर्जर को अपनी बात को नहीं रखने दिया जा रहा है। कोमल के प्रति अपशब्दों का प्रयोग किए जाने पर कहा कि गलत भाषा का प्रयोग करने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी। गुर्जर नेता मुखिया गुर्जर ने चेतावनी देते हुए कहा कि कोमल गुर्जर की तरफ अंगुली भी उठाने किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी।



उन्होने पुलिस व भाजपा को महाभ्रष्ट बताया। शुक्रवार सुबह से ही लोगों की निगाहें इस महापंचायत पर लगी हुई थी।

भाजपा नेत्री कोमल गुर्जर का एक विधायक से काफी समय से विवाद चल रहा था जो अब आकर चरम पर पहुंच गया था। कोमल ने विधायक पर अनेक आरोप लगाए जिसके बाद मामला बढ़ता चला गया। कोमल गुर्जर ने 27 जून को गंगोह में महापंचायत करने का ऐलान किया था। विधायक पक्ष ने भी सभी आरोपों को नकारते हुए रंडेढ़ी में बैठक की थी। बताया गया कि कोमल पक्ष ने तीतरों मार्ग स्थित एक पैलेस में पंचायत करने का ऐलान किया था। प्रशासन की मंजूरी न होने पर प्रशासन ने पंचायत पर रोक लगा कर पुलिस बल लगा दिया था। किसी को भी वहां फटकने नहीं दिया गया। पुलिस मुख्य मार्ग पर लगातार पंचायत समर्थकों को ढूंढती रही लेकिन कोई नहीं मिला। हलचल उस समय पैदा हुई जब पता लगा कि सीएचसी के पास पंचायत सर्मथक इकट्ठा हो रहे हैं। एसडीएम सुरेंद्र कुमार, तहसील दार आदि भी पहुंच गए, पुलिस ने भी वहां दौड़ लगा कर भीड़ को हटाने का प्रयास किया जिस पर लोगों ने जाम लगाने की कोशिश की। इसके बाद भी पुलिस तलाश करती रही तथा सज्जन वाला शिव मंदिर के पास भीड़ को रोक लिया। इसी बीच वहां एक आवास पर कोमल चौधरी के कार से आने की सूचना मिली जिससे वातावरण में गरमाहट आ गई।

पुलिस ने कार को घेर लिया तथा अपने साथ ले गई लेकिन उसमें कोमल के स्थान पर उसकी एक रिश्तेदार थी। नारेबाजी के बीच कोमल वहां एक मकान पर पहुंच गई तथा अपनी बात कह कर निकल ली। पुलिस उसकी प्रतीक्षा में खड़ी ही रह गई। कोमल के साथ गुर्जर नेता मुखिया गुर्जर तथा वीरेंद्र गुर्जर मिरग. पुर भी थे। इस मौके पर काफी समर्थक जमा रहे।

### लाठीचार्ज कराना उचित नही: प्रदीप



**गंगोह।** पूर्व सांसद व विधायक ने पुलिस लाठीचार्ज पर जताई नाराजगी गंगोह विधानसभा में मचे कोमल चौधरी व विधायक किरत सिंह के बीच मचे सियासी घमासान में पूर्व भाजपा सांसद प्रदीप चौधरी ने बयान देकर पुलिस और प्रशासन को कटघडे में लाकर खडा कर दिया है। प्रदीप चौधरी ने हालांकि कोमल चौधरी का पक्ष तो नही लिया है। लेकिन अपनी सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए कहा है कि गंगोह में सम्मानित व्यक्तियों पर पुलिस भेजकर उन्हें प्रताड़ित करना, पकड़कर बैठाना और लाठीचार्ज कराना किसी भी रूप से उचित नहीं है। उक्त घटना की उन्होंने कड़ी निंदा की है।

### महापंचायत को लेकर पूरे दिन माहौल रहा गर्म

गंगोह। गंगोह में कोमल चौधरी द्वारा बुलाई गई प्रस्तावित महापंचायत से पहले पूरा माहौल गरमा गया। प्रशासन ने धारा163 लागू होने के चलते पंचायत की अनुमति नहीं दी। जिस पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पंचायत रद्द होने से नाराज कोमल समर्थकों ने पुलिस की गाड़ी रोककर हंगामा करने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर कर दिया, कुछ समर्थक एक आवास जुट गए और यहां अधिकारियों से बदसलूकी की शिकायतें भी सामने आईं। हालांकि गंगोह में हालात अब तक शांत हैं लेकिन माहौल बिगाड़ने की कोशिशें जारी हैं, प्रशासन पूरी तरह सतर्क है, उप जिलाधिकारी ने खुद कमान संभाल रखी है।

# दिखाई दिया मोहर्रम का चांद, इमामबाड़ों में अजादारी शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुहर्रम का चांद दिखाई देते ही इमामबाड़ो मे मुहर्रम की तैयारी पूरी कर मातमी अन्जुमनो ने जुलूसे अलम निकालकर मुहर्रम का आगाज किया मजलिसो का सिलसिला शुरू।

मुहर्रम का चांद दिखाई देते ही शिया मुस्लिम समुदाय ने हजरत इमाम हुसैन 'अलैहिस्सलाम' व करबला के 72 शहीदो की याद मे इमामबाड़ो मे अलम व ताजिये सजाए हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम' के सोगवारो का इमामबाड़ो मे आना जाना शुरू हो गया है अन्जुमने अलग अलग मातमी जत्थो के साथ नौहा खानी व सीना. जनी करती हुई अलम के साथ अपने अपने दफतरो से इमाम बारगाहो मे पहुची। अन्जुमने इमामिया ने अलम का जुलूस अन्जुमन के दफतर बडतला अन्सारियान से निकाला तथा दूसरा अलम अन्जुमने अकबरिया ने अन्जुमन के दफतर मौहल्ला ख्वाजा जादगान से निकाल कर इमामबाड़ा अन्सारियान पहुचा, अन्जुमन ए सोग. वारे अकबरिया ने अलम निकाला नौहा खानी व मातम करते हुए इमामबाड़ा अन्सारियान पहुचे। मुहर्रम की चॉद रात में इमाम बारगाह सामा. नियान में मजलिस का आयोजन किया गया मजलिस में सब से पहले मरसिए खानी की गयी मरसिया खानी करने वालो में आसिफ अल्वी, हमजा जैदी, सलीम आब्दी, आदि थे मजलिस को खिताब फरमाते हुए हुज्जत-उल इस्लाम मौलाना डाक्टर सैय्यद फतेह मुहम्मद जैदी ने बताया जब ईद का चांद नजर आता है तो हम खुशियां मनाते है लेकिन जब मुहर्रम का चांद नजर आता है तो हमे दर्दो गम का अहसास होता है। आज से इमाम बारगाहो मे मजालिस और मातमी जुलूसो का सिलसिला शुरू हो गया।

# दिव्यांगों को उपकरण एवं प्रमाण पत्र का वितरण

**नागल।** स्थानीय खंड विकास कार्यालय में आयोजित शिविर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पीड़ित बच्चों को चिन्हित कर उन्हे उपकरण एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

मिली जानकारी के मुताबिक ब्लाक परिसर में आयोजित शिविर में आई टीम ने दिव्यांग बच्चों का चेकअप किया। इस दौरान आठ बच्चे दिव्यांग पाये गये। दिव्यांग बच्चों को चिन्हित करने के उपरांत उनको प्रमाण पत्र दिए गए और पांच बच्चों को ट्राई साइकिल, बैसाखी आदि उपकरण वितरित दिये गए हैं । इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ देवेंद्र कुमार,डॉ आई सी गुप्ता, डॉ रवि प्रकाश, डॉ अनुज कुमार, लक्की राम, मयंक गुप्ता, रानी, शेखर आदि मौजूद रहे।

# बर्दाश्त नहीं होगा किसानों का शोषण: तोमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** कस्बे के रेलवे रोड स्थित भाकियू तोमर कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने कहा कि उनका संगठन किसी भी किसान अथवा कार्यकर्ता का शोषण बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता दो जुलाई को मुजफ्फरनगर एसएसपी कार्यालय पर होने वाले अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से गत 19 जून को मुजफ्फरनगर की थाना मंडी पुलिस द्वारा किसानों पर लाठी बरसाने का काम किया वह निन्दनीय है।

उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार तानाशाह अधिकारियों के द्वारा किसानों पर लाठी बरसाने का काम कर रही है। उनका संगठन घोर निंदा करते हुए किसान उत्पीड़न की लड़ाई लड़ने का काम करेगा।

उन्होंने कहा कि यदि शासन व प्रशासन लाठी बरसाने वाले पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं करेगा तो उनका संगठन मुजफ्फरनगर में रेल रोकने से भी पीछे नहीं हटेगा।

इस अवसर पर सौरभ त्यागी, पवन त्यागी, चंदन कुमार, शहजाद, नीरज राणा, अलीम अहमद, सुशील चौधरी, मोहित गोयल, मुजीबुर्रहमान, अदनान, सुंदर कुमार, राजू कश्यप, सोनू आदि कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### टक्कर में कार क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** कार और ट्रैक्टर की टक्कर में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार लोग बाल बाल बचे।

दोपहर के समय अरुण कुमार गांव मुराद गढ़ थाना इंद्री जिला करनाल निवासी कार में सवार होकर नानौता की ओर से आ रहे थे। कार में अन्य दो लोग भी सवार थे। जैसे ही कार गांव महंगी के पास पहुंची तो गंगोह की ओर से आ रहे ट्रैक्टर से कार की टक्कर हो गई। टक्कर लगने के बाद कार खाई में पलट गई।

# दो महिला अधिवक्ताओं पर 5 साल का बैन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बार काउंसिल प्रयागराज ने दो महिला अधिवक्ताओं पर 5 साल का बैन लगाया है।

दीवानी न्यायालय में प्रेक्टिस करने वाले अधिवक्ता बाबर वसीम ने एक शिकायती पत्र 27 जुलाई 2024 को दो महिला अधिवक्ता के विरूद्ध अनुशानात्मक कार्यवाही की माँग करने को काउंसिल प्रयागराज को लिखा था। शिकायत पत्र पर बार कौसिंल ऑफ उ.प्र. प्रयागराज द्वारा संज्ञान लिया गया तथा मामले को निस्तारण हेतु अनुशासनात्मक समिति को सन्दर्भित कर दिया गया। मामले में अनुशानात्मक समिति द्वारा उभय पक्षों को अध्यक्ष बार कौंसिल ऑफ उप्र के समक्ष प्रस्तुत करते नोटिस जारी करते हुए सुनवाई हेतु 17 अगस्त 2024 नियत की गयी। शिकायत सही पाए जाने पर दीवानी न्यायालय में प्रेक्टिस करने वाली दो महिला अधिवक्ता नाजिया प्रवीण व साजिया प्रवीण पर बार काउंसिल प्रयागराज ने 5 साल का प्रतिबंध लगा दिया है।

# सड़क व नाली निर्माण का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज नगर विधायक राजीव गुंबर के साथ वार्ड 28 स्थित तकिया क्षेत्र में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। नगर निगम निधि से होने वाले इस निर्माण कार्य पर 12 लाख रुपये व्यय होंगे।



महापौर डॉ. अजय कुमार वार्ड 28 के तकिया क्षेत्र पहुंचे तो स्थानीय पार्षद आसिफ सहित क्षेत्र के अनेक लोगों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि यह निर्माण कार्य क्षेत्रवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आवागमन सुलभ होगा एवं जल निकासी की समस्या से भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारा निरंतर प्रयास है कि नगर का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया हो और प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित व सुविधाजनक जीवन प्रदान किया जाए।

इस मौके पर रालोद के पूर्व जिलाध्यक्ष राव कैसर सलीम, पार्षद मंसूर बदर, पूर्व पार्षद रेखा रोहिला, पार्षद प्रतिनिधि सईद सिद्दीकी व शुभम कश्यप् आदि मौजूद रहे।

# लाखों की स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** पुलिस ने रायपुर इलाके से तीन नशा तस्करों को लाखों रुपए कीमत की स्मैक व नकदी सहित गिरफ्तार करने मे सफलता पाई है। पकड़े गए तीनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना मिर्जापुर प्रभारी अजय कुमार के नेर्तत्व मे पुलिस टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई की है। पहली कार्रवाई मे पुलिस ने दो नशा तस्कर अभियुक्तों को भूडली रोड से गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से 18.55 ग्राम स्मैक, 32.57 ग्राम स्मैक कट व 4 सिल्वर पेपर बरामद किये हैं। वहीं दूसरी कार्रवाई पुलिस टीम ने गंदेवड़ रायपुर रोड पर की है। चेकिंग के दौरान नशा तस्कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने 11.6 ग्राम स्मैक,40.12 ग्राम स्मैक कट व 1390 रुपए की नकदी बरामद की है।

पुलिस ने पकडे गये तीनों अभियुक्तों के नाम अहसान पुत्र नसीम,सोहेल पुत्र नसीम व अकबर पुत्र अल्लाबंदा निवासी रायपुर बताये हैं। थाना पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# कांवड़ सेवा में देंगे सहयोग: चौ.नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोक. दल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तराखण्ड प्रदेश प्रभारी चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि रालोद कांवड सेवा में पूरा सहयोग करेगा।




यहां आयोजित एक बैठक में चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि रालोद कार्यकर्ता कांवड़ियों के लिए कैंप लगाकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली प्रदेश आदि स्थानों से आने वाले शिव भक्तों का स्वागत करेंगे। जिसके लिए योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यह समस्त जिम्मेदारी रालोद प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र पंत व खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धान्त चौधरी तथा उनकी टीम को शोपी गई है। कांवड़ सेवा में रालोद के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे जो पुलिस प्रशासन का भी सहयोग करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र पंत ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल उत्तराखंड की पूरी टीम कांवड़ सेवा में रहेगी। खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धान्त चौधरी व पार्टी के वरिष्ठ नेता देवपाल राठी ने कहा कि जो जिम्मेदारी हमे शोपी जाएगी उसे पूरा करेंगे। इस दौरान वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी, निशांत चौधरी, उदयवीर सिंह, सुशील मलिक, रुपिन चौधरी, शारिक चौधरी योगेन्द्र राणा आदि उपस्थित रहे।

# विवाद में आधा दर्जन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** देर रात क्षेत्र के गांव घाटहेडा में मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। पुलिस नें घायलों को उपचार हेतू अस्पताल भेजा है।

मिली जानकारी के अनुसार चिलकाना थाना क्षेत्र के गांव घाटहेडा में बृहस्पतिवार की देर रात मामूली कहासुनी को लेकर विवाद हो गया। भीम आर्मी युवा मोर्चा नकुड विधानसभा के पूर्व विधानसभा प्रभारी सुभाष कटारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके पडोस में शादी का कार्यक्रम था, परिवार के सभी लोग शादी में व्यस्त थे, कि अचानक गांव के ही जितेन्द्र, संदीप, प्रदीप व संगीत पुत्र गण अमृतराज उर्फ कुद्दू ने किसी बात पर दिन में हुई कहा सुनी को लेकर अनिल पुत्र कृष्णलाल पर घर आकर तलवार आदि धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। जिससे अनिल गर्दन पर तलवार के वार से घायल होकर जमीन पर गिर पडा, बचाव के लिए आये सुनील पुत्र जगननाथ की तलवार के वार से हाथ की तीन अंगु. लियां कट गयी। वहीं संतोष पत्नी जगननाथ व राहुल पुत्र ऋषिपाल भी सर में चोट लगने से घायल हो गये। वहीं दुसरे पक्ष के जितेन्द्र, संदीप, प्रदीप व संगीत को भी मामूली चोटें आयी। पुलिस ने घायलों को उपचार हेतू सुलतानपुर स्थित सरकारी अस्पताल भिजवाया जहां चिकित्सको ने अनिल की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया था जिसकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। कार्यवाहक थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि घायलों का मैडिकल करा लिया गया है किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नही मिली है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# नगर आयुक्त ने जेई को लगाई फटकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी सीईओ व नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज नुमा. इश कैम्प एवं मनोहर पुर जोनल ऑफिसों का निरीक्षण किया। उन्होंने नुमाइश कैम्प जोनल ऑफिस में कार्य गुणवत्ता सही न देखकर नाराजगी जताते हुए जहां कार्यदायी संस्था के जेई को कड़ी फटकार लगायी वहीं सम्बंधित ठेकेदार पर एफआईआर कराने के निर्देश दिए।

स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त शिपू गिरि आज स्मार्ट सिटी (एसएससीएल) अधिकारियों एवं अपर नगरायुक्त मृत्युंजय के साथ सबसे पहले नुमाइश कैंप स्थित जोनल ऑफिस पहुंचे। उन्होंने जोनल ऑफिस का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि कॉलम की दीवार तथा छत की फाल सीलिंग का संरेखण एक लाइन में नहीं है, और



आऊटर फिनिशिंग भी सही नहीं है। जिससे स्पष्ट है कि यूपीपीसीएलका पर्यवेक्षण शिथिल है तथा उनके द्वारा कार्य क्रियान्वयन में लापरवाही की गयी है।

उन्होंने कहा कि यूपीपीसीएल के परियोजना प्रबंधक,सम्बंधित अभियंता का उत्तरदायित्व निर्धारित करे और सम्बंधित ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराए। उन्होंने एसएससीएल के अवर अभियंता के विरुद्ध भी एक प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने मनोहरपुर जोनल ऑफिस का निरीक्षण किया।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने अपर नगरायुक्त मृत्युंजय को निर्देश दिए कि नुमाईश कैंप, मनोहरपुर व हकीकत नगर, तीनों जोनल ऑफिसों को क्रियाशील करने के लिए स्मार्ट सिटी के कंपनी सचिव के साथ योजना बना लें और फर्नीचर आदि व्यवस्थाएं कराते हुए अपने जोनल ऑफिस स्थापित करा लें। निरीक्षण के दौरान अपर नगरायुक्त मृत्युंजय के अलावा जीएम स्मार्ट सिटी दिनेश कुमार, कंपनी सचिव शंकर तायल व परियोजना प्रबंधक जितेंद्र कुमार के अलावा स्मार्ट सिटी के अनेक अधिकारी व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सर्पदंश से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव इशाकपुर में सांप के काटने से एक युवक की मौत हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक संदीप कुमार स्वामी 35 पुत्र पहल सिंह गुरुवार की रात अपने बेड पर सो रहा था। सोते समय करीब एक बजे उसके बिस्तर में घुसकर एक सांप ने उसे काट लिया। परिजन उसे तुरंत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाये । प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान शुक्रवार पी जी आई पिलखनी में उसने दम तोड दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को गांव में लाने से गांव मे मातम छा गया । बताया जाता है मृतक मिलनसार व सरल स्वभाव का युवक था तथा नागल मे एक दुकान पर नौकरी करता था। गुरुवार शाम को ही वह अपनी पत्नी तथा दो छोटे छोटे बच्चों को अपनी ससुराल से लेकर आया था।

### पिता पर चाकुओं से हमला

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव बसेड़ा में मामूली कहासुनी होने पर बेटे ने अपने पिता को चाकूओं से वार कर घायल कर दिया। मोहल्ला वासियों ने घायल बुजुर्गों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक बुजुर्ग नरेंद्र धीमान ने बताया कि शुक्रवार को छोटी सी बात को लेकर उसके बड़े बेटे के साथ कहासुनी हो गई थी। जिससे नाराज होकर उसके बेटे ने उसकी बाजू पर चाकूओं से वार कर घायल कर दिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर आने पर आरोपी बेटे के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# जीआईएस सर्वे टैक्स का विरोध




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जीआईएस सर्वे के विरोध में आज पार्षदों के साथ सैंकडों लोगों ने नगर निगम में धरना प्रदर्शन किया और मांगों का ज्ञापन सौंपा।

धरने पर बैठे पार्षदों ने कहा कि जब नगर और 32 गांवो में 12.5% गृहकर जलकल पहले ही बढा दिया है। तो जीआईएस का क्या औचित्य? उन्होंने कहा कि टैक्स को 100 गुना से ज्यादा बड़ा दिया गया है जो कि जुल्म है नगर की जनता इसको बर्दाश्त नहीं करेगी। धरने पर पार्षद मन्सूर बदर समीर अंसारी पार्षद सईद सिद्दीकी पार्षद इजहार मंसूरी, पार्षद डॉक्टर मंसूर पार्षद जफर अंसारी पार्षद गुलजेब खान, पार्षद मेनपाल पार्षद रईस पप्पू पार्षद महमूद हसन पार्षद आसिफ अंसारी पार्षद एडवोकेट जावेद पार्षद हाजी मोहर्रम अली पप्पू पार्षद हाजी नूर आलम, कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, वैभव भाटिया, अमित बत्ता, बिलाल अंसारी, इमरान मंत्री, अबरार जुबैरी, काशिफ डालडा, नईम अंसारी, सोनू जैदी, अलमास रियाज, नसीर पेंटर, फरहान अंसारी, फैय्याज, शोनी, सुहैल फ्रिज, डॉक्टर हामिद, पूर्व पार्षद डॉक्टर अहसान, नीना शर्मा, संदीपा, खुशनसीब, शबीना, सायरा सहित सैकड़ों महिला और पुरुष शामिल रहे।

# पेयरिंग व मर्ज प्रक्रिया के खिलाफ शिक्षकों का धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों की छात्र संख्या के आधार पर किए जा रहे पेयरिंग/मर्ज की प्रक्रिया के खिलाफ उत्तर प्रद. ेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से जुडे शिक्षकों ने धरना दिया।

हकीकत नगर धरना स्थल पर दिये गये धरने पर जिलाध्यक्ष संदीप सिंह पंवार ने शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 और बच्चों के मौलिक अधिकारों के विरुद्ध करार देते हुए शासनादेश दिनांक 16 जून 2025 को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत एक किलोमीटर की परिधि में प्राथमिक विद्यालय और तीन किलोमीटर की परिधि में उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थापित करने का स्पष्ट प्रावधान है। इसके अनुरूप ही प्रदेशभर में विद्यालय खोले गए थे। लेकिन वर्तमान में छात्र संख्या कम होने का हवाला देकर स्कूलों को मर्ज किया जा रहा है, जो बच्चों की शिक्षा को प्रभावित करेगा, खासकर दूर-दराज के क्षेत्रों और बालिकाओं के लिए यह निर्णय विशेष रूप से बाधक होगा। शिक्षक



संघ ने मांग करते हुए कहा शासनादेश दिनांक 16 जून 2025 को तत्काल निरस्त किया जाए, परिषद विद्यालय को कम छात्र संख्या के आधार पर बंद न किया जाए।

धरने पर जिला मंत्री संजय सैनी, संयुक्त मंत्री ब्रिजेश पुंडीर, कोषाध्यक्ष अब्दुल कादिर, वरिष्ठ नेता संदीप सैनी, सतीश राणा, तेजपाल सिंह, नीरज सैनी, जसवंत सिंह, पंकज तंवर, स्वतंत्र, प्रवीण, संदीप सैनी, तालिब हसन, वसीम, कुलदीप, कुल. वीर, अनुज, कृपाल, लोकवीर, कृष्णपाल, विकास, शिवचरण, योगिता, शिखा, अंजू, मोनिका श्रीवास्तव, प्रिया, मधु, दीपक, प्रदीप मौजूद रहे।

# रिश्वत लेते संविदा कर्मी गिरफ्तार

**रामपुर मनिहारान।** एंटी करप्शन टीम ने किसान की शिकायत पर विद्युत विभाग के एक्शन ऑफिस में संविदा कर्मी कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम ने विद्युत एक्सईएन ऑफिस में छापेमारी की तो हड़कंप मच गया।एंटीकरप्शन टीम क्षेत्र के गांव संभलहेड़ी के एक किसान द्वारा की गयी शिकायत पर एक्सईएन ऑफिस पहुंची थी। किसान का कहना था कि खेत पर ट्यूबवेल के कनेक्शन हेतु आवेदन किया था। जबकि एक्सईएन ऑफिस में तैनात संविदाकर्मी कम्प्यूटर आपरेटर शुभम पुत्र भगवान सिंह रिश्वत की मांग कर रहा है। एंटी करप्शन टीम हरकत में आयी व एक्सईएन आफिस पहुंचकर कम्प्यूटर आपरेटर को 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

# स्थायी शांति की जरूरत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का यह कहना बिल्कुल सही है कि जब तक जटिल मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता, तब तक चीन सीमा पर स्थायी शांति स्थापित नहीं हो सकती। असल में इस समय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए चीन गए हैं। गुरुवार को हुई बैठक से इतर उन्होंने चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डॉन्ग जून के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में स्थापित व्यवस्था को पुन: सक्रिय कर सीमा विवादों के स्थायी समाधानों पर बल दिया। शुक्रवार को भारतीय रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी किया जिसमें कहा गया कि भारत-चीन सीमा पर शांति सौहार्द बनाए रखने की बेहद जरूरत है। अच्छी बात यह है कि श्री सिंह ने द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए दोनों पक्षों द्वारा किए जा रहे कार्य पर संतोष प्रकट किया। रक्षा मंत्री ने सीमा प्रबंधन पर जोर दिया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने परस्पर लाभ के साथ-साथ एशिया और दुनिया में स्थिरता के लिए सहयोग बढ़ाने पर भी बल दिया। जैसाकि हम जानते हैं 2020 में सीमा पर उस समय गतिरोध उत्पन्न हो गया था, जब वहां सैनिक झड़प हो गई थी। तभी से ही अविश्वास का माहौल बना हुआ है। हालांकि अभी जमीन पर काम होना बाकी है, लेकिन जिस तरह दोनों मंत्रियों ने मौजूदा व्यवस्थाओं के माध्यम से सैनिकों की वापसी, तनाव कम करना, सीमा प्रबंधन और सीमांकन मुद्दों पर प्रगति हासिल करने के लिए विभिन्न स्तरों पर परामर्श जारी रखने पर सहयोग की बात की है वह एक अच्छा संकेत है। भारतीय रक्षा मंत्री चीन के रक्षा मंत्री के साथ ही बल्कि रूसी रक्षा मंत्री बेलारूस, तजाकिस्तान, कजाकिस्तान के रक्षा मंत्रियों से भी मिल रहे हैं और आपसी सहयोग के रास्ते भी तलाश रहे हैं। साथ ही वह ऑपरेशन सिंदूर के विषय में भी भारत के दृष्टिकोण को रख रहे हैं और बता रहे हैं कि आखिर भारत को ऑपरेशन सिंदूर अभियान क्यों चलाना पड़ रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि जिस तरह इस समय तनाव बना हुआ है, इजरायल हमास संघर्ष, रूस-यूक्रेन और अब हाल ही में ईरान-इजरायल संघर्ष से इस बात का और महत्व बढ़ गया है कि भारत चीन के बीच तनाव को कम किया जाए। क्योंकि दुनिया और अधिक तनाव झेलने की स्थिति में नहीं है अगर और कोई संघर्ष छिड़ जाता है तो यह पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि चीन व भारत अपने बीच पनप रही अविश्वास की खाई को समय के साथ-साथ बढ़ाने के बजाए इसको कम करने का काम करें। इसी में भारत चीन ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया का हित छिपा है। यूं भी हम सभी ने देख लिया कि कोई भी युद्ध समस्याओं को जन्म ही देता है। किसी समस्या का समाधान देता दिखाई नहीं देता। चीन इस बात को जितनी जल्दी समझे, उतना ही बेहतर है, क्योंकि जहां तक बात भारत की है, भारत हमेशा से ही विस्तारवादी नीति के खिलाफ रहा है और कभी भी उसने किसी देश पर हमला नहीं किया। यही अपेक्षा भारत दूसरे देशों से भी अपने प्रति करता है। भारत ने साफ कह दिया है कि कोई भी दोस्ती एकतरफा नहीं हो सकती। समानता के आधार पर अपनाया गया फार्मूला ही कारगर साबित होगा।

## विदेश भेजने के नाम पर रूसी सेना में भर्ती



प्रधानमंत्री मोदी के अमृत काल में विदेश भेजने के नाम पर जमकर धंधा चल रहा है और देश के युवाओं से भारी भरकम राशि वसूल कर उन्हें धोखे से यूक्रेन से लड़ने के लिए रूसी सेना में भर्ती कराया जा रहा है, अमृत काल में जिस तरह के काम हो रहे है, वह बेहद चिंताजनक है, देश के युवाओं को विदेश जाने के नाम पर बहला फुसला कर उनसे मोटी रकम ऐंठी जा रही है और उन्हें धोखे से रूस भेजकर सेना में भर्ती कर सीधे युद्ध के मैदान में भेजा जा रहा है, क्या सरकार रूस से पूछेगी कि बिना अनुमति के हमारे लोगों को वहां की सेना में भर्ती क्यों किया गया और क्या सरकार ने अपने लोगों को वापस लाने का कोई प्रयास किया है। सरकार ने धोखेबाज एजेंटों पर कार्रवाई नहीं की।

**-अमरिंदर सिंह बरार, लोकसभा सांसद, कांग्रेस**

# वो आपातकाल था तो ये क्या है...






**पवन सिंह**

अगर आप सजग न रहे तो सत्ता और मीडिया का खतरनाक गठजोड़ आपको नफरती बना देगा। मीडिया आपमें शोषक के प्रति ही सहानुभूति पैदा कर देगा और जिसका शोषण हो रहा है, उसे अपराधी करार देगा। 2014 के बाद से भारत के मेन स्ट्रीम मीडिया ने सत्ता के साथ गलबहियां करके यही किया है। मीडिया ने अघोषित आपातकाल, अन्याय, गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी और शर्म जैसे विषयों को गौरव का विषय बना दिया और तुर्रा यह कि मीडिया आपको 1975 के उस आपातकाल की ओर ले गया, जिसका समर्थन ऐसे लोगों ने किया था, जो आज फर्जी राष्ट्रवाद का सिंदूर लगा कर टहल रहे हैं।

जनता के प्रति जवाबदेह न होना। 11 सालों में एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस न करना। उत्तर प्रदेश और बिहार में नौकरियां मांगने व रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर धरना दे रहे और प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं पर बर्बर लाठीचार्ज कर देना। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारी छात्रों को उनके किराए के मकानों में घुसकर पीटना, वरिष्ठ नागरिकों से रेल की सुविधा छीन लेना, पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर देना। किसी भी आम आदमी की पीड़ा को पूरी तरह से नजर अंदाज कर देना। इसे संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों का हनन माना जाना चाहिए या नहीं। अखबारों और चैनलों के मालिकों को खरीद लेना। जनता के सरोकारों के विषयों/खबरों को पूरी तरह से न्यूज चैनलों से गायब कर देना इसे इमरजेंसी की किस श्रेणी में रखा जाए या यह चर्चा केवल 1975 वाली दो साल की इमरजेंसी पर ही होगी या 11 सालों से अघोषित इमरजेंसी पर होगी? अपने ही देश के नागरिकों को सत्ता के लिए आपस में लड़ाकर रखना। हेट स्पीच पर केवल एक पक्षीय कार्रवाई को अघोषित इमरजेंसी माना जाए या न माना जाए? न्यायिक व्यवस्था और उसकी न्यायिक परिभाषा को धूलधूसरित कर देना, रिटायर्ड जजों को लालच या धमकी देना और फिर पद से नवाजा जाना। यह किस तरह की इमरजेंसी के तहत आएगा?

निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता वर्तमान में शून्य हो चुकी है। एक पूरी की पूरी संवैधानिक संस्था को ही लगभग खिलौना बनाकर रख देना। इसे क्या नाम दिया जाए? बार-बार वोटर लिस्ट में व्यापक गड़बड़ियां करके अपने पक्ष में खेल खिलवाना। क्या माना जाए? पहले हर विदेशी दौरों पर मीडिया साथ जाता था और उस दौरे से देश को क्या लाभ होंगे, किन-किन विषयों पर बात हुई। उसकी जानकारी साझा होती थी। यह सब 11 सालों से बंद क्यों हुआ? सिर्फ गाना-बजाना। ढोल-मंजीरा लेकर नचनिया बने पत्रकारों के झुंडों को प्रश्रय देना। इसे इमरजेंसी के खांचे में फिट किया जा सकता है कि नहीं? यूट्यूब चैनलों पर जो पत्रकार खबरों और विश्लेषणों को आम जनता से साझा कर रहे हैं। उन्हें ब्लाक क्यों किया जा रहा है? ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसी एजेंसियां भ्रष्टाचार रोकने के अपने मूल उद्देश्य से भटक कर सत्ता बनाएं रखने में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगीं, इसे कौन सा आपातकाल माना जाए? विकास के नाम पर जंगलों को एक तरफा काट देना। लोगों की जमीनों का बल पूर्वक अधिग्रहण कर लेना। लोगों की झुग्गी-बस्तियों को बुल्डोजरों तले चंगेज खान की तरह रौंद देना। पीड़ितों पर ही FIR करा कर जेल भेज देना। आदिवासियों की सैकड़ों की संख्या में हत्या और मीडिया की आश्चर्यजनक व रहस्यमय चुप्पी को किस आपातकाल के संदर्भ में देखा जाए?

कुछ रोज पहले सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई कि लाखों बेकसूर जेलों में हैं, जो कि भयावह है। यह क्या है? एक उदाहरण पेश है-एनडीटीवी के मालिक प्रवण राय पर सरकार के इशारे पर दर्ज केस हुआ और छापा पड़ा। फिर जांच शुरू हुई। मीडिया का एक दूसरा वर्ग जो घुटने टेक कर टेकचंद बन चुका था, अब बारी एनडीटीवी की थी, क्योंकि अघोषित आपातकाल में ऊंची आवा. जें और सवाल पसंद नहीं किए जाते। लगा कि एनडीटीवी ने मालिकान ने बहुत बड़ा आर्थिक घोटाला किया है। प्रणव राय ने आखिरकार हार मान ली और एनडीटीवी एकमेव राष्ट्रीय उद्योग. पति ने टेकओवर कर लिया। धीरे-धीरे सारे असल पत्रकार वहां से भगा दिए गए या खुद ही छोड़कर चले गए। यहां तक भी ठीक था, लेकिन एकमेव राष्ट्रीय उद्योगपति के चैनल खरीदते ही प्रणव राय के केस में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल हो गई। केस खत्म हो गया।।असल सवाल वहीं का वहीं खड़ा है कि अगर प्रणव राय दोषी थे तो छूटे क्यों? अगर दोषी नहीं थे तो यह सब हुआ हुआ क्यों? 2014 के बाद आपको ऐसे दर्जनों केस मिल जाएंगे। अगर आप खिलाफ थे और विपक्ष में थे तो ईडी थी, सीबीआई थी, इनकम टैक्स था, लेकिन फिर वे सारे के सारे भ्रष्टाचारी अचानक उधर से इधर आ जाते हैं और फिर सब कुछ समाप्त। ऐसा भारत के इतिहास में कब होता था? इसे कौन सा आपातकाल माना जाए?

दरअसल, 1975 वाली घोषित इमरजेंसी से सबसे ज्यादा नाराज कौन था? घोषित इमरजेंसी से सबसे ज्यादा तकलीफ किसको थी? आम आदमी को तो कोई दिक्कत नहीं थी।।ट्रेनें एकदम राइट टाइम चलने लगी थीं, सरकारी कार्यालयों में लोग बिलकुल राइट टाइम आने लगे थे, घूस मांगने की हिम्मत जवाब दे गई थी। अनाज में मिलावट और घटतौली बंद हो गई थी। फिर परेशान कौन था? परेशान थे जमींदार। परेशान थे सामंतवादी। जमींदारों और भूस्वामियों की संपत्तियों पर आंच आई और उनका प्रभाव कम हुआ। तमाम जमीनें भूमि विहीन किसानों, खेतिहरों को मिलीं। निजी बैंक खोल कर जनता का पैसा हड़पने वाले परेशान हुए, क्योंकि 1969 में 14 प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया था (1980 में 6 और बैंकों का राष्ट्रीय करण हुआ) इससे बैंकों के दिवालिया होने का खतरा खत्म हुआ छोटे किसानों को भी कृषि, छोटे उद्योगों और ग्रामीण क्षेत्रों को ऋण प्राथमिकता से मिलने लगे और साहूकारों की दुकान बंद हुई। अब इससे नाराज कौन था? निजी बैंकर और उद्योग. पतियों ने अपना नियंत्रण बैंकों पर से खो दिया और इसे सरकारी हस्तक्षेप माना। रूढ़िवादी अर्थशास्त्री परेशान थे उनका मानना था कि इससे नौकरशाही का प्रभाल बढ़ेगा।

जबकि गरीब, किसान और समाजवादी विचारधारा वाले लोग इसे समानता और आर्थिक न्याय की दिशा में कदम मानते थे। पूर्व राजघरानों को मिलने वाले प्रिवी पर्स (विशेष भत्ते) को समाप्त कर दिया गया जो स्वतंत्रता के समय राजाओं के साथ हुए समझौते का हिस्सा था। इससे नाराज कौन था? अंतिम और अकाट्य सत्य यह है कि होमी जहांगीर भाभा की हत्या में अमेरिकी खुफिया एजेंसी CIA की जो भूमिका थी, वह भयावह थी। CIA की पूरी योजना ही इस आजाद देश को तबाह करने की थी और समय रहते ही रूस द्वारा इनपुट्स मिले और आपातकाल लगा। बाद में उसके लिए माफी भी मांग ली गई और आम जनता ने बाद में बंपर वोटों से वापस आपातकाल लगाने वालों को सत्ता सौंप दी।

फिलहाल उपरोक्त अनेक सुधारों से भारत के गरीबों के बीच से एक बहुत बड़ा वर्ग उभरा, वह था मध्यम और उच्च मध्यम वर्ग, जो आज 1975 को गालियां बकता हुआ वहीं पहुंच चुका है जहां से वह मध्यम वर्ग के सुख तक आया था। अब तय आपको करना है कि घोषित आपातकाल सही था या अघोषित आपातकाल। 500 रुपये और चार पूड़ी लेकर अगर आप बिना सोचे-समझे भीड़ के साथ नाच-गा रहे हैं तो फिर इसी में मस्त रहिए, क्योंकि कुछ लोगों को घी हजम नहीं हुआ करता।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खाद्य तेल की मदद से ई-कचरे से चांदी निकालें

**हर मोबाइल फोन में लगभग 100-200 मिलीग्राम चांदी होती है। इसी तरह, एक सामान्य लैपटॉप में 350 मिलीग्राम चांदी उपयोग होती है, और वर्तमान में भारत में लगभग पांच करोड़ लैपटॉप हैं। यदि भारत में मोबाइल फोन और लैपटॉप इतनी संख्या में हैं तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि पूरी दुनिया में इनकी संख्या कितनी होगी। अनुमान है कि मोबा. इल-लैपटॉप या ऐसी ही अन्य चीजों में पूरे विश्व में लगभग 7275 मीट्रिक टन चांदी लगती है, लेकिन ( इन उपकरणों के खराब होने पर इनसे ) बमुश्किल 15 प्रतिशत चांदी ही वापस निकालकर पुनर्चक्रित की जाती है।**

सोने के बाद चांदी सबसे कीमती धातु मानी जाती है। कई परिवारों में खुशी के मौकों पर सोने-चांदी की चेन-अंगूठियां ली-दी जाती हैं (या पहनी जाती हैं)। बेशक, चांदी सोने से सस्ती है, लेकिन जब उद्योग और ऊर्जा उत्पादन में उपयोग की बात आती है तो चांदी सोने को पछाड़ देती है। पूरे भारत में चांदी का इस्तेमाल छतों पर लगे सौर पैनलों के माध्यम से सौर ऊर्जा को कैद करने में किया जाता है। इससे पूरे देश में सालाना लगभग 108 गीगावॉट स्वच्छ एवं हरित बिजली पैदा होती है। यह मात्रा कोयले से पैदा होने वाली बिजली की लगभग 10 प्रतिशत है। इसके अलावा, भारत की लगभग 1.4 अरब आबादी द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले मोबा. इल फोन में विद्युत चालन और भंडारण के लिए चांदी का इस्तेमाल किया जाता है। हर मोबाइल फोन में लगभग 100-200 मिलीग्राम चांदी होती है। इसी तरह, एक सामान्य लैपटॉप में 350 मिलीग्राम चांदी उपयोग होती है, और वर्तमान में भारत में लगभग 5 करोड़ लैपटॉप हैं।

यदि भारत में मोबाइल फोन और लैपटॉप इतनी संख्या में हैं तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि पूरी दुनिया में इनकी संख्या कितनी होगी। अनुमान है कि मोबाइल-लैपटॉप या ऐसी ही अन्य चीजों में पूरे विश्व में लगभग 7275 मीट्रिक टन चांदी लगती है, लेकिन (इन उपकरणों के खराब होने पर इनसे) बमुश्किल 15 प्रतिशत चांदी ही वापस निकालकर पुनर्चक्रित की जाती है।

जब कोई फोन या कंप्यूटर खराब हो जाता है या फेंक दिया जाता है तो उसमें मौजूद चांदी भी कूड़े में चली जाती है। काश। हम इन बेकार उपकरणों से यह चांदी वापिस निकाल पाते। यह तो साफ है कि स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में चांदी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस संदर्भ में मारिया स्मिरनोवा एक हालिया रिपोर्ट स्प्रॉट सिल्वर रिपोर्ट में लिखती हैं कि जैसे-जैसे अधिक. ाधिक देश सौर पैनलों का उपयोग करके अक्षय ऊर्जा बनाएंगे, वैसे-वैसे चांदी की मांग में लगातार वृद्धि होगी।

वे आगे बताती हैं कि भले ही कुछ समूह सौर ऊर्जा के लिए अन्य धातुओं (जैसे लीथियम, कोबाल्ट और निकिल) का उपयोग करने पर विचार कर रहे हैं, फिर भी स्वच्छ और हरित ऊर्जा उत्पादन में चांदी एक प्रमुख भूमिका निभाती है और, इस साल चांदी की मांग में लगभग 170 प्रतिशत वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके अलावा, कारों, बसों और ट्रेनों में ईंधन के रूप में पेट्रोल की जगह सौर ऊर्जा का उपयोग होना शुरू हुआ है। स्मिरनोवा आगे बताती हैं कि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी का अनुमान है कि 2035 तक, दुनिया भर में बिकने वाली हर दूसरी कार इलेक्ट्रिक होगी।

इसका मतलब होगा कि हमें और चांदी चाहिए होगी। इसी संदर्भ में, फिनलैंड के प्रोफेसर टिमो रेपो और उनके साथियों ने अपने शोधपत्र में चांदी को पुन:चक्रित करने की एक कुशल रासायनिक विधि प्रस्तुत की है। इस विधि में कार्बनिक वसीय अम्लों (जैसे लिनोलेनिक या ओलिक एसिड) का उपयोग चांदी निकालने में किया गया है। यह कार्बनिक वसीय अम्ल तिलहन, मेवों और वनस्पति तेलों जैसे जैतून का तेल या मूंगफली का तेल में पाए जाते हैं, जिनका दैनिक भोजन में उपयोग होता है।

गौरतलब है कि इलेक्ट्रॉनिक कचरे से चांदी को पुनरू प्राप्त करना आसान नहीं हैरू प्रबल अम्लों और साइनाइड के उपयोग की वजह से इस प्रक्रिया में विषाक्त पदार्थ पैदा हो सकते हैं। अन्य धातुओं और मिश्र धातुओं से चांदी को अलग करने की पारंपरिक विधियों का उपयोग करने की बजाय उपरोक्त समूह ने सूरजमुखी, मूंगफली और अन्य तेलों में प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले साधारण असंतृप्त वसीय अम्लों के उपयोग से चांदी को अलग करके पुनरू हासिल करने की एक विधि विक. सित की है। समूह ने पाया कि इनका पुनर्चक्रण किया जा सकता है और इस प्रकार यह कार्बनिक विलायक और जलीय माध्यम से बेहतर हैं। शोधकर्ताओं ने इस विधि को शहरी खनन में भी कारगर पाया है, जहां कबाड़ या कचरे में फेंके गए कंप्यूटर के मदरबोर्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों के कचरे से चांदी पुनरू निकाली जा सकती है। शोध दल का निष्कर्ष है, ह्वसीय अम्ल बहुमूल्य बहु-धातु अपशिष्ट के निपटान का उन्नत माध्यम बन सकते हैं।

**-डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन**
**(स्रोत फीचर्स)**

# सिंगापुर: एक भीड़ भरे शहर में हरियाली की तलाश

सिंगापुर मात्र 730 वर्ग किलोमीटर का द्वीप देश है, आबादी करीब 60 लाख। इसके घनी शहरी बसाहट के बीच कुछ नाजुक प्राकृतिक क्षेत्र भी हैं, जिन्हें बचाने की जरूरत है। ऐसा ही एक जंतु जोहोरा सिंगापोरेन्सिस है। यह एक दुर्लभ, निशाचर, मीठे पानी का केकड़ा है और केवल सिंगा. पुर के आरक्षित क्षेत्रों में जलधाराओं के आसपास पाया जाता है।

2008 में जब इसकी संख्या तेजी से घटने लगी, तब यह पर्यावरणीय चिंता का विषय बन गया। एक छात्र द्वारा इसे ढूंढने के असफल प्रयासों ने सरकार और वैज्ञानिकों को सतर्क किया। इसके बाद सरकार के नेशनल पार्क्स बोर्ड ने वैज्ञानिकों और संगठनों के साथ मिलकर इस केकड़े को बचाने के लिए प्रजनन और पुनर्वास कार्यक्रम शुरू किया। आज भी यह केकड़ा संकटग्रस्त है, लेकिन इन प्रयासों से इसके जीवित रहने की संभावना कुछ बेहतर हुई है।

तेज विकास के दबाव के बीच सिंगापुर की हरियाली को बचाने की कोशिश काबिल-ए-तारीफ है। 1819 में जब यह एक ब्रिटिश व्यापारिक केंद्र बना था, तब से अब तक देश के ज्यादातर मूल वर्षावन खत्म हो चुके हैं। अब केवल थोड़ा-सा हिस्सा बचा है, जिसे सेंट्रल कैचमेंट नेचर रिजर्व में संरक्षित किया गया है। सिंगापुर के सामने एक बड़ी चुनौती बढ़ती आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ-साथ अपनी प्राकृतिक धरोहर को बचाए रखना भी है। भले ही देश में जन्म दर घट रही है, लेकिन विदेश से आने वाले मजदूरों और छात्रों के कारण आबादी लगातार बढ़ रही है। यहां की एक-तिहाई आबादी प्रवासी है। लगभग 80 प्रतिशत लोग सरकार द्वारा बनाए गए बहुमंजिला मकानों में रहते हैं। 2025 तक करीब 1 लाख नए मकान बनाने की योजना है, जिनमें से कुछ वन्य क्षेत्रों में बनेंगे। तेजी से हो रहे विकास को लेकर पर्यावरणविदों में चिंता बढ़ रही है। सरकार भले ही एक करोड़ पेड़ लगाने और एक लाख कोरल ट्रांसप्लांट करने जैसे दीर्घकालिक उपायों का वादा कर रही है, लेकिन आलोचकों का मानना है कि ए कोशिशें शायद काफी नहीं हैं। इस स्थिति में कई सवाल उठते हैं-इन परियोजनाओं के दौरान कितने पेड़ काटे जा रहे हैं? क्या सैकड़ों साल पुराने जंगल आधुनिक घरों के लिए खत्म किए जा रहे हैं और क्या इतने बड़े पैमाने पर कोरल ट्रांसप्लांट करना वास्तव में मुमकिन है? पर्यावरण से जुड़े कई लोग इस बात से भी नाराज हैं कि सरकार की योजना से जुड़ा डैटा आसानी से नहीं मिलता, जिससे आपसी सहयोग में बाधा आती है। भले ही एनपार्क्स कहता है कि ज्यादातर योजनाएं साझेदारी से चलती हैं, लेकिन आंकड़े साझा न किए जाने को लेकर असहमति बनी हुई है। कई बार सरकार लुप्तप्राय प्रजातियों की जानकारी इसलिए नहीं देती कि कहीं उनका शिकार न होने लगे लेकिन पारदर्शिता की कमी लोगों के बीच अविश्वास पैदा करती है। 2024 में विशेषज्ञों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा मिलकर तैयार किए गए सिंगापुर टेरेस्ट्रियल कंजर्वेशन प्लान में सुझाव है कि पर्यावरण से जुड़ी योजनाओं में बेहतर संवाद और आम लोगों की अधिक भागीदारी होनी चाहिए, लेकिन कुछ



कार्यकर्ता अब भी संदेह में हैं। उनका कहना है कि जब तक किसी जंगल को काटे जाने की योजना की खबर आम जनता तक पहुंचती है, तब तक फैसला लिया जा चुका होता है। इन चुनौतियों के बावजूद, शहरी हरियाली को लेकर सिंगापुर की कोशिशें दुनिया भर में सराही जाती हैं। यहां पेड़ों की छांव (ट्री-कैनपी) का घनत्व दुनिया में सबसे ज्यादा है। कारण है कड़े नियम, जिनके तहत नई इमारतों में पर्यावरण के अनुकूल डिजाइन अनिवार्य हैं। जैसे हरित छतें और पेड़ों से सजे पैदल पुल। एक शानदार उदाहरण है बिशन-आंग मो किओ पार्क, जो न सिर्फ सैर-सपाटे के लिए मशहूर है, बल्कि जलवायु लाभ भी देता है। 62 हैक्टर में फैला यह पार्क आसपास की ऊंची इमारतों वाले इलाकों की तुलना में लगभग 3 डिग्री सेल्सियस ठंडा रहता है और लोगों को राहत पहुंचाता है। हरित क्षेत्र बारिश का पानी सोखने, शोर कम करने और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी मदद करते हैं।

सिंगापुर की सरकार अपनी पर्यावरण नीति को प्रकृति में बसा शहर कहती है। यह एक महत्वाकांक्षी सोच को जाहिर करता है जिसमें शहर के हर पहलू में प्रकृति को शामिल करने की कोशिश है। इस घनी आबादी वाले शहर में प्रकृति को केवल बचाया नहीं गया है, बल्कि उसे रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बना दिया गया है। सिंगापुर का अनुभव दुनिया भर के शहरों के लिए एक मिसाल हैरू पर्यावरण संरक्षण का मतलब प्रगति को रोकना नहीं है बल्कि इसके लिए समझदारी से फैसले लेने तथा खुली बातचीत और दूर.ष्टि की जरूरत होती है। उम्मीद है आगे भी सिंगापुर बाकी दुनिया के लिए मिसाल बना रहेगा।

**-स्रोत फीचर्स**

**पर्यावरण से जुड़े कई लोग इस बात से भी नाराज हैं कि सरकार की योजना से जुड़ा डैटा आसानी से नहीं मिलता, जिससे आपसी सहयोग में बाधा आती है। भले ही एनपार्क्स कहता है कि ज्यादातर योजनाएं साझेदारी से चलती हैं, लेकिन आंकड़े साझा न किए जाने को लेकर असहमति बनी हुई है। कई बार सरकार लुप्तप्राय प्रजातियों की जानकारी इसलिए नहीं देती कि कहीं उनका शिकार न होने लगे लेकिन पारदर्शिता की कमी लोगों के बीच अविश्वास पैदा करती है। 2024 में विशेषज्ञों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा मिलकर तैयार किए गए सिंगापुर टेरेस्ट्रियल कंजर्वेशन प्लान में सुझाव है कि पर्यावरण से जुड़ी योजनाओं में बेहतर संवाद और आम लोगों की अधिक भागीदारी होनी चाहिए।**

# अब उल्टा 2.5 लाख करोड़ की ईरान को मदद देगा अमेरिका

## सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम में इन्वेस्टमेंट करेगा, कई प्रतिबंधों में राहत भी देगा वॉशिंगटन

### इस डील के तहत ईरान को कुछ प्रतिबंधों से भी छूट मिल सकती है

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका, ईरान को उसके सिविल एनर्जी प्रोडक्शन न्यूक्लियर प्रोग्राम को विकसित करने में मदद करने पर विचार कर रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान को 30 अरब डॉलर (करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए) के निवेश का प्रस्ताव दिया है, जिसके तहत ईरान यूरेनियम का संवर्धन किए बिना सिविल एनर्जी के लिए परमाणु कार्यक्रम शुरू कर सकता है।

इस डील के तहत ईरान को कुछ प्रति. बंधों से भी छूट मिल सकती है और उसे विदेशी बैंकों में जमा 6 अरब डॉलर तक की राशि तक पहुंच मिल सकती है, जिस पर फिलहाल प्रतिबंध है। सिविल एनर्जी प्रोडक्शन न्यूक्लियर प्रोग्राम ऐसा परमाणु कार्यक्रम होता है जिसका इस्तेमाल सिर्फ बिजली या ऊर्जा बनाने के लिए किया जाता है, न कि हथियार बनाने के लिए। इसमें न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाए जाते हैं जो परमाणु रिएक्शन का उपयोग कर बिजली पैदा करते हैं। इसका सैन्य उद्देश्यों या हथियारों से कोई लेना-देना नहीं होता। यह



कदम अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता शुरू करने की कोशिश का हिस्सा बताया जा रहा है।

20 जून को व्हाइट हाउस में अमेरिकी दूत स्टीव विटकाफ और खाड़ी देशों के नेताओं के बीच एक सीक्रेट मीटिंग हुई। इसमें प्रस्ताव पर चर्चा हुई। अमेरिका का कहना है कि वह इस कार्यक्रम के लिए सीधे पैसे नहीं देगा, बल्कि उम्मीद है कि खाड़ी के दूसरे देश इसमें निवेश करेंगे। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने गुरुवार को स्वीकार किया कि अमेरिका और इजरायल के हमलों से ईरान के परमाणु ठिकानों को 'भारी क्षति' हुई है। यह बयान सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और देश के अर्धसैनिक समूह, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के दावों के विपरीत है। अराग्ची ने सरकारी प्रसारक आईआरआईबी न्यूज के साथ साक्षात्कार में कहा कि परमाणु ठिकानों को 'गंभीर नुकसान' पहुंचा है और अब इस नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उनका यह बयान खामेनेई और आईआरजीसी के दावों के विपरीत है, जिन्होंने उन हमलों को मामूली बताया था। उन्होंने कहा कि फिलहाल अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रोसी को ईरान आने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## अमेरिका से वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई समझौता नहीं हुआ: ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने गुरुवार को कहा कि इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरानी क्षेत्र पर हमलों के बाद बढ़े तनाव के बीच अमेरिका के साथ वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई व्यवस्था या प्रतिबद्धता नहीं की गई है। सरकारी प्रसारक 'आईआरआईबी' के साथ एक साक्षात्कार में अराघची ने कहा कि वार्ता फिर से शुरू करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि तेहरान के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जाती है या नहीं। उन्होंने कहा कि हमारे निर्णय पूरी तरह से ईरान के हितों पर आधारित होंगे। यदि हमारे हितों के लिए वार्ता की वापसी की आवश्यकता है, तो हम इस पर विचार करेंगे। लेकिन इस स्तर पर कोई समझौता या वादा नहीं किया गया है और कोई बातचीत नहीं हुई है।



मुंबई। संगीतकार दिवंगत आरडी बर्मन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करती गायिका आशा भोसले।

## अमेरिका के साथ युद्ध विराम वार्ता में खामेनेई को किया गया पूरी तरह दरकिनार

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को इजरायल के साथ युद्ध समाप्त करने संबंधी बातचीत और अमेरिका के साथ युद्धविराम वार्ता में पूरी तरह दरकिनार किए जाने की रिपोर्टें हैं। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, संपूर्ण निर्णय लेने की प्रक्रिया ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अपने हाथों में रखी थीं और उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्ध विराम प्रस्ताव का तुरंत जवाब दिया।

## मार्च से अब तक इजरायल पर 309 मिसाइलें और ड्रोन दागे गए: हूती नेता

**सना।** यमन के हूती नेता अब्दुल-मलिक अल-हूती ने गुरुवार को कहा कि उनके बलों ने मार्च के मध्य से अब तक इजरायल पर 309 बैलिस्टिक, हाइपरसोनिक मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं और जिसे समूह अपने सैन्य अभियान का दूसरा चरण कहता है। इस्लामिक नव वर्ष के अवसर पर हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक टेलीविज़न भाषण में, अल-हूती ने कहा कि इस महीने अकेले 25 मिसाइलें और ड्रोन दागे गए, जिसे उन्होंने गाजा के समर्थन में गुणात्मक सैन्य अभियान बताया। उन्होंने फिर से पुष्टि की कि लाल सागर इजरायल से जुड़े समुद्री यातायात के लिए बंद है। उसने इजरायल पर अमेरिका के समर्थन से गाजा में अपना आक्रमण जारी रखने का आरोप लगाया। अल-हूती ने फलीस्तीनियों के साथ एकजुटता व्यक्त करने तथा ईरान को महान विजय और दृढ़ता के लिए बधाई देने के लिए आज सना तथा हूती नियंत्रण वाले अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रैलियां आयोजित करने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया में किशोर पर हत्या का आरोप

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने ब्रिसबेन में 58 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के आरोप में एक किशोर को आरोपी बनाया है। ऑस्ट्रेलियाई राज्य क्वींसलैंड की पुलिस ने आज बताया कि ब्रिसबेन के अंदरूनी उत्तरी इलाके क्लेफील्ड में एक घर में कल रात करीब 8:15 बजे एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया था। अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पाया कि 58 वर्षीय व्यक्ति मृत अवस्था में है और साथ ही वहां किशोरों का एक बड़ा समूह भी मौजूद है। पुलिस ने इलाके की तलाशी ली और पास में ही एक 15 वर्षीय लड़का मिला, जो उस व्यक्ति को जानता था।

### कोलंबिया भूस्खलन में मृतकों की संख्या बढ़कर 14 हुई

**बोगोटा।** उत्तर-पश्चिमी कोलंबिया में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है तथा अन्य 12 अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भूस्खलन की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए हैं और करीब एक हघर लोग बेघर हो गए हैं। मेयर लोरेना गोंजालेज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राहत और बचाव दल बेलो शहर के प्रभावित एल पिनार इलाके में चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं, ताकि जीवित बचे हुए लोगों की तलाश की जा सके। गोंजालेज ने कहा कि बचाव ऑपरेशन जारी है। हमें उम्मीद है कि मलबे में दबे लोग जीवित मिलेंगे। उन्होंने लोगों से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में घरों को खाली करने का आग्रह किया।

### इलेक्ट्रॉनिक कचरे से सोना निकालने की नई तकनीक विकसित

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने सोने को अयस्क और इलेक्ट्रॉनिक कचरे से निकालने का एक अधिक टिकाऊ तरीका विकसित किया है, जो पर्यावरण को कम नुकसान पहुंचाते हुए सोना निकालने की प्रक्रिया को बदल सकता है। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में फ्लिंडर्स यूनिवर्सिटी की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार 2022 में ई-कचरा 6-20 करोड़ टन पहुंचने के बाद, इस यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक नई तकनीक विकसित की है, जिससे सस्ते और सुरक्षित रसायनों की मदद से सोना निकाला जा सकता है।

### युद्ध विराम के बाद कूटनीतिक रास्ता अपनाने का किया आग्रह

**काहिरा।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने इजरायल और ईरान के बीच हाल ही में हुए युद्ध विराम पर चर्चा करने के लिए फोन पर बात की। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए कूटनीतिक रास्ता अपनाने की जरूरत है। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत की मेज पर लौटने और सैन्य बल का सहारा लेने से परहेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सिसी और स्टारमर ने युद्ध विराम के बाद तनाव में हुई कमी का स्वागत किया।

## लोकतंत्र से भटक रहा अमेरिका: ओबामा

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने पिछले हफ्ते अमेरिकी राज्य कनेक्टिकट के हार्टफोर्ड शहर में एक कार्यक्रम में भाषण दिया।

प्रसिद्ध इतिहासकार हीदर काक्स के साथ चर्चा में ओबामा ने देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई और युवाओं से देश को बचाने की अपील की। ओबामा ने ट्रम्प सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जो लोग आज अमेरिका की सरकार चला रहे हैं, वे लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जरूरी है कि सरकार के बाहर और अंदर दोनों जगह से गलत चीजों का विरोध हो। लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। ओबामा ने कहा कि व्यापारिक सौदों में डराया जा रहा है, जो केवल आर्थिक नहीं बल्कि नैतिक रूप से भी खतरनाक है। उन्होंने अपने कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि चीन की बढ़ती ताकत के बावजूद उन्होंने टैरिफ जैसे उपायों



**पूर्व राष्ट्रपति ने कहा: ट्रम्प सरकार देश को खोखला कर रही ट्रेड वॉर से खतरे में देश की गरिमा**

का बेजा इस्तेमाल नहीं किया था, क्योंकि यह अमेरिका की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने ट्रेड वार को गलत बताते हुए कहा कि इससे देश की गरिमा खतरे में है। ओबा. मा ने अमेरिका की तुलना हंगरी जैसे देशों से की, जहां चुनाव तो होते हैं, लेकिन वहां सच में लोगों की आवाज की कद्र नहीं होती और नेता मनमानी करते हैं।

# चीन-पाक के सपनों पर बांग्लादेश ने फेरा पानी, भारत चिंतामुक्त

**ढाका।** एशिया में मजबूत गठजोड़ को लेकर चीन और पाकिस्तान के मंसूबों पर बांग्लादेश ने पानी फेर दिया है। पिछले दिनों बांग्लादेश, चीन और पाकिस्तान के सचिल स्तर के अधिकारियों ने बीजिंग में एक बैठक की थी। इसके बाद कहा जा रहा था कि भारत के विरोध में ये तीनों देश एक साथ आ गए हैं।

हालांकि, अब बांग्लादेश ने इसे सिरे से खारिज किया है। बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन के मुताबिक हमारे साथ कोई भी गठबंधन नहीं बनने जा रहा है। बांग्लादेश किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं है। हम किसी एक देश के खिलाफ नहीं है। द डेली स्टार के मुताबिक तौहीद ने कहा कि तीनों सचिवों के बीच जो बैठक हुई थी, वो एक आधिकारिक बैठक थी। राजनीतिक

### तीनों सचिवों के बीच जो बैठक हुई थी, वो एक अधिकारिक बैठक थी: तौहिद

बैठक नहीं थी। इसलिए गठबंधन की बात तो कहीं से भी ठीक नहीं है। बांग्लादेश किसी एक देश के खिलाफ काम नहीं करता है। तौहिद ने कहा कि बैठक में उर्जा, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर बात हुई। इस तरह की बात से कोई मोर्चा नहीं बनता है। यह सब मीडिया की सिर्फ खबरें हैं। तौहिद ने कहा कि अगर भारत बांग्लादेश और नेपाल के साथ अगर मिलकर कोई बैठक करना चाहता है तो हम स्वागत करेंगे। हम इसके लिए ढाका की धरती भी मुहैया कराएंगे। हमारी कोशिश है कि पड़ोस से रिश्ते बेहत. रीन रहे। तौहिद के मुताबिक बांग्लादेश का विजन बड़ा है और हम सिर्फ काम पर फोकस कर रहे हैं। हम अपने विदेश नीति को ठीक ढंग से संचालित करने की कोशिश कर रहे हैं। विदेश सलाहकार ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हम रिश्ते सुधारने की कवायद में जुटे हैं। रिश्तों में गर्माहट नहीं है तो यह ठंडा भी नहीं पड़ा है। हमारे पास सद्भाव की कमी नहीं है। हमारे लोग लगातार लगे हुए हैं। तौहिद के मुताबिक जल्द ही सबकुछ पटरी पर आ जाएंगे। अगस्त 2024 में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से ही बांग्लादेश और भारत के रिश्तों में तल्खी आ गई। बांग्लादेश की यूनुस सरकार शेख हसीना को लेकर भारत के खिलाफ अग्रेसिव है। वहीं भारत भी बांग्लादेश को तवज्जो देने के मूड में नहीं है।

# 24 घंटे में चीन से पाक को दूसरा बड़ा झटका

## जेट-35 की फेल डील के बाद अब नहीं मिलेगी हाइपरसोनिक मिसाइल

**बीजिंग।** पाकिस्तान की अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने की उम्मीदों को चीन ने बड़ा झटका दिया है। चीन ने न केवल पाकिस्तान को हाइपरसोनिक मिसाइल देने से मना किया है, बल्कि इसकी टेक्नोलॉजी को ट्रांसफर करने से भी साफ इन्कार कर दिया है।

सूत्रों की माने तो बीजिंग ने इस्लामाबाद को साफ शब्दों में बता दिया है कि उसकी हाइपरसोनिक मिसाइलें एक्सपोर्ट के लिए नहीं हैं और इनका कोई एक्सपोर्ट वर्जन भी विकसित नहीं किया गया है। पाकिस्तान लंबे समय से चाहता था कि चीन उसे हाइपरसोनिक मिसाइल दे, ताकि वह भारत की बढ़ती मिसाइल ताकत का मुकाबला कर सके। भारत ने हाल के वर्षों में हाइपरसोनिक मिसाइल सिस्टम, बैलिस्टिक मिसाइल, सुपरसो. निक क्रूज मिसाइल और हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डेमॉन्स्ट्रेटर व्हीकल जैसे एडवांस हथियार विकसित किए हैं।

**टेक्नोलॉजी को ट्रांसफर करने से भी साफ इन्कार किया**

खासकर ऑपरेशन सिंदूर में भारत की ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत देखकर पाकिस्तान बेचैन है। वह ऐसी मिसाइलें चाहता है, जो ध्वनि की गति से पांच गुना तेज हों और जिन्हें रोकना लगभग असंभव हो। चीन ने हालांकि साफ कर दिया है कि वह अपनी स्पेशल हाइपरसो. निक तकनीक को सीक्रेट रखना चाहता है। उसे डर है कि अगर यह तकनीक पाकिस्तान को दी गई, तो पश्चिमी देशों या उनकी खुफिया एजेंसियों को इस पर रिसर्च करने का मौका मिल सकता है। इससे चीन की सैन्य रणनीति से जुड़े रहस्य उजागर हो सकते हैं। विशेषज्ञों की माने तो चीन अपनी डीएफ-17 जैसी मिसाइलों को अमेरिका और उसके सहयोगियों के खिलाफ महत्वपूर्ण हथियार के तौर पर देखता है। इसलिए वह इस तकनीक को किसी के साथ शेयर करने से बच रहा है। चीन और पाकिस्तान के बीच मजबूत रक्षा संबंधों के बावजूद यह इनकार दोनों देशों की दोस्ती की सीमाओं को दर्शाता है। दोनों देश सीपेक, लड़ाकू विमान, नौसैनिक जहाज और अन्य मिसाइल सिस्टम पर मिलकर काम कर रहे हैं, लेकिन हाइप. रसोनिक मिसाइल के मुद्दे पर चीन का रुख सख्त रहा है। यह चीन-पाक के मजबूत रक्षा संबंधों में एक बड़े मतभेद के रूप में देखा जा रहा है। जहां एक ओर दोनों देश सीपीईसी, लड़ाकू विमान, नौसैनिक जहाज और मिसाइल सिस्टम पर मिलकर काम कर रहे हैं, वहीं इस इंकार ने उनकी हर मौसम की दोस्ती की सीमाएं भी उजागर कर दी हैं। यह फैसला पाक के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वह भारत की डिफेंस प्रोग्रेस से दबाव में है और इस तकनीक को हासिल करने की उम्मीदें धराशाई हो गई हैं।

# कतर के लिए गुलाब की खुशबू वाली लीची की पहली खेप रवाना

**नई दिल्ली।** भारत ने बाग. वानी निर्यात को बढ़ावा देते हुए पंजाब के पठानकोट से कतर की राजधानी दोहा तथा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सबसे बड़े शहर दुबई के लिए डेढ़ मीट्रिक टन गुलाब की खुशबू वाली लीची की पहली खेप रवाना की है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि दोहा के लिए एक टन लीची की पहली खेप रवाना की गई है।

पठानकोट से दुबई को 0.5 मीट्रिक टन लीची की एक अलग खेप भेजी गई है जो निर्यात में दोहरी उपलब्धि और वैश्विक ताजे फल बाजार में भारत की बढ़ती उपस्थिति दर्शाता है। इस पहल को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत

**पठानकोट से दुबई को 0.5 मीट्रिक टन लीची की एक अलग खेप भेजी गई**

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (अपेडा) ने पंजाब सरकार के बागवानी विभाग ने लुल्लू समूह और सुजानपुर के प्रगतिशील किसान प्रभात सिंह के सहयोग से सुगम बनाया। उन्होंने गत 23 जून को उच्च गुणवत्ता वाली उपज की आपूर्ति की। यह महत्वपूर्ण पहल भारत की बाग. वानी उपज की उत्कृष्टता को रेखांकित करती है और देश की बढ़ती कृषि-निर्यात क्षमताओं को भी उजागर करती है। यह कृषक समुदायों को उनके ताजे और उच्च मूल्य वाले उत्पादों के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच प्रदान करके अपार अवसर प्रदान करता है। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पंजाब का लीची उत्पादन 71490 मीट्रिक टन रहा जो भारत के कुल लीची उत्पादन में 12.39 प्रतिशत का योगदान देता है। इसी अवधि के दौरान भारत ने 639.53 मीट्रिक टन लीची का निर्यात किया। खेती का रकबा 4327 हेक्टेयर था जिसकी औसत उपज 16523 किलोग्राम/हेक्टेयर थी। रवाना की गई खेप में प्रीमियम पठानकोट लीची का एक रीफर पैलेट (रेफ्जिरेटेड कंटेनर) शामिल है जो इस क्षेत्र के उत्पादकों के लिए एक बड़ा कदम है।

## पाक में भारी वर्षा के कारण सात की मौत

**इस्लामाबाद।** पाक के पूर्वी पंजाब प्रांत में भारी बारिश के कारण पिछले 24 घंटों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कल देर रात यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने बताया कि झेलम नदी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। ओकारा और बहावलनगर में वर्षा जनित घटनाओं में एक-एक बच्चे की मृत्यु की खबर है। मुजफ्फरगढ़ में दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और खानेवाल में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की जान चली गई। इस बीच मुल्तान, फैसलाबाद, साहीवाल, शोरकोट और मंडी बहा. उद्दीन से बारिश से जुड़ी अन्य दुर्घटनाएं सामने आईं जो ज्यादातर छत और दीवार गिरने या बिजली के झटके के कारण हुईं।

# भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस की विरासत को समर्पित कोरिया युद्ध की 75वीं वर्षगांठ

**नई दिल्ली।** कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया ने कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यहां कोरिया-भारत मैत्री पर बनी एक फिल्म की स्क्रीनिंग कर इस युद्ध में भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस की ओर से की गई नि:स्वार्थ सेवा को याद किया। कोरियाई युद्ध में भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस ने संयुक्त राष्ट्र बलों के साथ सेवा दी थी। इस आयोजन ने कोरिया और भारत के बीच गहरी मित्रता और एकजुटता को फिर से पुष्टि की है।

फिल्म 'ताएगुकगी: द ब्रदरहुड ऑफ वॉर' एक बंटे हुए देश की पीड़ा और युद्ध के समय भाईचारे के रिश्ते को दर्शाती है। यह फिल्म कोरिया और भारत के साझा मूल्यों और बलिदानों की गहरी याद दिलाती है। इसमें वॉन बिन मुख्य भूमिका में हैं, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बोंग जून-हो द्वारा

### इस आयोजन ने कोरिया व भारत के बीच गहरी मित्रता की पुष्टि की है

निर्देशित फिल्म 'मदर' के लिए जाना जाता है। उनके साथ जांग डोंग-गुन हैं, जो 'फ्रेंड' और 'अ जेंटलमैन्स डिग्निटी' जैसी हिट फिल्मों के लिए लोकप्रिय हैं। इन दोनों कलाकारों के भारत में भी बड़ी संख्या में प्रशंसक हैं। कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया के निदेशक वांग इल यॉन्ग ने कहा कि फिल्म सिर्फ एक माध्यम नहीं है, बल्कि यह भावनाओं, यादों और समझ को साझा करने का एक मजबूत पुल है। कोरियाई युद्ध के दौरान भारत द्वारा 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस को भेजना सच्ची दोस्ती और महान बलिदान का प्रतीक है। हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम दर्शकों को कोरिया और भारत के मजबूत रिश्तों पर सोचने और सिनेमा के माध्यम से एक गहरे जुड़ाव और सहानुभूति का अनुभव करने का मौका देगा। उल्लेखनीय है कि 1950 में भारत ने 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस की टुकड़ी को कोरिया भेजा, जिसमें 341 चिकित्सा कर्मी शामिल थे। यह इकाई युद्ध के मोर्चे पर तैनात रही और घायल सैनिकों को बचाने और उनका उपचार करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। पूरे 25 महीनों तक कोरिया में सेवाएं देते हुए, उन्होंने मानवता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की भावना का आदर्श उदाहरण पेश किया। फिल्म स्क्रीनिंग के साथ-साथ, दर्शकों को कोरियाई कैलीग्राफी (लिखावट) कार्यशाला में भाग लिया, जहां कोरिया की प्राकृतिक सुंदरता को बहुत ही जीवंत तरीके से अनुभव किया। यह कार्यक्रम केवल देखने तक सीमित नहीं था, बल्कि लोगों को कोरिया के इतिहास और संस्कृति से गहराई से जुड़ने का मौका भी मिला।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम

92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट